सूर्योदय 5:58 सूर्यास्त 6:45

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.2 न्यू | 22.1 अधि |
| धर्मशाला | 15.9 न्यू | 26.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| संसेक्स | 75038.15 |
| निफ्टी | 22753 .80 |

सोना 72,220 चांदी 85,022

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024 | 30 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 114, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- लोकसभा चुनावों का बहिष्कार न करें मैं आपके साथ हूं: राजीव
- ट्रेन की चपेट में आने से अप्पर परागपुर के युवक की मौत

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- सूही मेले के आगाज पर निकाली शोभायात्रा
- तुंदाह पंचायत ने लोकसभा चुनाव बहिष्कार का किया ऐलान

पृष्ठ 7 पर पढ़ें



- सब्जियां हुईं महंगी; भिंडी 160 और शिमला मिर्च 150 रुपए किलो
- सत्ता पाने के लिए छटपटा रही है भाजपा: संदीप सांख्यान

पृष्ठ 13 पर पढ़ें



- चिंतपूर्णी की बेटी महक चंदेल मिस इंग्लैंड के फाइनल में
- दिल्ली कैपिटल्स की निगाहें वापसी पर

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## चतुर्थ मां कूष्माण्डा



**चौथे** चैत्र नवरात्र पर मां कूष्माण्डा की पूजा की जाती है। देवी कूष्माण्डा आदिशक्ति का वह स्वरूप है, जिनकी मंद मुस्कान से इस सृष्टि ने सांस लेना आरंभ किया यानी इस सृष्टि का आरंभ किया। देवी कूष्माण्डा का निवास स्थान सूर्यमंडल के बीच में माना जाता है। जो मां कूष्माण्डा का ध्यान करते हुए पूजन करते हैं, उनके लिए इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता है। माता अपने भक्त की हर चाहत को पूरी करती हैं और भोग एवं मोक्ष प्रदान करती हैं।

*या देवी सर्वभूतेषु मां कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै-नमस्तस्यै-नमस्तस्यै नमो नमः ॥*

## आज का मैच

लखनुऊ सुपर जायंट्स vs दिल्ली कैपिटल्स

स्थान: लखनऊ, समय : रात 7:30 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### एसबीआई का चुनावी बांड की डिटेल देने से इनकार

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत चुनाव आयोग को दिए गए चुनावी बांड की डिटेल देने से इनकार करते हुए दावा किया है कि यह व्यक्तिगत जानकारी है, जिसे किसी जिम्मेदार हैसियत से रखा गया है। एसबीआई ने कहा कि इसके बावजूद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन मौजूद हैं। चुनावी बांड योजना को 'असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमाना' बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को एसबीआई को निर्देश दिया कि वह 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए बांड का पूरा विवरण चुनाव आयोग को प्रस्तुत करे। आयोग से कहा गया था कि वह 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर सूचना प्रकाशित करे।

### केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 15 को



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया है। सुप्रीम कोर्ट केजरीवाल की याचिका पर 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा। केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने नौ अप्रैल को अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी थी।

### सीबीआई ने के. कविता को ईडी की हिरासत से किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीबीआई ने वीरवार को बीआरएस नेता के. कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से गिरफ्तार किया है। वह फिलहाल तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। शनिवार को सीबीआई ने उनसे जेल के अंदर पूछताछ की थी। इसके बाद सीबीआई ने यह एक्शन लिया है।

# तीसरे नवरात्र पर हजारों ने किए मां चंद्रघंटा के दर्शन










# जेल जाएंगे भ्रष्टाचारी : मोदी

## पीएम ने राजस्थान के करौली में साधा विपक्ष पर निशाना, बोले- यह चुनाव विकसित भारत का संकल्प

**एजेंसी, करौली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने वीरवार को राजस्थान के करौली में रैली को संबोधित करे हुए विपक्षी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा कि पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। विपक्षी गठबंधन के लोग मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। एक तरफ मोदी भ्रष्टाचार हटाओ का आह्वान करता है और दूसरी तरफ विपक्षी नेता भ्रष्टाचारियों को बचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी को कितनी भी धमकियां दी जाएं, लेकिन भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही होगा। यह मोदी की गारंटी है। पिछले 10 साल में भाजपा ने उन समस्याओं के समाधान निकाले, जिन समस्याओं के आगे कांग्रेस ने हाथ खड़े कर दिए थे।

कांग्रेस दशकों तक 'गरीबी हटाओ' का नारा देती रही, लेकिन मोदी ने 25 करोड़ गरीबों को गरीबी से बाहर निकालने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया था, लेकिन भाजपा लगातार किसानों को समृद्ध बनाने के लिए काम कर रही। आज देश के 10 करोड़ किसानों को पीएम-किसान सम्मान निधि मिल रही है। यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने का चुनाव है।



### जल जीवन मिशन में कांग्रेस ने घोटाला किया

**पीएम** ने कहा कि राजस्थान में पानी के संकट को बड़ा बनाने वाली कांग्रेस ही है। केंद्र सरकार ने हर घर जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की शुरुआत की, लेकिन कांग्रेस ने उसमें भी घपला किया। जिस ईआरसीपी को कांग्रेस की सरकार ने बरसों से लटकाया था, उसे भजन लाल सरकार ने डेढ़ महीने में ही करवा दिया। इसका बड़ा लाभ करौली-धौलपुर की जनता को भी मिलेगा। राजस्थान कैसे पानी की मुसीबतों से गुजर रहा है, मैं समझता हूं। इसलिए समस्या के समाधान खोजने के लिए रास्ते खोजते रहते हैं।

### कांग्रेस ने दलितों और महिलाओं को न अवसर दिया, न सम्मान

**कांग्रेस** ने दलितों, आदिवासियों और महिलाओं को न कभी अवसर दिया और न सम्मान दिया। भाजपा ने 50 करोड़ से ज्यादा गरीबों के जनधन के खाते खुलवाए। 11 करोड़ परिवारों के लिए शौचालय बनवाए। यही नहीं, भाजपा सरकार ने चार करोड़ लोगों को पक्के घर भी दिए।

### कांग्रेस का इतिहास ही नहीं, इरादे भी खतरनाक

पीएम ने कहा कि कांग्रेस का न सिर्फ इतिहास खतरनाक है, बल्कि कांग्रेस के इरादे भी खतरनाक हैं। परिवारवाद और भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी कांग्रेस जनता की मजबूरियों में मुनाफा खोजती है। यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने का चुनाव है। गत 10 साल में बीजेपी ने उन समस्याओं के समाधान निकाले जिन समस्याओं के समक्ष कांग्रेस ने हाथ खड़े कर दिए थे। कांग्रेस दशकों तक गरीबी हटाओ का नारा देती रही, लेकिन मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकालने का काम किया। कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को दे दिया था, लेकिन विरोधी कुकृत्य को कांग्रेस बेशर्मी से जायज ठहरा रही है।

### लूट बंद करने पर कांग्रेस का गुस्सा सातवें आसमान पर

**देहरादून।** पीएम मोदी ने ऋषिकेश में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो गरीब और नौजवान का पैसा बिचौलिए खा जाते थे। भाजपा सरकार लोगों के हक का पैसा सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर कर रही है। कांग्रेस की सरकार होती तो यह सब कुछ लुट जाता। यह लूट मोदी ने बंद की है और इसीलिए मोदी पर उनका गुस्सा सातवें आसमान पर है। वे कुछ भी बोलते जा रहे हैं और जब मोदी कहता है कि भ्रष्टाचार हटाओ तो वे कह रहे हैं भ्रष्टाचारी बचाओ।

### जब नीयत सही होती है तो उन्नति के साथ परिणाम भी सही

**भाजपा** सरकार उत्तराखंड के पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार के नए अवसर तैयार कर रही है। सरकार का फोकस इस पर है कि देश के किसी भी हिस्से से पर्यटकों के लिए उत्तराखंड के कोने-कोने तक पहुंचना आसान होना चाहिए, इसलिए हम देवभूमि में रोडवेज, रेलवेज, एयरवेज की लगातार सुविधा बढ़ाते जा रहे हैं। यहां ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाइन पर तेजी से काम चल रहा है। दिल्ली से देहरादून की दूरी भी सिमट रही है। भाजपा की नीयत सही है और जब नीयत सही होती है तो उन्नति के साथ परिणाम भी सही मिलते हैं।

# सरकार बनने पर देंगे 30 लाख सरकारी नौकरियां : राहुल गांधी

**एजेंसी, बीकानेर**



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बीकानेर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में कांग्रेस सरकार बनते ही हम 30 लाख सरकारी नौकरियां लोगों को देंगे। सरकार और पीएसयू में ठेकेदारी प्रथा बंद होगी। सरकारी संस्थाओं में काम करने वालों को परमानेंट नौकरी दी जाएगी।

- बोले- न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून करेंगे लागू

हमारी सरकार सत्ता में आई तो किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून लागू किया जाएगा। नरेंद्र मोदी उद्योगपतियों का कर्जा माफ कर सकते हैं तो कांग्रेस किसानों का कर्जा माफ करके दिखाएगी। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की दो सौ सबसे बड़ी कंपनियों के मालिक और सीनियर मैनेजमेंट में पिछड़े वर्ग के लोग नहीं हैं। मोदी ने इन कंपनियों के 16 लाख करोड़ रुपए माफ किए हैं। हिंदुस्तान के 25-30 अमीर लोगों का इतना पैसा माफ कर दिया, जितना 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को मिलता।

### मोदी ने करोड़ों रुपए अरबपतियों को दिए

**पीएम** मोदी ने अरबपतियों को करोड़ों रुपए दिए हैं। चुनाव जीतने के बाद हम गरीब, पिछड़ों, आदिवासियों, दलितों को भी करोड़ों रुपए देंगे। लोग कहते हैं कि इससे आदत बिगड़ेगी, लेकिन कोई यह बताए कि जब मोदी अमीरों के पैसे माफ करते हैं तो उनकी आदत नहीं बिगड़ती क्या? मेरे दिमाग में 16 लाख करोड़ का नंबर है, मैं उसे देखकर चल रहा हूं।

### देश में बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ी समस्या

**देश** में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी और महंगाई है, लेकिन मीडिया को जनता की समस्या नहीं दिखती, क्योंकि उनके मालिक नहीं चाहते हैं। वे अंबानी की शादी दिखाएंगे, लोग हजारों की संख्या में विदेशों से घूमने आ रहे हैं, यह दिखाएंगे। मोदी को समुद्र में छलांग लगाते दिखाएंगे, लेकिन आम लोगों की समस्या नहीं दिखती है।

# हरियाणा में स्कूल बस पलटी, 8 बच्चों की मौत

## कई बच्चों की हालत गंभीर, छुट्टी के दिन खोला स्कूल, ड्राइवर ने पी थी शराब

**एजेंसी, महेंद्रगढ़**

**हरियाणा** में वीरवार सुबह एक प्राइवेट स्कूल की बस पलटने से आठ बच्चों की मौत हो गई, जबकि कई बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

हादसा कनीना-दादरी सड़क मार्ग पर ओवरटेक करते समय हुआ। बस में 40 बच्चे सवार थे। ईद की छुट्टी होने के बावजूद स्कूल खोला गया था। हादसा ड्राइवर के नशे में तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के चलते हुआ है। वहीं, महेंद्रगढ़ के सहायक सचिव प्रदीप कुमार को निलंबित कर दिया है।



### स्कूल संचालक और प्रिंसिपल गिरफ्तार

**पुलिस** ने स्कूल संचालक व प्रिंसिपल दीप्ति राव को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि ड्राइवर के नशे में होने पर ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी थी। प्रिंसिपल ने कहा कि आज बस ले जाने दीजिए, कल हटा देंगे। वहीं, परिवहन मंत्री ने प्रदेश के सभी स्कूलों के वाहनों की फिटनेस जांच के निर्देश जारी किए हैं।

### राष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुए स्कूल बस हादसे पर दुख जताया है। राष्ट्रपति ने 'एक्स' पर लिखा कि स्कूल बस दुर्घटना में मासूम बच्चों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। वहीं, प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने बच्चों को खोया है। मैं सभी घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# पुलवामा में मुठभेड़, आतंकी ढेर हथियार व गोला-बारूद बरामद



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में वीरवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया।

सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के राजपुरा इलाके के फ्रेसीपुरा गांव में गुप्त सूचना पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक आतंकी को ढेर कर दिया। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। मारा गया आतंकी दानिश ऐजाज शेख (34) श्रीनगर के अहमदनगर का रहने वाला था। 27 मार्च को उसके लापता होने की सूचना मिली थी। वहीं, एक आतंकी को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है और दोनों तरफ से फायरिंग जारी है।

# शराब कारोबारी ने लगाया 35 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**बिलासपुर** जिले में एक शराब कारोबारी ने अपने पार्टनर और ऑपरेशनल मैनेजर पर 35 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। वहीं, पार्टनर और ऑपरेशनल मैनेजर ने पूरे पैसे देने की बात कही है।

- दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच जारी

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इस साल लुधियाना निवासी कृष्णा गर्ग और बलदेव शर्मा ने बिलासपुर में 32 शराब ठेके लिए, जो पहले ठेकेदार अश्विनी के पास थे। नए वित्त वर्ष के तहत शराब ठेके शुरू होने से पहले बलदेव और कृष्णा के बीच एमओयू साइन हुआ। इसमें बलदेव शर्मा को ऑपरेशनल मैनेजर व बाद में लाभ पार्टनर के रूप में शामिल होने की बात कही गई। शिकायत में कृष्णा गर्ग ने बताया कि एक अप्रैल से लेकर पांच अप्रैल तक शराब ठेके से हुए लेनदेन में करीब 35 लाख की राशि गायब थी। बलदेव शर्मा ने धोखाधड़ी की है। वहीं, बलदेव शर्मा ने शिकायत में कहा कि उन्होंने पुराने शराब के ठेकेदार की 32 ठेकों से शराब खरीदने की एवज में उसे अपने खाते से लगभग 32 लाख की अदायगी पूरी की है। अश्विनी शर्मा के 32 शराब ठेके से पुराने स्टॉक से उठाई गई शराब की राशि का भुगतान किया था। एएसपी शिव चौधरी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

**झटका** दूरसंचार कंपनियां रिचार्ज शुल्क में करने जा रही हैं 15 से 17 प्रतिशत शुल्क तक की बढ़ोतरी

# आम चुनाव के बाद महंगा होगा मोबाइल रिचार्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** चुनाव का चार जून को रिजल्ट घोषित होने के बाद आपको महंगा मोबाइल रिचार्ज करवाना होगा। दरअसल, आम चुनाव के बाद दूरसंचार कंपनियां रिचार्ज शुल्क में 15 से 17 प्रतिशत शुल्क की बढ़ोतरी कर सकती हैं। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

देश में 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में आम चुनाव होंगे। चार जून को मतगणना की जाएगी। एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में शुल्क वृद्धि की जानी है और भारती एयरटेल को इसका सबसे ज्यादा फायदा हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमें उम्मीद है कि चुनाव के बाद उद्योग 15-17 प्रतिशत शुल्क बढ़ोतरी करेगा।



- एआरपीयू 208 से 286 रुपए पहुंचने की संभावना
- 2021 में शुल्क में की थी 20 प्रतिशत की वृद्धि
- एयरटेल को होगा सबसे ज्यादा फायदा

### टेलिकॉम कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी

**वोडाफोन** आइडिया की बाजार हिस्सेदारी सितंबर, 2018 के 37.2 प्रतिशत से घटकर दिसंबर, 2023 में करीब आधी यानी 19.3 प्रतिशत रह गई है। भारती एयरटेल की बाजार हिस्सेदारी इस दौरान 29.4 प्रतिशत से बढ़कर 33 प्रतिशत हो गई है। जियो की बाजार हिस्सेदारी इस दौरान 21.6 प्रतिशत से बढ़कर 39.7 प्रतिशत हो गई है।

### 2021 के बाद नहीं हुई बढ़ोतरी

**आखिरी** बार दिसंबर, 2021 में शुल्क में करीब 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। भारत की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी के लिए प्रति ग्राहक औसत कमाई (एआरपीयू) का खाका पेश करते हुए 'ब्रोकरेज नोट' में कहा गया कि भारती एयरटेल का मौजूदा एआरपीयू 208 रुपए वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक 286 रुपए तक पहुंचने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमें उम्मीद है कि भारती एयरटेल का ग्राहक आधार प्रति वर्ष करीब दो प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि उद्योग में प्रति वर्ष एक प्रतिशत की वृद्धि होगी।

# सांस की तकलीफ और जोड़ों के दर्द को छूमंतर करेंगी चीड़ की पत्तियां

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

**सिरमौर** जिले के निचले व मध्यवर्ती क्षेत्रों में चीड़ के जंगलों की भरमार है। चीड़ की पत्तियों से औषधि बनाई गई है। इस औषधि से सांस की तकलीफ और जोड़ों का दर्द छूमंतर हो जाएगा। चीड़ की पत्तियों का उत्पाद बनाने के लिए डेढ़ साल का समय लगा है। पेटेंट हो चुका है और अब इसे बाजार में उतारने की तैयारी है।

- डिलमन डेलीकेसीज कंपनी ने तैयार किया उत्पाद

डिलमन डेलीकेसीज कंपनी के संस्थापक मेजर अतुल मेहता और महाप्रबंधक फरजाना बानो ने बताया कि कंपनी का नौणी विश्वविद्यालय के साथ करार हुआ है। इसे पच्छाद के डिलमन गांव में उत्पाद तैयार किया जा रहा है। यह उत्पाद शरीर के भीतर के सारे प्रदूषण को बाहर निकालने में काफी मददगार है। इसकी रिसर्च को डेढ़ साल का वक्त लगा। जल्द ही इसे बाजार में उतारा जाएगा। फिलहाल इसकी कीमत अभी निर्धारित नहीं की है। इस फॉर्मूले को हरी पत्तियों से तैयार किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### चीड़ की हवा टीबी के मरीजों के लिए गुणकारी



अनंत ज्ञान स्पैशल

**पच्छाद** के डिलमन स्थित डिलमन डेलीकेसीज कंपनी ने शोध शुरू किया तो पता चला कि चीड़ की पत्तियों में विटामिन सी, विटामिन ए के अलावा एंटी कैंसर के गुण भी विद्यमान हैं। एंटी ऑक्सीडेंट के भी भरपूर गुण हैं, जो पूरे शरीर को डिटॉक्स करने में मददगार हैं। कंपनी प्रबंधन ने चीड़ की पत्तियों के उपचार के बाद इसका नाम पॉल्यूशन न्यूट्रलाइजर सिप दिया है। इसका सेवन केवल चाय, कॉफी, साधारण या गर्म पानी अथवा किसी अन्य पेय पदार्थ के साथ किया जा सकता है। चीड़ की हवा टीबी के मरीजों के लिए बेहद गुणकारी है। प्रदूषण से बनी सांस की तकलीफ को दूर करने में तो रामबाण है ही, जोड़ों में दर्द को भगाने के अलावा आंखों और बालों के लिए भी काफी फायदेमंद है।

# सास ने बहू पर जड़ा बेटे की हत्या का आरोप

**अनिल छांगू, जवाली**

▶ **हारचक्कियां पहुंची पुलिस मामले की जांच की**

पुलिस थाना शाहपुर के तहत बेटे की मौत पर मां ने बहू पर हत्या करने का शक जाहिर करते हुए पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया है। जिसको लेकर वीरवार को थाना प्रभारी सुरजीत राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हारचक्कियां व ठेहड़ में पहुंच कर सभी पहलुओं की जांच की। गौरतलब हो कि पिछले वर्ष अक्तूबर महीने में मुकेश कुमार पुत्र स्वर्गीय करम चंद निवासी उपरली ठेहड़, हारचक्कियां का हारचक्कियां के समीप शव मिला था। जिसकी अत्यधिक शराब पीने के कारण मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई थी, लेकिन मृतक मुकेश की माता विमला देवी ने शक जाहिर किया था कि बेटे की मृत्यु शराब पीने से नहीं बल्कि पत्नी द्वारा उसकी हत्या की गई है। मां विमला देवी ने पुलिस में शिकायत में बताया कि मुकेश मेरा इकलौता बेटा था। जिसकी शादी 15-16 साल पहले अंजना देवी से हुई थी। वहीं थाना प्रभारी सुरजीत राणा ने बताया कि आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वीरवार को हारचक्कियां में पहुंच कर सभी पहलुओं की गहनता ने जांच की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# मारपीट और गाली गलौज के दो मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस थाना पंचरुखी और ज्वालामुखी के तहत मारपीट और गाली-गलौज के दो मामले दर्ज हुए हैं। पुलिस थाना पंचरुखी अजय कुमार निवासी सलियाना का राज कुमार निवासी सलियाना ने रास्ता रोककर गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी दी । दूसरे मामले में पुलिस थाना ज्वालामुखी के तहत मलका देवी निवासी गागडुही के साथ विमला देवी व तिलक राज निवासी गागडुही का रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व गाली गलौज हुआ। पुलिस ने उक्त मामलों को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# देवियों के दर भक्तों का महामेला

## चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, दर्शन कर मांगी मन्नतें

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में भारी संख्या में दूरदराज से आए श्रद्धालु मां के दर नतमस्तक हुए। वीरवार को मंदिर में उत्तर प्रदेश से आए अधिकतर श्रद्धालुओं द्वारा अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी करवाए गए। गौरतलब है कि उक्त श्रद्धालुओं द्वारा यहां पर बच्चों के मुंडन करवाना इसलिए शुभ माना जाता है क्योंकि श्री बज्रेश्वरी देवी कांगड़ा को वे अपनी कुल देवी मानते है।

मंदिर अधिकारी मोहित रतन ने जानकारी देते हुए बताया कि तीसरे नवरात्र में करीब चार हजार श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। उन्होंने कहा की मंदिर प्रशासन ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर को साफ सुथरा रखने के लिए कर्मचारियों को दिन रात लगाया गया है। उन्होंने बताया कि दूसरे नवरात्र में श्री बज्रेश्वरी देवी में श्रद्धालुओं द्वारा मां के चरणों में कुल दो लाख 88 हजार 673 रुपए अर्पित किए गए। (अनंत ज्ञान)



श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु।



एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में शीश नवाया।

# बागियों को टिकट से मायूसी: सुदर्शन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी कहने वाला संगठन आज लोकसभा, विधानसभा के उपचुनावों में कांग्रेस से उधार में उम्मीदवार लेकर चुनाव जितने का विफल प्रयास कर रहा है। देश में बीजेपी दयनीय राजनीतिक दौर से गुजर रही है। यह बात वीरवार को जसूर में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपने आप को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी कहने वाला संगठन आज लोकसभा,विधानसभा के उपचुनाबों में कांग्रेस से उधार में उम्मीदवार लेकर चुनाव जितने का विफल प्रयास कर रहा है और जो बीजेपी के वर्षों से पार्टी में निष्ठावान कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पार्टी को सहेजते रहे उनको बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने दरकिनार कर बागी नेताओं को चुनावों में टिकट देकर यह साबित कर दिया कि संगठन का शीर्ष नेतृत्व बीजेपी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं पर किसी भी हद तक विश्वाश नहीं करता है। पार्टी के इस निर्णय से बीजेपी संगठन में नेताओ की गिनती तो बढ़ गई है, लेकिन कार्यकर्ताओं की गिनती कम होती जा रही है। प्रदेश के नेताओं ने इस निर्णय का कड़ा विरोध जताया है जिनमे मुख्यता हिमाचल प्रदेश में बीजेपी के संस्थापक पूर्व में दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शांता कुमार ने व्यथित होकर अपने वक्तव्य में पार्टी के निर्णय से कुंठित होकर यह निष्ठावान कार्यकर्ताओं का निरादर बताया। वरिष्ठ मंत्री रहे रमेश धवाला, पूर्व मंत्री राकेश पठानिया व अन्य कई नेताओं ने इस निर्णय को पार्टी के अहित में बताया। बीजेपी कार्यकर्ताओं में यह ऐसा असंतोष का वातावरण पूरे हिमाचल प्रदेश में एक चिंगारी बन कर सुलग रहा है। जिसके दूरगामी परिणाम हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों व छह विधानसभा के उपचुनावों में देखने को मिलेगा व कांग्रेस के हित में रुझान दिन प्रतिदिन और मजबूत होता जा रहा है।

# श्री चामुंडा नदिकेश्वर धाम में नतमस्तक हुए सात हजार भक्त



**बॉबी गोस्वामी, चामुंडा**

श्री चामुंडा नदिकेश्वर धाम में तीसरे नवरात्र के दिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से दुकानदारों के चेहरे खिले। मंदिर अधिकारी गिरिराज ठाकुर ने बताया कि वीरवार को यज्ञशाला में आचार्य बालकराम की अगुआई में 31 विद्वान पंडितों में 15 सहायक पदों द्वारा मुख्य यजमान सुभाष व सहायक यजमान अविनाश ने मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की।

श्रद्धालुओं को 15 फुट दूर से ही दर्शन करने पड़ रहे है। वीरवार को लगभग 7000 हजार श्रद्धालु मां चामुंडा के दरबार में नतमस्तक हुए। वीरवार को लंगर भवन में धर्मशाला मंडल के पोस्ट ऑफिस अधीक्षक रविंद्र शर्मा ने लंगर की व्यवस्था की। (अनंत ज्ञान)

# ज्वालाजी में मां चंद्रघंटा की पूजा

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

शक्तिपीठ ज्वालाजी में चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन वीरवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शनों को पहुंचे। मंदिर अधिकारी व तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा ने बताया कि चैत्र नवरात्र सुख शांति से चले हुए हैं। दूसरे नवरात्र पर भक्तों द्वारा 6 लाख 22 हजार 866 रुपए माता के दरबार में चढ़ाए गए। उन्होंने बताया यात्रियों की सुविधाओं का खास ध्यान रखा जा रहा है। तीसरे दिन अधिक भीड़ के चलते थाना प्रभारी विजय शर्मा स्वयं भीड़ पर नियंत्रण करते हुए दिखे। मंदिर में प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निशुल्क मेडिकल कैंप की भी व्यवस्था की गई है। इसके साथ तीन समय लंगर व्यवस्था व परिसर व आसपास सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुजारी व न्यास सदस्य अविनेंद्र शर्मा ने बताया कि तीसरे नवरात्र पर मां चंद्रघंटा की पूजा की गई। देवी पुराण के अनुसार देवी दुर्गा के तृतीय स्वरूप को चंद्रघंटा कहा जाता है। चंद्रघंटा नाम का अर्थ है जिसके माथे पर चंद्रमा है। यहां पहुंचने वाले विभिन्न राज्यों दिल्ली, पटियाला, हरियाणा, राजस्थान, यूपी के श्रद्धालुओं पवन सैनी, मनोज, यशपाल, राजेश कटोच, मुकेश आदि ने बताया कि माता ज्वाला के दर्शन शांतिपूर्ण व लाइनों में हो रहे हैं। प्रशासन के सभी इंतजाम बेहतर हैं। (अनंत ज्ञान)



वीरवार को तीसरे नवरात्र पर मां ज्वाला के दर्शन करते भक्त।

## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुर में 5.69 ग्राम चिट्टा बरामद

**शाहपुर।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत रैत में गाडी नं. एचपी 53ए 9527 में बैठे हरीश कुमार निवासी बीड़ बैजनाथ व आर्दश कुमार निवासी बंगडा तहसील जोगिंद्रनगर से 5.69 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। इस संदर्भ में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 81,000 एमएल अवैध शराब बरामद

**पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत पुलिस ने दो जगहों से शराब की बड़ी खेप बरामद की है। पहले मामले में मनमोहन डोगरा निवासी झिकल्ली दराटी की दुकान से 37,500 मिलीलीटर देसी शराब ऊना नंबर बरामद की गई है। दूसरे मामले में आरठ झिकली में रविंद्र नाथ निवासी आरठ झिकली से 43, 500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने उक्त दोनों मामलों को हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### स्कूटी से मारी टक्कर, व्यक्ति घायल

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत घुरलु पुल के नजदीक नियाज अली निवासी बिहार को अज्ञात व्यक्ति ने अपनी स्कूटी से टक्कर मार दी जिस से वह घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कार ने तोड़ डाली बाइक , मामला दर्ज

**नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत कवाडी चौक पर पंकज निवासी ठारु की बाइक को अज्ञात व्यक्ति ने अपनी गाड़ी से टक्कर मार दी। जिससे बाइक का नुकसान हुआ है। पुलिस ने इस मामले में उक्त अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 24 घंटे में तलाशी घर से भागी नाबालिग

**मैक्लोडगंज।** जिला के पुलिस थाना मैक्लोडगंज में एक नाबालिग के घर से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों के पुलिस में किशोरी की गुमशुदगी की रिर्पोट लिखवाने के बाद 24 घंटे के भीतर पुलिस ने उसे चंडीगढ़ के जीरकपुर से बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया। किशोरी घर से परेशान होकर कुछ लड़कियों के पास चंडीगढ़ के समीप जीरकपुर पहुंच गई थी। किशोरी दसवीं की छात्रा है तथा घर वालों के पढ़ाई को लेकर कहने से परेशान थी। ये युवतियां फेसबुक के माध्यम से उसके संपर्क में आई थीं। बुधवार को परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश करने में सफलता न मिलने के बाद मैक्लोडगंज पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद कार्रवाई करते हुए एसएचओ यादेश ठाकुर ने एक टीम गठित कर मोबाइल लॉकेशन के आधार पर एक टीम को चंडीगढ़ रवाना किया तथा उसे जीरकपुर से वीरवार सुबह मैक्लोडगंज लाया गया। मामले की पुष्टि एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने की है। किशोरी को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

### लविंद्र कुमार बने जनरल सेक्रेटरी

**जवाली।** जिला कांगड़ा के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक की रछपालवा पंचायत के निवासी चौधरी लविंद्र कुमार पुत्र चमन लाल डाकघर टटवाली तहसील फतेहपुर को प्रदेश चौधरी फाउंडेशन कार्यसमिति का जनरल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। यह जानकारी फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रोबिन चौधरी ने दी। चौधरी फाउंडेशन के नवनियुक्त जनरल सेक्रेटरी लविंद्र कुमार ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे बखूबी निभाएंगे।

# वोटर कार्ड नहीं है तो वैकल्पिक दस्तावेज के साथ करें मतदान : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**निर्वाचन आयोग ने निर्धारित किए हैं 12 अन्य फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेज**



उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के लिए पहली जून को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को अपना मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अगर कोई मतदाता किन्हीं कारणों से मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 अन्य फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करके मतदान कर सकता है। इन 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार तथा सार्वजनिक उपक्रमों या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों के फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों एवं विधायकों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूडीआईडी कार्ड में से कोई भी दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र में लेखन या वर्तनी की अशुद्धि को नजरअंदाज किया जा सकता है, लेकिन यदि फोटो बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान संभव न हो तो उसे अपनी पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला के मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे अपने मतदाता पहचान पत्र या भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज साथ लेकर ही मतदान करने जाएं।

# रैत में क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा राउंड शुरू

**शाहपुर।** लखदाता क्लब टूंडी की ओर से शाहपुर के रैत में करवाए जा रहे क्रिकेट प्रतियोगिता टूर्नामेंट के दूसरे राउंड का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में लोक गायक नवीन वशिष्ठ ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान मुख्यातिथि ने अपनी ओर से लखदाता क्लब टूंटी को 5100 रुपए का सहयोग दिया। इस दौरान पहला मैच कांगड़ा और नूरपुर के बीच करवाया गया जिसमें कांगड़ा की टीम विजेता रही।

इस मौके पर लाखदाता क्लब टुण्डी के अध्यक्ष पंकज सरोच, उपाध्यक्ष मोहन पटियाल, मुख्य सलाहकार सरगम सुरी और अक्षय शर्मा मौजूद रहे। अंत में मुख्यातिथि नवीन वशिष्ठ ने विजेता टीम को सम्मानित किया।

# गद्दी समुदाय की वंचित उपजातियों ने नेताओं-मंच के खिलाफ खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

▶ **75 वर्षों से लगातार किया गया शोषण, अब नहीं होगा बर्दाश्त**

▶ **गद्दी शब्द न जोड़ने को लेकर जताया कड़ा आक्रोश, चुनावों में उतरने का ऐलान**

हिमालयन गद्दी यूनियन हिमाचल प्रदेश के राज्य मुख्य वक्ता रमेश भोला ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता में भाजपा-कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधा है। इसके साथ ही गद्दी समुदाय की सात उपजातियों के नेताओं व विभिन्न मंचों के खिलाफ भी आक्रोश जताया है।

उन्होंने लगातार वंचित उपजातियों का शोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब वह चुनावी मैदान में उतरेंगें। यूनियन के प्रवक्ता ने कहा कि हाल ही में द्वितीय महासम्मेलन जोरावर सिंह मैदान में किया गया है। जिसमें हिमालयन गद्दी यूनियन के तहत आने वाले सिप्पी, डोगरी, रिहाड़े, लोहार, वाड़ी व हाली के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि गद्दी समुदाय की कुल 13 उपजातियों में से सात उपजातियों के लोगों ने कुछ दिन पहले धर्मशाला में बैठक की व कुल मिलाकर संख्या 25 हजार बताई है, जोकि सही है। रमेश भोला ने कहा कि अब अचानक गद्दी भाषी मंच बनाया गया है।

उन्होंने सवाल उठाया कि अब तक विदेशी व तिब्बती भी गद्दी बोलते हैं, लेकिन छह उपजातियों को पूरी तरह से दूर रखा जाता है। चुनावों के समय वंचित उपजातियों को अपने साथ मिलाकर चलने की बात कहते हैं। मुख्य वक्ता ने कहा कि वंचित उपजातियों के धर्मशाला में ही 18 हजार के करीब वोटर हैं। ऐसे में अब उन्होंने गद्दी समुदाय की गद्दी शब्द वाली उपजातियों से आह्वान किया है कि अब उन्होंने जोड़ने की बात कही है, तो उन्हें चाहिए कि गद्दी समुदाय की वंचित उपजातियों में से कोई व्यक्ति आगे आता है, तो उनका भी साथ दें। उन्होंने कहा कि गद्दी समुदाय ने सांसद, मंत्री व विधायक बनाया है, लेकिन वंचित उपजातियों को हमेशा वंचित रखा गया है। हिमालयन यूनियन के प्रवक्ता ने कहा कि चुनावों के समय ऊनाली टल्ली यानी कि ऊन के काम करने वाले भेड़ पालक व ऊनी कपड़े पहनने वाले लोगों का नारा देते हैं। उन्होंने ऐतराज जताया कि सात गद्दी की उपजातियां अब फिर से बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी बैठकों में एक एक व्यक्ति को बुलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी गद्दी शब्द से वंचित उपजातियों को नहीं जोड़ा जाता है, तो आने वाले समय में 2027 में पांच विस क्षेत्रों में उम्मीदवार उतारेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगत राम ने कहा कि 13 उपजातियों में से छह उपजातियों के साथ भु-अभिलेख के साथ गद्दी शब्द नहीं जुड़ा है, जबकि वह भी संस्कृति व रहन-सहन से गद्दी है। जबकि छह वंचित उपजातियों में से ही 25 फीसदी लोगों के साथ गद्दी शब्द भी जुड़ा है, जबकि अब 75 फीसदी के साथ जोड़ें। उन्होंने आरोप लगाया कि समुदाय के नेताओं से मिलने पर भी उन्होंने मांग के समर्थन को लेकर कोई कदम नहीं उठाया है। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकार्ड में एक समुदाय उपजातियों का पाया गया है, ऐसे में उनकी जायज मांग को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि अब गद्दी समुदाय अब बिखरा हुआ है, ऐसे में उसको जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अब उन्हें इस बार के उपचुनाव में भी अपना उम्मीदवार उतारेंगे।

# राजीव भारद्वाज आज शाहपुर में भरेंगे चुनावी हुंकार

**कांगड़ा।** चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज शुक्रवार को शाहपुर में कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और चुनावी हुंकार भरेंगे। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला कांगड़ा के महामंत्री राकेश चौहान ने बताया कि 12 अप्रैल को शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज का जोरदार स्वागत किया जाएगा। भारद्वाज के शाहपुर पहुंचने पर शाहपुर की जनता काफी उत्साहित हैं। वह भानाला, दरिणी, सल्ली, रेहलू शाहपुर, हरनेरा, लपियाना में लोगों से मिलेंगे और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के बारे में लोगो को जागरूक करेंगे।

# दयाल नैहरनपुखर में बीपी और शुगर के निशुल्क टेस्ट किए

**अनंत ज्ञान, गरली**

ब्लॉक खंड परागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर में वीरवार को टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा के सौजन्य से निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। पंचायत प्रधान ममता देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस मेडिकल कैंप में बीडीसी रजना धीमान पूर्व बीडीसी देवेंद्र सिंह सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा क्षेत्र भर के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

बीडीसी रंजना धीमान ने बताया कि इस दौरान जहां विभिन्न बीमारियों के मरीजें का चेकअप किया तो वहीं शूगर बीपी इत्यादि टेस्ट भी निशुल्क किए गए। इस दौरान मौजूद डॉक्टरों की टीम द्वारा योग के बारे में बताया गया तथा व्यायाम का हमारे जीवन में महत्व क्या है तथा स्वास्थ्य से संबंधित सलाह दी गई। सबसे पहले सेनीटाइजर का उपयोग तथा टेंपरेचर नापने वाले इंस्ट्रूमेंट का उपयोग किया गया तथा जीवन में कौन सी चीज स्वास्थ्य के लिए अच्छी या बुरी है उसके बारे में समझाया गया।



दयाल नैहरनपुखर में शिविर के दौरान मौजूद ग्रामीण।

**चुनाव** गत विधानसभा चुनावों में सुधीर शर्मा की जीत में रही थी अहम भूमिका

# जिसे जिताया, उसे ही हराने धर्मशाला पहुंचे मदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



राजन मदान।

राजनीतिक मैदान में कई रौचक तथ्य एवं पहलु सामने आते हैं। गत विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर शर्मा की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले राजन मदान अब उपचुनाव में उन्हें ही हराने दिल्ली से धर्मशाला पहुंच गए हैं। गत विधानसभा चुनाव में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को-ऑर्डिनेटर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल एवं उत्तराखंड युवा कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजन मदान ने गत विधानसभा चुनावों के दौरान धर्मशाला युवा कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए अपनी राजनीतिक सूझबूझ से ऐसी बिसात बिछाई कि धर्मशाला युवा कांग्रेस मजबूती की ओर अग्रसर हुई और सुधीर शर्मा की जीत हुई। सुधीर शर्मा की जीत में युवा कांग्रेस ने अहम भूमिका निभाई। राहुल गांधी के करीब माने जाने वाले राजन मदान की एक बार फिर धर्मशाला में एंट्री हुई है, लेकिन इस बार राजन मदान सुधीर शर्मा को जिताने नहीं हराने आए हैं। एक विशेष भेंट वार्ता में राजन मदान ने कहा कि प्रदेश सरकार को गिराने का जो प्रयास सुधीर शर्मा ने किया यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। राजन मदान कहते हैं कि गत विधानसभा चुनावों के दौरान उन्हें आंशिक भर भी संदेह नहीं था कि सुधीर शर्मा ऐसा कोई कदम उठा सकते हैं।

### पंडित जी की आत्मा जरूर आहत हुई होगी

राजन मदान ने कहा कि सुधीर शर्मा के पिता स्व. पंडित संत राम शर्मा कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता रहे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने और एकजुट रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पंडित संत राम शर्मा हिमाचल कांग्रेस की शान थे। उन्होंने सरकार एवं संगठन में विभिन्न पदों पर रह कर उत्कृष्ट कार्य किए। राजन मदान ने कहा कि आज वह स्वर्ग में हैं, लेकिन सुधीर शर्मा द्वारा पार्टी से की गई गद्दारी से पंडित संत राम की आत्मा जरूर आहत हुई होगी।

### कांग्रेस में वापस आने के लिए गिड़गिड़ाएंगे

बकौल राजन मदान धर्मशाला कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने और सुधीर शर्मा द्वारा किए डेमेज को कंट्रोल करने पर कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा भूल जाएं कि वह चुनाव जीत पाएंगे, जनता उनके छल और कपट को समझ चुकी है। मदान ने कहा कि वह वक्त दूर नहीं जब वह कांग्रेस पार्टी में वापस आने के लिए गिड़गिड़ाएंगे।

**बैजनाथ में बोले युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी**

# भाजपा को माफ नहीं करेगी जनता

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी ने कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है तथा आने वाले दो-तीन दिनों में उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए जाएंगे। निगम भंडारी ने यह बात बैजनाथ पहुंचने पर पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दल बदल का भयानक खेल खेल कर प्रदेश की मर्यादा को तार-तार किया है, जिसे प्रदेश की जनता आने वाले समय में कभी माफ नहीं करेगी। जिस तरह से भाजपा ने सुखविंद्र सिंह सुक्खू की लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया है वे लोकतंत्र पर भी कुठाराघात है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में जिस जगह भी वह जा रहे हैं वहां पर जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। देवभूमि के लोग इस बार आया राम गया राम की राजनीति के विरुद्ध वोट देने वाले हैं। विधायक किशोरी लाल ने कहा कि बैजनाथ की जनता पिछले 15 महीनों में हुए विकास की वजह से इस बार कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का मन बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि बैजनाथ की जनता इस बार चाहे उम्मीदवार कोई भी हो कांग्रेस को वोट देगी। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस के सलाहकार अनुराग शर्मा, प्रदेश अनुसूचित जाति के उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल आदि मौजूद रहे।



युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी, विधायक किशोरी लाल व अन्य।

## चुनावी टकी

### इतिहास खराब न करें

**मंडी** संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत देश के प्रथम प्रधानमंत्री वाली टिप्पणी पर सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हुईं



बावजूद इसके कंगना ने अपनी बात सच्ची साबित करने के लिए एक्स पर एक ऐसी खबर का स्क्रीन शॉर्ट शेयर कर दिया, जिसमें बताया गया है कि 21 अक्तूबर, 1943 को नेताजी ने सिंगापुर में आजाद हिंद (स्वतंत्र भारत) की सरकार बनाई। साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने खुद को प्रधानमंत्री और युद्ध मंत्री घोषित किया था। अब नेताजी के परिवार ने इसे लेकर उनकी आलोचना की है। एक्स पर एक पोस्ट में न्यूज आर्टिकल शेयर करते हुए सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए इतिहास को खराब नहीं करना चाहिए। नेताजी एक पॉलिटिकल थिंकर, सोल्जर, स्टेट्समैन थे। वह एकमात्र ऐसे नेता रहे, जो भारत की आजादी के लिए लड़ने को लेकर सभी समुदायों को भारतीय के रूप में एकजुट कर सके। नेताजी के प्रति वास्तविक सम्मान उनकी समावेशी विचारधारा का पालन करना होगा।

### एक अनार, खाने को सब तैयार

एक ही अनार है, सौ खाने को तैयार है। यह कहावत बदल रही है, दीवाना सबको कर रही है। अनार की किस्म कुछ ऐसी है, कहानी बन गई वैसी है। गगरेट में पहुंचा यह अनार है, जिसको पूछो वहीं खाने को तैयार है। मेहमान जो अनार लेकर आएं हैं, यहां पहुंचकर अब पछताए हैं। हैरानी हो रही उनको भारी है, एक सीट के लिए दस-दस की तैयारी है। अनार की बड़ी विचित्र कहानी है, सामने सड़ा हुआ निकला फल जापानी है। मौसम का भी तकाज़ा है, अनार की डिमांड ताजा है। पर्ची से भी नहीं चलेगा काम, ऊपर से ही होगा कोई इंतजाम। अनार जो भी यह पाएगा, बड़ी किस्मत वाला कहलाएगा। तभी तो लगी यह कतार है, एक अनार सौ बीमार है। गगरेट की गलियों में भी ऐसी चर्चा का शोर है, जापानी फल के बदले अनार के दीवानों का जोर है। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी गगरेट पहुंच चुका है। ताऊ का भी तो है यह सपना, अनार जो आया है वो हो जाए अपना। उम्र का भी नहीं है ताऊ को ख्याल, इस दंगल में अब कैसे मचा पाएगा वो धमाल। नए-नए पहलवानों के दांव का हर कोई दीवाना है, पुरानी लंगोटी का नहीं लाइक्रॉट कॉस्ट्यूम का जमाना है।-**राजेश शर्मा**

## मार्कंडेय ने दिल्ली में डाला डेरा कांग्रेस नेताओं की उड़ी नींद

**केलांग** । जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव को लेकर मचा सियासी घमासान



कम होने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर जहां रवि ठाकुर के भाजपा में चले जाने के बाद लाहौल-स्पीति कांग्रेस में प्रत्याशी को लेकर अभी तक संशय बना हुआ है, वहीं यहां पर कांग्रेस की ओर से टिकट के चाहवानों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। आलम यह है कि यहां पर कांग्रेस में अभी तक दावेदारों की संख्या 16 के करीब पहुंच गई है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी हाईकमान की ओर से प्रत्याशी की घोषणा को लेकर की जा रही देरी कहीं कांग्रेस पर ही भारी न पड़ जाए।

उधर, भाजपा के बागी नेता और पूर्व विधायक डा. रामलाल मार्कंडेय के दिल्ली में डेरा डालने से कांग्रेस के इन नेताओं की नींद उड़ी हुई है, हालांकि भाजपा में गए रवि ठाकुर की भी दिक्कत अभी कम नहीं हुई है। अधिकतर भाजपा कार्यकर्ता भी मार्कंडेय के निर्णय का इंतजार कर रहे हैं। गत दिनों हुई कांग्रेस की बैठक में हालांकि पर्यवेक्षक मंत्री जगत सिंह नेगी व संसदीय सचिव सुंदर ठाकुर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके बीच में से किसी एक को प्रत्याशी बनाने का भरोसा दिया है, लेकिन मार्कंडेय के दिल्ली में डेरा डालने से सभी कार्यकर्ता असमंजस में है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बनाए रखने को उदयपुर ब्लॉक कांग्रेस में बैठक आयोजित हो रही है। इस बैठक में पर्यवेक्षक सुंदर ठाकुर कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे।

रवि ठाकुर ने बताया कि उनके कुनबे में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। भाजपा से टिकट न मिलने से नाराज चल रहे डाक्टर रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि वह अपने समर्थकों की मांग पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुके हैं। लिहाजा, लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में अभी भी भाजपा-कांग्रेस में अभी तक सियासी घमासान मचा हुआ है।

## हिमाचल विधानसभा चुनाव पर एक नजर

### कांग्रेस को 2022 में मिले थे 43.90 प्रतिशत वोट

| दल | वोट मिले | प्रतिशत | चुनाव लड़ा | जीते |
|---|---|---|---|---|
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 18,52,504 | 43.90 | 68 सीट | 40 सीट |
| भारतीय जनता पार्टी | 18,14,530 | 43.00 | 68 सीट | 25 सीट |
| आम आदमी पार्टी | 46, 270 | 1.10 | 67 सीट | 00 सीट |
| निर्दलीय | 4,09,273 | 9.07 | -- | 03 सीट |

**55,92,828**
पंजीकृत मतदाता में से
**42,38,412**
ने वोट डाला




सुंदरनगर। 'स्वीप' टीम ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (दिव्यांग) सुंदरनगर में जाकर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर में भाजपा का शंखनाद

## लोकसभा सीट हमीरपुर के साथ होगा सुजानपुर व बड़सर में विधानसभा उपचुनाव

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

भाजपा ने लोकसभा सीट हमीरपुर और बड़सर, सुजानपुर विधानसभा उपचुनावों को लेकर हमीरपुर के गांधी चौक में जनसभा कर चुनावी शंखनाद कर दिया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी अनुराग ठाकुर, हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, बड़सर के पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाने साधे।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि 10 वर्षों के बाद देश में स्वच्छ और ईमानदार सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी है। प्रधानमंत्री ने सत्ता संभाली और भारत को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बना दिया। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार केवल घोटालों की सरकार रही है और भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले भ्रष्टाचार को खत्म किया। (अनंत ज्ञान)




मंच पर उपस्थित भाजपा नेता आशीष शर्मा, राजीव बिंदल, अनुराग ठाकुर, जयराम ठाकुर, राजेंद्र राणा व इंद्रदत्त लखनपाल।

### रोजगार नहीं दे पाई प्रदेश सरकार : आशीष

आशीष शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले 14 माह में लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं कर पाई है। सरकार ने कहा था कि एक लाख युवाओं को रोजगार देंगे लेकिन हमीरपुर के 14 युवाओं को रोजगार नहीं दिया। मुख्यमंत्री चुनाव लड़ने के लिए हमीरपुर आते हैं हमीरपुर की जनता से उनका कोई नाता नहीं है। यदि मुख्यमंत्री ने यह दौरे पहले किए होते तो प्रदेश में ऐसी स्थिती नहीं होती।

### 'आज भी कई विधायकों और मंत्रियों में रोष'

इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि जब विधायक चुनकर गए तो क्षेत्र के कई मुद्दे थे, लेकिन प्रदेश सरकार ने सारे मुददों को कूड़े में डाल दिया। उन्होंने कहा कि 9 विधायकों पर आरोप लगा रहे हैं कि सभी 15-15 करोड़ रुपए लिए हैं यदि 15 करोड़ रुपए सभी ने लिए होते तो एक कंपनी खोलकर बड़ा कारोबार कर सकते थे। आज भी कई विधायक और मंत्रियों में रोष है।

### प्रदेश के हालात के लिए सीएम दोषी : जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इस समय प्रदेश के जो राजनीतिक हालात है, कांग्रेस की जो स्थिति है, उसके कारण मुख्यमंत्री बहुत तनाव में हैं। इसी वजह से उल्टी सीधी बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस हमेशा सनातन् विरोधी रही है। हिमाचल के मुख्यमंत्री तो खुलेआम कई-कई बार कह चुके हैं कि उन्होंने हिमाचल में 97 प्रतिशत हिंदुत्व को हराया है।

### प्रदेश में सुख की नहीं, दुख की सरकार : बिंदल

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में शामिल गारंटियों को कभी पूरा नहीं कर पाएगी। प्रदेश में सरकार की जो हालत है उससे लगता है कि यहां सुक्ख की नहीं दुख की सरकार है।

### ...तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा : राजेंद्र राणा

**सुजानपुर** के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि जब से राज्य सभा में कांग्रेस के प्रत्याशी के खिलाफ वोट किया है तब से छह विधायकों को काले नाग, तो कभी कुछ कहा जा रहा है। काले नाग तो भगवान शिव के गले का हार है। सभी विधायकों पर 15 करोड़ रूपए लेने का आरोप लगा रहे हैं यदि यह साबित कर दें कि एक रूपया भी लिया है तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे।

## जनसंपर्क में जुटे सुधीर शर्मा

**धर्मशाला** । धर्मशाला सीट साधने के लिए सुधीर शर्मा चुनावी मैदान में डट गए हैं। धर्मशाला उपचुनाव के भाजपा



प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने धर्मशाला के विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं और डोर-टू-डोर प्रचार कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। सुधीर शर्मा ने दोपहर 2 बजे बूथ नंबर 9 में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर लोगों को भाजपा की जनहित नीतियों के बारे में अवगत करवाया।

इसके बाद 3 बजे बूथ नंबर 10 डिपो बाजार, शाम 4 बजे बूथ नंबर 24 दाड़ी, बूथ नंबर 80 योल और बूथ नंबर 75 योल में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया, साथ ही डोर-टू-डोर प्रचार भी किया।

## हमीरपुर नगर परिषद अध्यक्ष मनोज, पार्षद राजकुमार ने थामा 'कांग्रेस का दामन'

**अनंत ज्ञान, नादौन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की नीतियों में आस्था जताते हुए वीरवार को हमीरपुर नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास ने पत्नी निशा मिन्हास व वार्ड नंबर-2 से पार्षद राजकुमार के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। कांग्रेस के बिकाऊ विधायकों को भाजपा के टिकट देने से मनोज आहत थे। मनोज व राजकुमार के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को हमीरपुर में बड़ा झटका लगा है।



भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए नेता सीएम सुक्खू के साथ।

मुख्यमंत्री ने मनोज मिन्हास, निशा मिन्हास व राजकुमार को सेरा रेस्ट हाउस में पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल करवाया। मनोज ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के 15 महीने के कार्यकाल को सराहनीय बताया है। उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के बाद कहा कि सरकार जनहित में काम कर रही है। कांग्रेस के छह बिकाऊ विधायक जनता का नहीं, निजी विकास चाहते थे। उन्होंने प्रदेश के विकास को सर्वोपरि नहीं माना। जनता ने उन्हें पांच साल के लिए चुनकर भेजा था, लेकिन वह 14 महीनों में ही लोगों से दगा कर गए।

### भाजपा समर्थित बीडीसी सदस्य कांग्रेस में शामिल

**नादौन।** नादौन ब्लॉक के जलाड़ी-चिलियां वार्ड नंबर-8 से भाजपा समर्थित बीडीसी सदस्य मनजीत कुमार वीरवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की नीतियों और सरकार के 15 महीने के कार्यकाल में हुए कार्यों में आस्था जताते हुए भाजपा को अलविदा कह दिया। मुख्यमंत्री ने मनजीत को हार पहनाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल करवाया। मनजीत भाजपा में निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह काम करते रहे, लेकिन उन्हें उचित मान-सम्मान नहीं मिला।

## धर्मशाला में कांग्रेस के टिकट आवंटन में अभी देर

### टिकट के प्रबल दावेदारों में देवेंद्र जग्गी, विजय इंद्र और राकेश चौधरी का भी नाम

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**प्रदेश** की छह विधानसभा सीटों के उपचुनावों को लेकर कांग्रेस प्रत्याशियों की वीरवार को घोषणा होने की संभावना के बावजूद अभी घोषणा होने में समय लगने की आशंका है। हालांकि कांग्रेस सूत्रों के अनुसार अगले 3 से 4 दिनों में प्रत्याशियों की लिस्ट फाइनल हो सकती है। फिलहाल धर्मशाला सीट पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तथा पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी का नाम सबसे ऊपर होने की बात कही जा रही है।

इसके अलावा 2019 के उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रहे विजय इंद्र कर्ण के अलावा भाजपा से छिटके राकेश चौधरी के नाम भी दावेदारों में शामिल हैं। अतीत में कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे तथा अब भाजपा के प्रत्याशी सुधीर शर्मा तथा कांग्रेस की टिकट के प्रबल दावेदार




देवेंद्र जग्गी में नजदीकियां रही हैं तो वहीं मौजूदा राजनीतिक परिदृष्य में दोनों एक-दूसरे के धुर विरोधी बने हुए हैं। ऐसे में अगर संभावनाओं के अनुरूप अगर कांग्रेस देवेंद्र जग्गी पर दांव खेलती है तो ये मुकाबला काफी रोचक होगा।

इसके अलावा जातिगत फैक्टर की बात करें तो धर्मशाला में इसके प्रभावी न रहने की बात कही जा रही हे। यहां बताते चलें कि धर्मशाला में ओबीसी तथा ट्राइबल मतों की संख्या काफी ज्यादा है। इसके बावजूद राजनीति के जानकारों की मानें तो यहां जातिगत फैक्टर के मुकाबले चेहरे का ज्यादा रहेगा। ऐसे में यहां देवेंद्र जग्गी पर कांग्रेस अगर दांव खेलती है तो भाजपा तथा कांग्रेस में यहां कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। यहां बताते चलें कि राकेश चौधरी जहां ओबीसी समुदाय से हैं तो विजय इंद्र कर्ण ट्राइबल से संबंध रखते हैं। इसी के बूते दोनों नेता अपनी टिकट पक्की होने की उम्मीद में हैं।

जातीय आधार पर इन दोनों नेताओं में से किसी एक पर कांग्रेस पार्टी दांव खेलती है तो तीसरे मोर्चे के खड़े होने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। राकेश चौधरी पहले ही साफ कर चुके हैं कि टिकट न मिलने की सूरत में वो आजाद चुनाव लड़ने को तैयार हैं। ऐसे में कांग्रेस को यहां टिकट आबंटन में काफी सावधानी बरतना जरूरी नजर आ रहा है। (अनंत ज्ञान)

## उद्योग मंत्री के समक्ष संभावित उम्मीदवारों ने किया 'शक्ति प्रदर्शन'

**गगरेट।** हिमाचल प्रदेश की सत्ता के महासंग्राम में कांग्रेस के लिए टिकट वितरण का पेंच ऐसा फंसा



है कि कांग्रेस को डर्बी की रेस में दौड़ाने के लिए दमदार घोड़ा ढूंढने में खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। वीरवार को कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने आए उद्योग मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान के सामने टिकट के दावेदारों ने राजनीति के अखाड़े में ऐसा रंग जमाया कि ब्लाक कांग्रेस की एकता गुटों में बंटती नजर आई।

हर संभावित टिकटार्थी अपने समर्थकों के साथ अपना पक्ष मजबूती से रखता नजर आया, लेकिन मेला पूर्व विधायक राकेश कालिया के समर्थक उड़ा ले जाते दिखाई दिए, हालांकि उद्योग मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान ने किसी संभावित प्रत्याशी के सिर पर हाथ नहीं रख, लेकिन इतना जरूर कहा कि मैदान में उसी प्रत्याशी को उतारा जाएगा जो दमदार व जिताऊ हो।

## आरोप-प्रत्यारोप

### समय आने पर उचित मंच पर होगा खरीदने वाले सूत्रों का खुलासा

# चंद्रशेखर का दावा : मुझ पर भी था कांग्रेस छोड़ने का दबाव

**अनिल शर्मा, मंडी**

**मुझ** पर भी कांग्रेस छोड़ने का दबाव था, व्हाट्सऐप कॉलें आने लगीं। कहा गया कि मंडी जिले से एक आप ही हो, आपके आने से पूरा जिला ही साफ हो जाएगा। आप भी आ जाइए, लेकिन हम सिद्धांतों वाले लोग हैं। हिमाचल में पैसे का लेन-देन पहली बार हुआ। यह दावा धर्मपुर के विधायक एवं कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर ठाकुर ने प्रेस वार्ता में किया।

उन्हें कहा गया कि वो भी आ गए, आप भी आ जाओ, लेकिन सच्चे-पक्के लोग कोई नहीं गए थे। चंद्रशेखर ने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि समय आने पर खरीदने वाले सूत्रों का खुलासा उचित मंच पर होगा। जयराम जी जो रक्षा सूत्र आप बॉम्बे से लाए हो वोटर उसका रेशा-रेशा निकाल देंगे।

हिमाचल में आपदा आई तो कांग्रेस सरकार आपदा राहत बांट रही थी, लेकिन वो लोग मोल-भाव कर रहे थे। यह




प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर ठाकुर व अन्य।

खिचड़ी तो बड़े पहले से पकना शुरू हो गई थी, लेकिन पककर सामने इस साल ही आई। आपदा राहत के लिए कांग्रेस ने केंद्र से 12,000 करोड़ रुपए का राहत पैकेज लेने के लिए जब संकल्प पत्र पारित किया, तो भाजपा विधायकों को हिमाचल की जनता की परवाह नहीं हुई बल्कि केंद्र सरकार की परवाह करने लगे।

कुदरत कहर भाजपा-कांग्रेस देखकर नहीं बरपाती, वह सब पर बराबर कहर ढहाती है। राजनीति से ऊपर उठ कर सहायता करनी चाहिए थी। (अनंत ज्ञान)

### जयराम ने अपनी ही पार्टी का कैडर खत्म करने का प्रयास किया

चंद्रशेखर ने तंज कसते हुए कहा कि जयराम पहले ऐसे नेता हुए जिन्होंने अपनी पार्टी का कैडर खत्म करने का प्रयास कर दिया। मुझे तो सिद्धांतों पर चलने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं की कर्मठता पर तरस आ रहा है।
वह तो सेपू बड़ी बालते ही सीटी बजा देते हैं। अब तो धूमल का घर मंदिर लगने लगा, पहले जाते तो राणा जी नाराज हो जाते। मंडी में 84 मंदिरों की याद नहीं आई, पहाड़ी पर फाउंडेशन का पैसा मात्र देकर सीमेंट के मंदिर बनाने लगे, लेकिन हम वादा करते हैं कि हमारी सरकार शिवधाम का कार्य पूरा करेगी।

### सात मई तक घर-घर जाकर भरेंगे फॉर्म

चंद्रशेखर ने कहा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार जब आचार संहिता में सरकारी योजनाओं का कार्य कर सकते हैं, तो हिमाचल में तो कांग्रेस कार्यकर्ता मात्र फॉर्म भरवाएंगे। एक देश में दो कानून नहीं चलेंगे। चुनाव आयोग हमारी बात भी सुने। चुनाव आयोग ने 1500 रुपए देने के लिए रोक लगाई है न कि फॉर्म भरने के लिए। कांग्रेस कार्यकर्ता 7 मई तक घर.घर जाकर फॉर्म भरने का काम पूरा करेंगे। भाजपा पहले 1,500 रुपए का राग अलापती रही, लेकिन जैसे ही कांग्रेस सरकार ने शुरू किया तो भाजपा ने सोचा की पूरा वोट बैंक ही खिसक जाएगा।


## भाजपा की रैली फ्लॉप : निशांत

**हमीरपुर** । युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता निशांत शर्मा ने वीरवार को हमीरपुर के गांधी चौक पर आयोजित भाजपा की रैली को पूरी तरह फ्लॉप शो बताया है। शर्मा ने कहा कि इस रैली में कुर्सियां खाली रहने से यह स्पष्ट हो गया कि जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा करके भाजपा में शामिल हुए बरखास्त विधायकों को केवल आम जनता ही नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पूरी तरह नकार दिया है।

उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान जिला हमीरपुर को हाशिए पर धकेले रखा। यहां के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ जयराम ठाकु का छत्तीस का आंकड़ा था। उस समय उन्होंने हमीरपुर जिला के किसी भी नेता को मंत्रिमंडल में शामिल करने लायक भी नहीं समझा।

जयराम ने हमीरपुर के बस अड्डे और अन्य विकास कार्यों के लिए फूटी कौड़ी तक नहीं दी।

## युवा मतदाता



हम ऐसे उम्मीदवार को वोट देंगे जो युवाओं को रोजगार देने का वादा करेंगे। आज पढ़ा-लिखा युवा नौकरी पाने के लिए सड़कों के चक्कर काट कर रहा है, लेकिन नौकरी नहीं मिल रही। जो युवाओं के भविष्य के बारे में सोचेगा, उसी को वोट देंगे। **-अक्षय शर्मा (हमीरपुर)**



सांसद हर क्षेत्र विधानसभा क्षेत्र में जाकर जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं को सुने, देखें और उनका निवारण भी करें। सांसद ऐसा होना चाहिए जो भविष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य की नींव रखे और कार्य को करने से पहले नुकसान का आकलन करें।**-प्रियंका गर्ग (सुंदरनगर-मंडी)**



केंद्र सरकार की गलत नीतियों से युवा वर्ग बेरोजगारी, मंहगाई एवं गरीबी से जूझ रहा है। केंद्र सरकार युवाओं के लिए नीतियां बनाने में असफल रही है। मंहगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।सभी पहलुओं को मद्देनजर ही मतदान किया जाएगा। **-रोनित कपूर (धर्मशाला)**



आज का युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है। चुनावों के दौरान सभी राजनीतिक दल के नेता बड़ी बड़ी बातें करते है, लेकिन चुनाव के बाद किए हुए वादों से मुकर जाते है। सांसद ऐसा होना चाहिए जो युवाओं को हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करें।**-वीरेंद्र ठाकुर (सुंदरनगर-मंडी)**



मतदान करना बहुत ही आवश्यक है। मतदान न केवल एक हमारी पहचान बनाता है। बल्कि इस सभ्य समाज में एक सभ्य नागरिक की अहम भूमिका भी निभाता हैं। अगर सभी लोग अपने मत का प्रयोग करेंगे तो एक अच्छे नेता का चुनाव होगा।**-आशीष कपिल (बिलासपुर)**



पहली बार मतदान करके वह इस महत्वपूर्ण बेला में अपनी अहम भूमिका निभाएगी। जिला प्रशासन के साथ मिलकर वह मतदान के लिए लोगों को जागरुक भी कर रही है। सभी लोग वोट डालकर अपनी भागीदारी निभाए। **-खुशबू कपिल ( बिलासपुर )**

## महिला मतदाता



जो भी पार्टी महिलाओं के मुद्दों और उनके उत्थान की बात करेगी, उसे ही वोट मिलेगा। देश में महिलाओं की स्थिति में जिस स्तर पर सुधार होना चाहिए था, वह नहीं हुआ है। महिला अत्याचार व शोषण सहित महिलाओं पर विभिन्न मामलों में उत्पीड़न कम नहीं हुआ है।**-कमलेश (शाहपुर)**

## पुरुष मतदाता



नरेंद्र मोदी एक ऐसा अस्तित्व हैं जिसका मुकाबला भारत में कोई भी नहीं कर सकता। उन्होंने विदेशों में जिस तरह भारत की बढ़िया तस्वीरें पेश की है वह देश का नाम ऊंचा करने वाली है। राम मंदिर कि 500 साल पुराना हिन्दुओं का वापिस भी मोदी ने ही दिलाया है वरना कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने तो राम को ही काल्पनिक बना दिया था। इस बार केंद्र में सरकार भाजपा की ही बनने वाली हैं। **-बाबू राम चौहान (सोलन)**



नरेंद्र मोदी हिंदुत्व विचारधारा के व्यक्ति हैं और सनातन् धर्म की और उनका झुकाव है जबकि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी सदा इसके विरुद्ध रहते देखे गए हैं जो हिन्दुत्व पर आघात है। इस तरह वह मोदी का साथ ही देंगे। राम मंदिर के निर्माण में भाजपा और मोदी का विशेष समर्थन रहा है जबकि कांग्रेस ने इसका विरोध किया ।भाजपा के सत्ता में आने से देश मजबूत होगा। **-सुनील गुप्ता (पांवटा साहिब)**



लोकतंत्र का महत्व तभी है जब हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें अन्यथा जनता की आवाज न सुनने वाले प्रत्याशी विजय होंगे। ऐसे में विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। चुनाव के दौरान नेता बड़ी-बड़ी बातें करते हैं और उसके बाद सब भूल जाते हैं। **- संजीव ठाकुर (हमीरपुर)**



देश का नेता ऐसा होना चाहिए जो शहर और गांव का एक समान विकास करें और हर वर्ग के लोगों का सम्मान करें। आज के दौर में पढ़े-लिखे युवाओं को राजनीति में आने की जरूरत है। इस युवा सोच से ही देश को आगे लाया जा सकता है। सभी लोगों को मतदान करना चाहिए। **-लक्की शर्मा (हमीरपुर)**

अनंत ज्ञान

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

### सहौड़ा पंचायत में बोले कांगड़ा-चंबा के भाजपा प्रत्याशी डॉ. भारद्वाज

# लोकसभा चुनावों का बहिष्कार न करें मैं आपके साथ हूं: राजीव

**अनंत ज्ञान टीम, गगल/कांगड़ा**

भाजपा एससी मोर्चा की ओर से वीरवार को कांगड़ा की सहौड़ा पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कांगड़ा-चंबा लोकसभा के प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने शिरकत की। उनका विधायक पवन काजल और ग्रामीणों ने स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने एयरपोर्ट का जिक्र किया और विस्थापित एयरपोर्ट के लोगों से आग्रह किया कि वे लोकसभा चुनावों का बहिष्कार न करें और अपना कीमती वोट अवश्य डालें। इस एयरपोर्ट में जो भी प्रतिक्रिया चल रही है मैं आपके साथ हूं।

मैं कोशिश करुंगा कि यह जो जनता के साथ जन भावना जुड़ी है मैं उनका पूरा सम्मान करुंगा। इस अवसर पर राजीव भारद्वाज ने प्रभावित लोगों से कहा कि अभी तक भूमि अधिग्रहण या मुआवजा तो नहीं मिला है। इस पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष ने साफ कहा कि अभी तक कुछ भी नहीं हुआ है तो आप कृपया करके इस मामले को ज्यादा से जायदा उठाएं। इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना, पंचायत प्रधान कुसुम लता ने भी राजीव भारद्वाज से गुहार लगाई है कि हमें पूरी उम्मीद है कि आप विस्तारीकरण के बारे में कोई उपाय निकालेंगे। उन्होंने कहा कि अब हम समस्त एयरपोर्ट विस्थापित परिवार अवश्य लोकसभा चुनावों में वोट डालेंगे और राजीव भारद्वाज को सांसद बनाकर दिल्ली पहुंचाएंगे। इस मौके पर रंजू रसतोगी, चंपा भारद्वाज, रेखा चौधरी, शिखा चौधरी, विपिन सिंह परमार, वीरेंद्र चौधरी, देवी लाल, चंद्रभूषण नाग, सतप्रकाश सोनी, रमेश महेशी, राकेश मेहरा, रजनीश मोना, वेद चौधरी, सहोड़ा की पंचायत प्रधान किरण बाला व ग्रामीण मौजूद रहे।



सहौड़ा पंचायत में कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजीव भारद्वाज को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

## दिन भर बदलते रहे मौसम के तेवर

**धर्मशाला।** धर्मशाला में सुबह हुई हल्की बूंदाबांदी के बाद दिनभर मौसम अपने तेवर बदलता रहा। क्षेत्र में बीच-बीच में तेज हवाएं चलती रही तथा लोगों को तेज धूप से राहत मिलने की उम्मीद के बावजूद गर्म धूप बनी रही। उधर, धौलाधार में बादलों ने डेरा डाले रखा।

मौसम विभाग ने 13 अप्रैल से एक बार फिर मौसम बिगड़ने की भविष्यवाणी कर रखी है। वहीं वीरवार को मौसम के तेवर आगामी दिनों में मौसम के बिगड़ने की पृष्ठभूमि गढ़ते नजर आए। बताते चलें कि इन दिनों जहां मैक्लोडगंज जैसे ऊपरी क्षेत्रों में मौसम सुहावना बना हुआ है तो वहीं लोअर धर्मशाला में तेज धूप के कारण गर्मी महसूस की जा रही है। बताते चलें कि क्षेत्र में पड़ रही तेज धूप के चलते इस बार क्षेत्र में काफी गर्मी होने की संभावना है जिसके चलते मौसम के बिगड़ने से तेज गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद लगा रहे हैं। बताते चलें कि गर्मी के चलते इस साल पर्यटन कारोबार को भले ही लाभ मिलने की उम्मीद है, लेकिन क्षेत्र के लोगों को तेज गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

# शोभायात्रा नहीं 'स्वीप' रैली से होगा बैसाखी मेले का आगाज

**सालविया शर्मा, गरली**



अनुजा शर्मा, तहसीलदार, रक्कड़।

**मेला प्रभारी एवं तहसीलदार अनुजा शर्मा ने दी जानकारी**

कालेश्वर महादेव में आयोजित राज्य स्तरीय बैसाखी मेले का आगाज इस बार 12 अप्रैल को कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा शोभायात्रा की जगह स्वीप रैली निकाल कर करेंगें। यह जानकारी मेला प्रभारी एवं तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा ने दी।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के तहत मतदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस बार शोभायात्रा की जगह स्वीप रैली निकाल कर यहां राज्य स्तरीय बैसाखी मेले का शुभारंभ किया जाएगा। मेले की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अनुजा शर्मा ने बताया कि इस दौरान तमाम क्षेत्रवासियों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके।

मेला प्रभारी अनुजा शर्मा ने कहा कि यह स्वीप रैली काली नाथ मंदिर यानि मेला स्थल से पवित्र स्नान सरोवर पंचतीर्थि तक जाएगी। स्वीप रैली के बाद सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति के साथ केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर के छात्र-छात्राए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोकसभा चुनावों के बारे में जागरूक करेंगे। मेला प्रभारी अनुजा शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय बैसाखी मेले का उद्घाटन समारोह 12 अप्रैल को होगा। जिसमें चीफ गेस्ट जिलाधीश कागंड़ा हेमराज बैरवा होंगे जबकि मेले के दूसरे दिन 13 अप्रैल को एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेगी, इसी तरह मेले का समापन 14 अप्रैल को होगा जिसमें एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा चीफ गेस्ट उपस्थित होंगी। (अनंत ज्ञान)

# कोटेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित की कुलदेवी मां अंबिका की मूर्ति

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

चैत्र नवरात्र के महापर्व पर बैजनाथ उपमंडल के फटाहर गांव में स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर में कुलदेवी मां अंबिका की मूर्ति स्थापित की गई। दो दिन के इस कार्यक्रम में पहले नवरात्र पर नगर परिक्रमा की गई। जिसमें शिव धाम बैजनाथ से सेहल स्थित मां अंबिका, बाद में कलहोली माता मंदिर से होते फेटी फटाहर स्थित भोलेनाथ मंदिर से होते हुए कोटेश्वर महादेव मंदिर तक परिक्रमा की गई। इसमें दर्जनों ग्रामीणों ने भाग लिया। बुधवार को दूसरे नवरात्र पर विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत मां अंबिका की मूर्ति स्थापना का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। दो दिन तक फटाहर गांव में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा।



उसके साथ भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। महाकाल मंदिर के मुख्य पुजारी राम कुमार आचार्य द्वारा इस मूर्ति स्थापना का भव्य आयोजन किया गया।

## पपरोला में युवकों से 30 ग्राम चिट्टा पकड़ा

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ द्वारा बुधवार रात को लगाए नाके के दौरान 30 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी भूपेंद्र ठाकुर ने बताया कि बुधवार रात समय करीब 1 बजे पुलिस ने पपरोला के सत्यनारायण मंदिर के पास नाका लगाया हुआ था तो पालमपुर से बिना नंबर प्लेट गाड़ी आई। पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका तो उन्होंने अपना नाम देशराज पुत्र जगदीश चंद उम्र 36 गांव बलोहल डा. सेंथल तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी व अभी कुमार पुत्र स्वर्गीय तरन राम गांव कोटली डा. गुनेहड तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा उम्र 29 वर्ष बताया। चेकिंग के दौरान उनके पास 30 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# ट्रेन की चपेट में आने से अप्पर परागपुर के युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

**ऊना के चूरूडू रेलवे स्टेशन पर पेश आया हादसा**

जिला ऊना के अंतर्गत पड़ते चूरूडू रेलवे स्टेशन पर बुधवार देर रात को एक ट्रेन हादसे में अप्पर परागपुर निवासी 30 वर्षीय पंकज कुमार पुत्र राम कुमार की दुखद मौत होने की सूचना है। बता दें कि बुधवार को उक्त युवा अपनी माता के साथ दिल्ली की ओर ट्रेन के माध्यम से जा रहा था की चूरूडू रेलवे स्टेशन पर दो ट्रेन की क्रॉसिंग होनी थी जिस पर हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन स्टेशन पर रुकी ओर पंकज दूसरी तरफ से नीचे उतरा परंतु सामने जनशताब्दी तेज गति से आ रही थी जिसकी चपेट में वह आ गया जिससे उसकी दुखद मौत हो गई है। मामले की पुष्टि एसएचओ रेलवे पुलिस कांगड़ा संदीप चौधरी ने की है। उन्होंने बताया की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने 174सीआरपीसी के तहत कार्रवाई अमल में लाई है। बता दें वीरवार को उसके पैतृक गांव अप्पर परागपुर में उसका शव लाया गया साथ ही उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है। पंकज की दुखद मौत पर गांव में मातम का माहौल छा गया है। उसके मित्र सुशील कुमार, शुभम ठाकुर सहित अन्य स्थानीय लोगों ने उसकी मौत पर गहरा दुख प्रकट किया है। वहीं जानकारी देते हुए प्रधान अप्पर परागपुर मीना कुमारी ने कहा कि पंकज कुमार उनकी ही पंचायत का वाशिंदा था जो किसी काम से दिल्ली जा रहा था जिसकी मृत्यु हो गई है।

# जयसिंहपुर में ब्राह्मण कुमारों को धारण करवाया यज्ञोपवीत

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

ब्राह्मण कल्याण परिषद मंडल जयसिंहपुर ने वीरवार को मंडल के भवन में ब्राह्मण कुमारों को यज्ञोपवीत धारण करवाएं। ब्राह्मण कल्याण परिषद और मंडल जयसिंहपुर प्रतिवर्ष ब्राह्मण कुमारों को यज्ञोपवीत धारण करवा कर बच्चों को सनातन धर्म एवं संस्कृति को जिंदा रखने के लिए यह पुनीत कार्य करता है।

वीरवार को ब्राह्मण कुमारों को डॉक्टर राजस्व सुशांत पूर्व सांसद ने गुरु मंत्र देकर संस्कारी बनाया। जिला कांगड़ा के विभिन्न क्षेत्रों से आए छह बच्चों को संस्था ने यज्ञोपवीत धारण करवाया। संस्था के प्रधान जगदीश चंद्र मिश्रा एवं महासचिव सतीश शर्मा ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष बिहारी लाल शुक्ला एवं कमलेश शर्मा देशराज शर्मा भी उपस्थित रहे।



ब्राह्मण कल्याण परिषद के कार्यक्रम में मौजूद ब्राह्मण कुमार व अन्य।



## न्यूज ब्रीफ

### बड़सर पुलिस ने पकड़ी 266 ग्राम भुक्की

**बिझड़ी।** नाके के दौरान बड़सर पुलिस ने जालंधर के एक व्यक्ति से 266 ग्राम भुक्की बरामद की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बुधवार रात पुलिस ने नाके के दौरान एक वाहन को तलाशी के लिए रोका। तलाशी के दौरान जालंधर निवासी एक व्यक्ति से 266 ग्राम भुक्की बरामद की गई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी का वाहन जब्त कर लिया है। डीएसपी बड़सर सचिन हीरामठ ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### 201 बेटियों का किया जाएगा पूजन

**हमीरपुर।** सनातन धर्म को समर्पित ठाकुर द्वारा गौशाला जमली धाम द्वारा हर साल की भांति इस बार भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम धूमधाम से 14 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से गौशाला परिसर जमली धाम में मनाया जा रहा है। गौशाला समिति जमली धाम के अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में 4 वर्ष से 11 साल तक 201 बेटियों को कन्या के रूप पूजन किया जाएगा और सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि स्थानीय विधायक आशीष शर्मा व कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवक प्रकाश चंद शर्मा करेंगे। सभी सनातन प्रेमियों, गोमाता के भक्तों एवं क्षेत्र वासियों से निवेदन है कि नवरात्रों के अवसर पर गोशाला कमेटी द्वारा मनाए जा रहे कन्या पूजन पर उपस्थित होकर अपना जीवन सार्थक बनाएं।

### 14 अप्रैल को मनाई जाएगी डॉ. अंबेडकर जयंती

**हमीरपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग हमीरपुर 14 अप्रैल को संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती सुजानपुर में आयोजित करने जा रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री यादविंद्र सिंह गोमा होंगे और विशेष अतिथि विधायक सुरेश कुमार होंगे। जिला अध्यक्ष हमीरपुर के होशियार सिंह ने बताया कि इस दिन डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा और उनकी उपलब्धियां के बारे में लोगों को बताया जाएगा।

### महिलाओं को बताया मतदान का महत्व

**सुजानपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर के माध्यम से विकास खंड सुजानपुर के गांव दाड़ला में प्रशिक्षित की जा रही महिलाओं के लिए वीरवार को एक जागरुकता सत्र आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक अजय कुमार कतना की अध्यक्षता में आयोजित सत्र में महिलाओं को मतदान के महत्व से अवगत करवाया गया तथा उन्हें हर निर्वाचन प्रक्रिया में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन ठगी से बचाव और बैंकिंग प्रक्रियाओं के संबंध में भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस दौरान संस्थान के प्रशिक्षक विनय ने भी महिलाओं का मार्गदर्शन किया।

# नेताओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी रैली की भीड़



**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर में वीरवार को आयोजित भाजपा की चुनावी रैली भीड़ के आंकड़े को लेकर सचेत कर गई है। नेताओं की उम्मीद के मुताबिक यहां पर भीड़ नहीं जुट पाई है। हालांकि गांधी चौक की स्थिति के मुताबिक भाजपाई खुद को तसल्ली जरूर दे रहे होंगे, मगर इस रैली को लेकर जितनी मशक्कत की गई थी। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से जो लक्ष्य रखे गए थे, वह इस बात का एहसास करवा गई कि उपचुनाव में आमतौर पर लोगों का रवैया कैसा रहता है।

बड़ी बात यह है कि गांधी चौक से लेकर नीचे तक कुर्सियों की जिस बड़े स्तर पर संख्या लोगों के बैठने के लिए तैयार की गई थी, उन कुर्सियों को रैली के बीच में ही समेटना पड़ा। भाजपाई खुद इस पर कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है, लेकिन असलियत यह है हमीरपुर, सुजानपुर और बड़सर से जितनी तादाद लोगों की इस रैली में आने की उम्मीदें नेताओं को थीं, उनमें कहीं न कहीं कंजूसी दिखी है।

भोरंज और नादौन से तो नाममात्र की मौजूदगी ही इस रैली में दिखी। भाजपा की रैलियां में आमतौर पर जिस बड़े स्तर पर जोश देखा जाता था, वह भी लोगों के चेहरे से पढ़ा नहीं जा रहा था। नेताओं के भाषण भी उस स्तर पर 'चमक' नहीं बिखेर रहे थे, जितनी भाजपा नेताओं से यहां उम्मीद की जाती है। दलील यह भी दी जा रही है कि बड़सर में पिछले दिन एससी मोर्चे का कार्यक्रम था। सुजानपुर में अगले रोज यानी शुक्रवार को पटलांदर में बड़ा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल भी शिरकत करेंगे। अगले एक सप्ताह तक अलग-अलग कार्यक्रम जिले में तय किए गए हैं इसलिए हमीरपुर, बड़सर और सुजानपुर पर ही सारा दारोमदार था। दरअसल में ऐसा लग रहा है कि इन चुनावों में लड़ाई किसी भी दल के लिए इतनी आसान नहीं है और न ही एक तरफा है। पसीने तो निश्चित रूप में छूटेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री धूमल का भी इस रैली में शिरकत न करना, भले ही उनके स्वास्थ्य के साथ जोड़ा जा रहा हो, लेकिन उसकी चर्चा तो निश्चित रूप में रैली के दौरान हुई ही है। रैली में अहम यह रहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने केंद्र की योजनाओं को गिनाने में कोई और कसर नहीं छोड़ी, जबकि प्रदेश के बड़े नेताओं ने अटैक मुख्य रूप से मुख्यमंत्री पर ही रखा। (अनंत ज्ञान)

## भाजपा रैली में कटीं कई जेबें, मोबाइल भी गुम

**भाजपा** की रैली में दो दर्जन से ज्यादा लोगों की जेबें कटी हैं। कइयों के मोबाइल गुम हुए हैं। अफरा-तफरी उस समय मची जब केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का काफिला गांधी चौक के पास पहुंचा। कार्यकर्ता मदहोश होकर नारे लगा रहे थे। भीड़ भी काफी ज्यादा जुटी थी। उसी का फायदा उठाकर जेब कतरों ने इक्का-दुक्का नहीं, तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा लोगों की जेबें काट डालीं। करीब पांच लोगों के मोबाइल भी चोरी हुए हैं।



इन्होंने दर्ज कार्रवाई एफआईआर।

जैसे-जैसे भीड़ शांत हो रही थी और समर्थक आराम से बैठने के लिए जगह ढूंढ रहे थे तो उन्हें जेब कटने का पता चल गया। फिर क्या था मंच से भी अनाउंसमेंट हो गया कि सावधानी बरतें! अनाउंसमेंट होते ही कई लोग परेशान हो गए और वे इधर-उधर भागने लगे, लेकिन जब तक देरी हो चुकी थी। जिला परिषद के एक सदस्य पवन कुमार भी इसकी चपेट में आ गए। उनके अलावा जितने भी लोग जेब कटने का शिकार हुए वे परेशान तो थे, लेकिन अब ऐसे मौके पर कुछ हो भी नहीं सकता था। कुछ ने हिम्मत बंधी और वे पुलिस स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने जेबें कटने की शिकायत की और मोबाइल चोरी होने का भी पुलिस में जाकर मामला दर्ज करवाया। कई भाजपा कार्यकर्ता जेव कटने का शिकार हुए। इनमें एक ने बताया कि उसके 11000 बटुए में थे। एक कार्यकर्ता के 6000 रुपए जेब कतरे उड़ा ले गए। एक के ₹3500 गए। कइयों की जेब में कम पैसे थे, उन्हें भी जेब कतरे निकाल कर ले गए। इधर एसएचओ हरीश गुलेरिया ने बताया कि कुछ लोग शिकायत करने पहुंचे थे, उनकी शिकायत दर्ज कर ली गई है।

### रैली में संदिग्ध व्यक्ति लगा रहे थे नारे

**भाजपा** कार्यकर्ताओं की शक्ल में रैली ऐसे संदिग्ध व्यक्ति नारे भी लगा रहे थे। उन्ही पर अब शंका हो रही है। क्योंकि जोर-शोर से नारे लगाने के बाद वे इधर-उधर हाथ मार रहे थे। कई लोग अब सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुट गए हैं। ताकि कुछ न कुछ पता चल सके।

### भाजपा की रैली फ्लॉप साबित : अजय शर्मा



**गांधी** चौक में आयोजित भाजपा की रैली फ्लॉप साबित हुई है। उक्त प्रक्टावा करते हुए मंडी समिति के अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि रैली में लगाई गई कुर्सियों को न केवल समेटना पड़ा, अपितु कुर्सियों से भरी हुई गाडियां भी मौके पर खड़ी रहीं। भाजपा के साथ ही भाजपा के वर्तमान प्रत्याशियों की असलियत अब जनता के सामने आ चुकी है। अजय ने कहा कि आम जनता ने यह निर्णय ले लिया है कि जिला के विकास को तेजी से करवाना है। यही कारण है कि हमीरपुर जिला के साथ ही हिमाचल के लोग चट्टान की तरह ईमानदार ब जनहितैषी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जी के साथ खड़े है। हमीरपुर की जनता ने ठान लिया है कि अब ईमानदार मुख्यमंत्री को नहीं खोना है और जिला की दोनों विधानसभा सुजानपुर और बड़सर में कांग्रेस का विधायक बनाकर माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हाथ मजबूत करने है।

### अनुराग की होगी ऐतिहासिक जीत : अजय

**भारतीय** जनता पार्टी किसान मोर्चा हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री अजय शर्मा ने दावा किया है कि इस समय पूरे भारतवर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की लहर चल रही है पिछले 10 वर्षों में जिस प्रकार मोदी सरकार ने गांव गरीब मजदूर किसान के हित में निर्णय लिए हैं । उस देश भर में मोदी सरकार ने लोकप्रियता के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पिछले 10 वर्षों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को आदर्श लोकसभा क्षेत्र की श्रेणी में खड़ा कर दिया है चाहे वह शिक्षण संस्थानों की बात हो चाहे रेलवे के विस्तार की बात हो। इस समय हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सांसद अनुराग ठाकुर की लोकप्रियता देख कर ऐसा लगता है कि इस बार हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में जीत के सभी पुराने रिकॉर्ड टूट जाएंगे।

## हवन-यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, धनेटा**

लेफ्टिनेंट नरैण मेमोरियल पब्लिक स्कूल घड़ोह के प्रांगण में नए सत्र 2024-25 का प्रारंभ वैदिक विधि से यज्ञ तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया गया। यज्ञ की पवित्र ध्वनियों से विद्यालय का पूरा वातावरण गूंज उठा।

कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के चेयरमैन ओम प्रकाश शर्मा ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। यज्ञ की प्रत्येक आहूति के साथ विद्यालय की उन्नति, सौहार्दपूर्ण वातावरण व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हवन में संस्थान के विधार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया।



स्कूल के विद्यार्थी एवं अध्यापक हवन कुंड में आहूतियां डालते हुए।

उसके बाद आर्य ने यज्ञ तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों को संपूर्ण वैदिक विधि से संपन्न करवाया । इस कार्यक्रम में सभी उपस्थित छात्र छात्राओं तथा स्टाफ ने भाग लिया तथा सबने मिलकर हर्ष और उल्लास के साथ कार्यक्रम को संपन्न करवाया।

## लोकसभा चुनावों में वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ निभाएगा अहम भूमिका : देवराज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाजपा के वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ की दूसरी बैठक वीरवार को जिला हमीरपुर में प्रदेश संयोजक देव राज शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

इस दौरान देव राज ने कहा कि बैठक में यह निर्णय लिया कि हम सब मिल कर एक सशक्त वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ बनाएंगे और अपनी क्षमताओं के अनुरूप युद्ध स्तर पर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठअहम भूमिका निभाएगा। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के संयोजक कुलदीप सिंह गुलेरिया ने सभी जिला संयोजक और सहसंयोजकों से अपने प्रकोष्ठ को मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। हरेक मंडल में नुक्कड़ सभाओं और रैलियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारा मुख्य लक्ष्य इस बार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में पिछले संसदीय चुनावों से 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक वोट को बढ़ाना है।



बैठक के बाद संयोजक व सह संयोजक प्रदेश संयोजक देव राज शर्मा के साथ।

इस मौके पर जिला हमीरपुर के संयोजक सुखदेव सिंह ठाकुर और सहसंयोजक अजीत शर्मा, ऊना जिला के संयोजक विक्रम चब्बा और सहसंयोजक चमन लाल, जिला देहरा के संयोजक मदन लाल और सहसंयोजक मथुरा दास, जिला बिलासपुर के सहसंयोजक दसौदी राम चंदेल सहित संसदीय क्षेत्र मंडी के संयोजक सरला शर्मा और शिमला संसदीय क्षेत्र के संयोजक राजेश महाजन भी उपस्थित रहे।

## आयुष मिस्टर व हेमा बनी मिस फेयरवेल



विदाई समारोह के दौरान मिस्टर व मिस फेयरवैल के साथ गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर में फाइनल इयर के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस दौरान पुनीत बंटा ने कहा कि वद्यार्थियों को जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करके उसे हासिल करने के लिए कड़ा परिश्रम करना चाहिए। विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान आयुष शर्मा को मिस्टर फेयरवैल ओर हेमा भट्ट को मिस फेयरवैल चुना गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशासन लेखा अधिकारी पीयूष ठाकुर, वरिष्ठ लेक्चरर रोमी शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## गोसदन दख्योड़ा में नई कमेटी बनते ही हुए कई नए सुधार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जानकारी देते गोसदन दख्योडा कमेटी के सदस्य।

गोसदन दख्योड़ा में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। गौशााला में पशुओं की सुविधा लिए 15 पंखे लगाए हैं यही नहीं गाय व बैलों को दरड़ मुहैया करवाने के लिए मशीन भी लगाई गई है, ताकि गौशाला के पशुओं को सुबह-शाम दरड़ भी मुहैया करवाया जा सके।

यही नहीं हफते में एक दिन पंजाब से चारे का एक ट्राला भी पशुओं को पहुंचाया जा रहा है। यह सभी सुधार गोसदन दख्योडा नई कमेटी बनने से देखने को मिल रहे हैं। कमेटी में गांव के कई दानी सज्जनों को इसमें जोड़ा गया है।

कमेटी सदस्य प्रधान कैप्टन बख्शी सिंह, पवन शर्मा,भानु सिंह, अमरनाथ, विजय पटियाल, दलीत सिंह राणा व अन सदस्यों के सहयोग से सभी कार्य किए जा रहे हैं।

## सीएम नादौन में मेहमानों की तरह आते हैं हमीरपुर से नहीं लगाव : राजेंद्र राणा



सुजानपुर में जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों के समक्ष अपना पक्ष रखते राजेंद्र राणा।

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने सीएम सुक्खू पर हमला करते हुए कहा कि सुक्खू को हमीरपुर या नादौन से कोई लगाव नहीं है, वह मेहमानों की तरह नादौन आते हैं और लोगों से मिले बिना चले जाते हैं । उन्हें आसपास मित्र चाहिएं और सुक्खू सरकार मित्रों की सरकार बनकर रह गई है।

राणा ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के कई बूथों पर जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों के समक्ष अपना पक्ष रख रहे थे। वह राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा बाहरी व्यक्ति को प्रत्याशी बनाने से बात शुरू करते हैं और बगावत के कारणों को गिनाते जाते हैं।

बता दें कि हिमाचल के उपचुनावों में हॉट सीट बन चुकी सुजानपुर में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा का चुनाव प्रचार गति पकड़ने लग पड़ा है। सुजानपुर विस क्षेत्र के 104 बूथों पर राजेंद्र राणा महिला मोर्चा, मंडल अध्यक्ष और किसान मोर्चा के साथ पहुंच कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। राणा एक वोट अपने लिए और एक वोट हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर के लिए मांग रहे हैं।

टौणी देवी सेक्टर के प्रभारी विजय बहल ने बताया कि हाल ही में भाजपा प्रत्याशी राणा ने सिसवा, झनिककर, सकांदर, पटनौण बूथों पर कार्यकर्ताओं से बैठकें की जिसका संतोषजनक परिणाम सामने आ रहा है।

इस अवसर पर सुजानपुर बीजेपी मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा और महासचिव अनिल कौशल व महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि राजिन्दर राणा के भाजपा में आने से पार्टी मजबूत हुई है व सभी जन व मातृ शक्ति पूरी तरह से एकजुट होकर राजेंद्र राणा की जीत को सुनिश्चित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### ऊना की टीम ने पहली पारी में 80 .4 ओवर में 411 रन बनाए

**नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अंमतर में ऊना व किन्नौर की टीम के बीच अंडर-16 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो गई है। वीरवार को इस प्रतियोगिता का पहला मैच ऊना व किन्नौर की टीम के बीच खेला जा रहा है। किन्नौर की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। ऊना की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 80.4 ओवर में 411 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाज शुभ गौत्तम ने 28, वैभव ने 24, समीर सिंह ने 32, आर्यवीर ने 71, कार्तिकेय ने 73 तथा ओजस्वित ने 40 रन बनाए, जबकि बल्लेबाज आशुमन सिंह राणा 89 रन बनाकर नाबाद रहे। जानकारी देते हुए क्रिकेट स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि किन्नौर की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज आर्य ने 2, अशु नेगी ने 3 तथा स्वरित ठाकुर ने 4 विकेट ली। उन्होंने बताया कि किन्नौर की टीम ने पहली पारी खेलते हुए पहले दिन का मौच समाप्त होने तक 7 ओवर में 3 विकेट खोकर 31 रन बनाए। ऊना की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए कार्तिकेय शर्मा ने 2, सुमित संधु ने 1 विकेट झटकी।

## हर्षोल्लास से मनाई ईद, एक दूसरे के गले लग दी बधाई



ईद के मौके पर जलेबियां बांटते हुए मुसलमान।

**अनंत ज्ञान, नादौन/सुजानपुर**

मुसलमान सामुदाय ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईद-उल-फितर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस पर्व पर आज नादौन के साथ लगती प्रसिद्ध साईं बाबा फाजल शाह की दरगाह तकिया भरमोटी सहित जगह-जगह मस्जिदों व मजारों में मुसलमान सामुदाय के लोगों ने इकत्रित होकर नमाज अदा की तथा एक दूसरे के गले मिलकर ईद-उल-फितर की बधाई दी।

नादौन के भरमोटी में स्थित प्रसिद्ध पीर बाबा साईं फाजल शाह की दरगाह तकिया में ईमाम मोहम्मद ने नमाज अदा करवाई। उसके बाद जलेबियां खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर मुस्लमान सामुदाय के मुस्ताक मोहम्मद, सरदार मोहम्मद, बसीन मोहम्मद, रसमदीन, लाल दीन, असलम मोहम्मद, रसम दीन, डॉ. सदीक, डॉ. खान, नसरूदीन, अमीन चौहान, गुलाम मोहम्मद, शेर मोहम्मद, अमीन चौहान, समीर मोहम्मद, जंबर दीन, नशरू दीन, बाली सहित काफी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की और सुखशांति की कामना की।

वहीं, सुजानपुर में ईद उल फितर के मौके पर डोली स्थित जामा मस्जिद में सैकड़ों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इकट्ठा होकर ईद मनाई। इससे पहले सभी ने मस्जिद में नमाज अदा की। इस अवसर पर भारी संख्या में दूर-दूर से मुस्लिम समुदाय के लोग आए हुए थे जिन्होंने एक दूसरे को गले लगाकर खुशी का इजहार किया।

## रली पूजन को बनाई भगवान शिव व मां गौरा की मूर्तियां, विसर्जन 13 को

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में रली पूजन का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। इस त्योहार में भगवान शिव बारात लेकर माता गौरा के घर आते हैं।



रली पूजन को लेकर बनाई गईं भगवान शिव व मां गौरा की मूर्तियां।

रली पूजन परंपरा को सुजानपुर के रोशन लाल चैधरी का परिवार कई वर्षों से निभाता आया है। एक माह पहले इन्होंने मां गौरी की मूर्ति का पूजन शुरू कर दिया है तथा दूल्हा पक्ष के रूप में प्रभु शिव की मूर्ति कहीं और रखी है, जो कि बारात की तरह यहां पहुंचेगी तथा रस्में निभाई जाएगी। 13 अप्रैल को विसर्जन कर दिया जाएगा।

इस मौके पर विवाह शादियों जैसा आयोजन किया जाता है। महिलाओं का गीत-संगीत रली विवाह में और चार चांद लगा रहा है। रली पूजन के नाम से इस पर्व को लेकर के एक माह पहले चैत्र संक्रांति से गीत-संगीत शुरू हो जाता है। मिट्टी से बनाई गई शिव-गौरा की मूर्तियों का पूजन होता है। एक परिवार जहां दुल्हन की रस्म पूरी करता है वहीं दूसरा परिवार दूल्हा की रस्में निभाता है। त्योहारों को लेकर कोई न कोई कहानी जुड़ी हुई है।

कहा जाता है कि रली पूजन में अविवाहित लड़कियां शिव और पार्वती की पूजा कर उनकी मूर्तियों का विवाह रचाती हैं। यह पूजन चैत्र संक्रांति से शुरू हो जाता है और एक महीने तक जारी रहता है।

### 11 मई को लगाई जाएगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**हमीरपुर।** लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 11 मई को जिले के तीनों न्यायिक परिसरों हमीरपुर, बड़सर और नादौन में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अनीष कुमार ने बताया कि इन अदालतों में विभिन्न मामलों का निपटारा आपसी समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, एनआई एक्ट के मामले, धन वसूली के मामले और भूमि विवाद आदि पर सुनवाई होगी और उनका निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना क्लेम के मामले, मोटर व्हीकल अधिनियम, श्रम विवाद के मामले, बिजली, पानी और टेलीफोन के बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण के मामले, वेतन-भत्तों और सेवानिवृत्ति से संबंधित मामलों का भी निपटारा किया जाएगा। जो मामले न्यायालय में अब तक दायर नहीं हुए हैं, उनका निपटारा भी लोक अदालत में किया जा सकता है। संबंधित व्यक्ति 11 मई से पहले संबंधित अदालत में सादे कागज पर आवेदन कर सकता है। यही नहीं संबंधित पक्ष लोक अदालत की तारीख से पहले भी आपसी समझौता भी कर सकते हैं।

**शिक्षा** गांव-गांव जाकर अभिभावकों को जागरूक करने में जुटे अध्यापक

## बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाओ, सुविधाएं पाओ

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

सरकारी स्कूलों में पांच अप्रैल से एडमिशन का दौर जारी है। इसी कड़ी में सरकारी स्कूलों के अध्यापक भी अब प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर गांव-गांव जाकर बच्चों के अभिभावकों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिल करवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, ताकि सरकारी स्कूलों में भी छात्रों की संख्या बढ़ सके।

यही नहीं सरकारी स्कूल के पंफलेट भी गांव-गांव वितरित कर रहे हैं, जिसमें स्कूलों में दी जा रही सुविधाओं का जिक्र है, क्योंकि सरकारी स्कूलों में भी अब नर्सरी की कक्षाएं शुरू हो गई हैं। इसके अलावा स्कूलों में फ्री किताबें, फ्री वर्दी, फ्री गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, फ्री प्रौष्टिक भोजन, स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए समय-समय पर छात्रवृत्तियां और खेलने के लिए सुंदर मैदान मुहैया करवाए जा रहे हैं। इन सभी सुविधाओं का गांवों में प्रचार किया जा रहा है।



घिरथेड़ी स्कूल के अध्यापक सरकारी स्कूल के पंफलेट को दिखाते हुए।

सरकारी स्कूलों के प्राइमरी व मिडल स्कूलों में बच्चों की संख्या हर वर्ष कम होती जा रही है। इसके चलते हमीरपुर जिला के दर्जनों स्कूल जीरो एनरोलमेंट के चलते अब तक बंद भी हो चुके हैं, क्योंकि इन स्कूलों में स्टाफ की कमी के चलते बच्चों के अभिभावक सरकारी स्कूल की बजाय प्राइवेट स्कूल में ही बच्चे को डालना बेहतर समझ रहे हैं। यही वजह है कि सरकारी स्कूलों के प्राइमरी व मिडल स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ने की बजाय हर वर्ष कम हो रही है, जबकि सरकार सरकारी स्कूलों के छात्रों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने में लगी हुई है, ताकि सरकारी स्कूलों में कम हो रही छात्रों की संख्या पर रोक लगाई जा सके। घिरथेड़ी स्कूल के अध्यापक गांव-गांव जाकर बच्चों और अभिभावकों को इस बारे जागरूक कर रहे है। (अनंत ज्ञान)



देव कमरुनाग।

# सुकेत देवता मेले के लिए कमरुनाग देव रवाना

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

देवभूमि हिमाचल में मेलों के तौर पर देवी-देवताओं के समागम को खूब धूमधाम से मनाया जाता है। इसके तहत 13 अप्रैल को राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला-2024 का शुभारंभ होने जा रहा है। वहीं राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला के बड़ा देव कमरुनाग अपनी रोहांडा की मझोठी कोठी से विधिवत पूजन उपरांत गुरुवार को रवाना हो गए हैं।

देव कमरुनाग का सूरज पखवा रोहांडा से सुंदरनगर तक विभिन्न जगहों पर भक्तों का आतिथ्य स्वीकार करेंगे। देवता लगभग 40 किलोमीटर का सफर पैदल तय कर राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला में शिरकत करने के लिए पहुंचेंगे।

विष्णु स्वरूप बड़ा देव कमरुनाग अपने मझोठी कोठी रोहाड़ा से अपने देवलुओं सहित मेला में शिरकत करने जा रहे हैं।

जानकारी देते हुए कमरुनाग मंदिर कमेटी रोहांडा के सचिव दुनी चंद ठाकुर ने बताया कि देव कमरुनाग सुकेत देवता मेला सुंदरनगर में शिरकत करने के लिए गुरुवार को अपनी मझोठी कोठी से रवाना हो गए हैं। उन्होंने कहा कि देवता शहर पहुंचने में दो दिन का समय लगेगा और 13 अप्रैल देवता सुंदरनगर शहर में प्रवेश करेगें। इससे पूर्व हर वर्ष की भांति देवता का स्वागत ग्राम पंचायत चांबी द्वारा किया जाएगा। इसके उपरांत प्रशासन देवता का स्वागत करेगें। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल को देवता मेले के शुभारंभ पूजन तथा शोभायात्रा के लिए शुकदेव वाटिका पहुंचेगे। (अनंत ज्ञान)



देव कमरूनाग मेले के लिए रवाना होते हुए, इस दौरान मौजूद स्थानीय लोग।

## मंडी व सुकेत रियासत के हैं देव कमरुनाग

**बड़ा** देव कमरुनाग के गुर मुनी लाल ने कहा कि कमरुनाग मंडी और सुंदरनगर रियासत के अराध्य देव हैं। देव कमरुनाग का मूल मंदिर कमरुधार में पवित्र झील के साथ स्थित है। शिवरात्रि महोत्सव मंडी में धंगयारा और सुकेत देवता मेला में रोहांडा के मझोठी से देव कमरुनाग का सूरज पखवा शिरकत करने आते हैं। देव कमरुनाग के मूल स्थान पर दोनों क्षेत्रों की कमेटियों द्वारा देव कारज पूरे किए जाते हैं। जहां मंडी आने वाले सूरज पखवे में विष्णु दरबार रूप का चित्रण है। वहीं सुकेत रियासत से संबंधित सूरज पखवे में बरबरीक का मुख स्वरूप विद्यमान है।

## मोवी व तरौर में श्री देव माहूंनाग ने बांधी कार

**मंडी ।** श्री देव माहूंनाग तरौर के मूल स्थान मंदिर में वार्षिक मेला धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने श्री देव माहूंनाग का आशीर्वाद लेकर देवता के आगे शीश नवाया। पुजारी दीनानाथ ने बताया कि गत रात्रि देवता की जाग हुई और तरौर गांव से चतुर्भुजा माता को निमंत्रण दिया गया, जिसके उपरांत माता ने मेले में शिरकत की और भव्य देव मिलन हुआ।

मेले में श्री देव माहूंनाग भजन मंडली द्वारा भजनों का गुणगान किया गया और देवता द्वारा मोवी और तरौर क्षेत्र के लिए रक्षा की कार बांधी गई।



वार्षिक मेले में श्री देव माहूंनाग और चतुर्भुजा माता।

## न्यूज ब्रीफ

### सामूहिक मुंडन संस्कार 14 को

**मंडी ।** हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा की मंडी सदर खंड इकाई द्वारा गत वर्ष की भांति इस बार भी 14 अप्रैल को सामूहिक यज्ञोपवीत (उपनयन) मुंडन/कुनाली संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी सभा के खंड महासचिव गर्ग प्रकाश चंद्र शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन जेल रोड स्थित संस्कार सदन में किया जाएगा। यह संस्कार पूरे विधि विधान सहित सनातन परंपरा वह वैदिक रीति अनुसार विद्वान व कर्मकांडी पुरोहितों द्वारा संपन्न करवाया जाएगा उन्होंने आम जनों से अनुरोध किया है कि वे अपने बालक व बालिकाओं का संस्कार करवाने के लिए 13 अप्रैल शाम 5:00 बजे तक पंजीकरण करवा लें।

### शैक्षिक भ्रमण से लौटे हेमराज ने बताए अनुभव




**मंडी ।** समग्र शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण के लिए भेजा गया 102 सदस्यों का दूसरा ग्रुप सिंगापुर से वापस आ गया है। इस ग्रुप के सभी 102 सदस्य पहुंच चुके हैं। ग्रुप में हिमाचल प्रदेश राजकीय भाषाई अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर भी शामिल रहे। हेमराज ने बताया कि इस पांच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण और प्रशिक्षण वर्ग के दौरान हिमाचल के अध्यापक, अध्यापिकाओं ने गणराज्य सिंगापुर की प्रिंसिपलज अकादमी के मास्टर ट्रेनरों से अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक योग्यता संवर्धन के गुर सीखे।

### मुस्लिम समुदाय ने मनाई ईद-उल-फितर



**लडभड़ोल ।** जामा मस्जिद बीरू के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया। रजीद खान, गफुर, तकदीर, अकबर, इस्लाम, संजीव आदि ने कहा कि जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने नमाज अदा की, एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी।

### जोगिंद्रनगर में ईद-उल-फितर मनाई



**जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत गवाली में ईद-उल-फितर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय मुसलिम समुदाय इलाही जामा मस्जिद गवाली कमेटी के अध्यक्ष नूरअली ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लिए ईद-उल-फितर बेहद खास है, ये अल्लाह का शुक्रिया अदा करने का दिन है। वहीं यूपी से आशिफ, बिलाल, नशीर अली, मोहम्मद साहिल, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद चुलबुल ने कहा कि हमें बड़ी खुशी हुई आज यहां ईद मनाने का मौका मिला तो खुशी से ईद मनाई।

### बाबा बालक नाथ मंदिर में कल होगा जागरण

**मंडी।** जोगिंद्रनगर क्षेत्र के सुप्रसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर छपडू में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर 13 अप्रैल को रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। मनहर जागरण ग्रुप जोगिंद्रनगर के कलाकार बाबा जी का गुणगान करेंगे। मंदिर सुधार कमेटी के प्रधान देशराज राव ने बताया कि हर साल की भांति इस बार भी जागरण का आयोजन जा रहा है, जिसमें मनहर जागरण ग्रुप के कलाकार भजन कीर्तन कर भक्तों को निहाल करेंगे। दूसरे दिन 14 अप्रैल को विशाल भंडारा भी लगाया जाएगा।

### दिल्ली से शिमला पहुंचा उत्तराखंड का शिष्टमंडल

**शिमला ।** उत्तराखंड के शिष्टमंडल ने शिमला में रह रहे प्रवासियों को गढ़वाली और कुमाऊंनी बोली के साथ जुड़ाव रखने के लिए प्रेरित किया। बुधवार को शिमला में शिष्टमंडल ने शिमला में रह रहे उत्तराखंड प्रवासियों के साथ मुलाकात की। यह मुलाकात शिमला के रामनगर स्थित गढ़वाल सभा भवन में हुई। दिल्ली से आए शिष्टमंडल में करीब 15 लोग शामिल रहे। दिल्ली से आए गढ़वाल हितैषी सभा के आजीवन सदस्य विनोद बछेती ने कहा कि दिल्ली में हर रविवार को उत्तराखंड से संबंध रखने वाले बच्चों को गढ़वाली और कुमाऊंनी बोली सिखाई जाती है। शिमला में रह रहे उत्तराखंड के लोगों से कहा कि वे अपने बच्चों को गढ़वाली और कुमाऊंनी बोली सिखाएं। बच्चे हिंदी और अंग्रेजी भाषा के साथ अपनी बोली को भी सीखकर बातचीत करें, यह समाज के विकास के लिए बहुत जरूरी है।

## कांग्रेस अध्यक्ष ने मंडी पहुंचकर बैठक में कसे जयराम ठाकुर पर तंज

# सीएम की 'ठस्क' से नीचे नहीं उतर रहे जयराम : चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मौजूदा सरकार में जयराम ठाकुर ऐसी ताकत के साथ घुमते है वैसे तो कांग्रेस के मंत्री भी नहीं घुमते है और मुख्यमंत्री की ठस्क नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अभी तक नहीं उतरी।

यह शब्द मंडी में आयोजित बैठक के दौरान धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर ठाकुर ने कहें। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद मंडी पहुंचे चंद्रशेखर का कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर को बड़ी कोठी, बड़ी सिक्योरिटी, लाव लश्कर के साथ चलते है और अभी तक मुख्यमंत्री की ठस्क से नीचे ही नहीं उतर पा रहें है नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर। चुनावों में मंडी के ही लोग इनकी ठस्क उतारेंगे अब। इस दौरान उन्होंने बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर खुब तंज कसे और जुबानी हमला बोला।



बैठक के दौरान मंच पर विराजमान सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जयराम हर जगह कहते रहते हैं कि ये सरकार नहीं टिकने वाली लेकिन कांग्रेस सरकार बहुत मजबूत है, उन्होंने कहा कि 6 विधानसभा क्षेत्र में तो कांग्रेस पार्टी जीतेगी लेकिन 2 विधानसभा के सदस्य भाजपा सरकार की लोकसभा चुनाव में भी बुरी तरह ठुकाईयां करने वाले है। उन्होंने कहा कि जिस वक्त प्रदेश आपदा के संकट से जूझ रहा था तो लोग सरकार को पैसे दे रहे थे, लेकिन भाजपा के नेता पैसा इकट्ठा करके रिसार्स पैदा कर कांग्रेस के विधायकों को खरीदने के काम में लगी थी। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व को भी खुब सुनाते हुए कहा कि प्रदेश में आई आपदा के समय केंद्र की जवाबदेही मधरा खाने कि नहीं थी उस घर को राहत देने की जवाबदेही थी जिस घर का नुकसान हुआ था।

नेता प्रतिपक्ष के विधानसभा क्षेत्र में ही भाजपा कार्यकर्ता ने कह दिया कि कंगना को हम नहीं जानते जिस पर पर एक महिला ने कहा कि यह ठीक बोल रहा है तो नेता प्रतिपक्ष ने ही बोला कि बैठ जा माई मेरी खाट मत खड़ी कर। उन्होंने कहा कि जयराम कभी मुख्यमंत्री बनते ही नहीं अगर प्रो. धूमल को उनकी पार्टी ने धोखा नहीं दिया होता।

## प्रदेश पर चढ़ा करोड़ों का कर्ज : कौल सिंह

कांग्रेस के जनरल हाउस में पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में प्रदेश को नाहन, चंबा, सोलन, नेरचौक में चार-चार मेडिकल कॉलेज मिले, लेकिन भाजपा कार्यकाल में मोदी 6 बार हिमाचल आए पर हिमाचल को कुछ नहीं दिया। सरदार पटेल यूनिवर्सिटी को 10 करोड़ देकर शुरू कर दिया, कभी 10 करोड़ से विश्वविद्यालय चलते देखे हैं। कौल सिंह ने कहा कि जब जयराम ने सत्ता संभाली तो प्रदेश में 45000 करोड़ का कर्ज था, जिसमें पूर्व की भाजपा सरकारों का कार्यकाल भी शामिल रहा है।

जयराम सरकार जाते जाते 10 हजार करोड़ को मिला कर 90 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज छोड़ गई। ऐसा ही देश में हुआ 55 लाख करोड़ का कर्ज था, लेकिन मोदी जी ने 210 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचा दिया। देश और प्रदेश दिवालीय कर दिए, जनता आज भाजपा से सवाल पूछ रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सेपू बड़ी, वदाना अच्छा लगता है लेकिन देनी एक कौड़ी नहीं है।

# पांचों पंचायतों के विकास को रहूंगा अग्रसर : ब्रह्मदास चौहान



ब्रह्मदास चौहान को सम्मानित करते मंदिर कमेटी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जाच्छ के गांव छतरी में नवरात्र के उपलक्ष्य पर गंगोत्री माता के मंदिर की प्रतिष्ठा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मंदिर के प्रांगण में ब्रह्मदास चौहान को मंदिर कमेटी ने माता की फोटो और चुनरी देकर सम्मानित किया गया।

कमेटी के प्रधान ने कहा कि इस मंदिर को बनाने में स्थानीय पंचायत घरोट, झूंगी, जाच्छ, कुटाहची, मशोगल आदि की जनता का बहुत योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि सराय और रोड तथा ग्राउंड को पक्का करवाने में हमारा सहयोग दें, ताकि यहां श्रद्धालुओं को आने-जाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि पांच पंचायत के लिए हमेशा दिन हो या रात हो मैं तत्पर हूं आपके कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करता रहूंगा। इस मौके पर कहान चंद ठाकुर, सोम, कृष्ण, मीरा ठाकुर, कांता नेगी, प्रधान जगत राम आदि मौजूद रहे।

## शस्त्र जमा करवाने की तिथि 12 अप्रैल निर्धारित

**रिकांगपिओ।** जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला में शस्त्र समीप के पुलिस थाने में जमा करवाने की तिथि जो पहले दो अप्रैल 2024 तक निर्धारित की गई थी। अब 12 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। उन्होंने इन आदेशों की अनुपालना के लिए सभी शस्त्र धारकों से सहयोग की अपील की है।

# सिद्ध काली मंदिर में 2100 दीप होंगे प्रज्वलित

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो**



चैत्र नवरात्र को लेकर छोटी काशी के मंदिर सज चुके हैं। नवरात्र को लेकर माता भीमा काली, टारना माता सहित प्राचीन सिद्ध काली मंदिर में विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। माता सिद्ध काली मंदिर के पुजारी जगदीश शर्मा ने बताया कि नवरात्र के उपलक्ष्य पर मां का अद्भुत श्रृंगार किया जा गया है।

उन्होंने कहा कि अष्टमी पर माता सिद्ध काली मंदिर में 2100 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे और महाआरती आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि माँ के मंदिर आने वाले सभी भक्त अपने-अपने घरों से दिप लाएंगे और महाआरती में भाग लेंगे।

जगदीश शर्मा ने बताया कि नवमी पर मंदिर परिसर में हवन और कन्या पूजन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 31 कन्याओं का पूजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर मां के दरबार सुबह 6 बजे भक्तों को दर्शन करने के लिए खोल दिए जाते हैं। इसके साथ ही शाम के समय मंदिर में कीर्तन दरबार भी सजाया जाता हैं, जिसमें मां की महिमा का गुणगान किया जाता हैं।

# निसंतानों को संतान सुख देती है मां सिमसा

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

लडभड़ोल क्षेत्र की प्रसिद्ध संतानदात्री मां सिमसा का मंदिर मंडी जिला की तहसील मुख्यालय लडभड़ोल से मात्र 9 किलोमीटर दूरी पर सिमस गांव में स्थित है, जो बैजनाथ मंदिर से 32 किलोमीटर दूर है। महाशिवरात्रि वाले दिन वह तरड़ी (कंदमूल) खोदने के लिए अपने घर से करीब 3 किलोमीटर दूर नागण नामक स्थान पर गया। उसकी पहली चोट जमीन पर मारने से दूध बाहर निकल आया। यह देखकर वह बहुत प्रसन्न हुआ। उसने सोचा कि तरड़ी (कंदमूल) अच्छी है और अधिक मात्रा में निकलेगी।



जब उसने दूसरी चोट मारी तो जमीन से पानी की धारा निकलने लगी और तीसरी चोट मारने पर जमीन से खून निकलने लग पड़ा, जिससे वह घबराया और घर वापस आ गया।

प्रातः उठते ही यह किस्सा उसने अपने भाइयों को सुनाया। मां के आदेशानुसार दोबारा खुदाई करने पर उन्हें देवी की मूर्ति मिली, जिसकी लंबाई 7 वर्ष की कन्या के बराबर थी। यह मूर्ति आज भी मंदिर में मौजूद है।

वहां पर खुदाई करने से तुझे एक मूर्ति मिलेगी। उस मूर्ति को पालकी में सजाकर धूमधाम से लाना और जहां पर वह मूर्ति भारी लगने लगे वहीं पर उसकी स्थापना कर मंदिर बनवाना।

खुदाई के समय की 3 चोटें आज भी देखी जा सकती हैं। मान्यता के अनुसार जिन भक्तों के यहां संतान नहीं होती है, वे नवरात्र में माता सिमसा के दर्शनों के लिए आते हैं। जिस स्त्री को जैसा फल मिलता है, उसे वैसी ही संतान प्राप्त होती है।

# शिविर में 250 छात्रों के दांत करवाए चेक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के दंत चिकित्सकों की टीम ने मंडी के एक निजी स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया।

इस कार्यक्रम के तहत मौके पर उपस्थित 250 छात्रों के दांतों की जांच की गई। यह शिविर डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंगला और डॉ. विकास जिंदल तथा प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया। इसमें दंत चिकित्सक डॉ. साहिल ठक्कर, डॉ. हरमेहर, डॉ. दिव्यांशी, डॉ. देबोरिशी, डॉ. हरकीरत, डॉ. शिवांगी, डॉ. शिवानी ठाकुर, डॉ. श्रेया राठौड़, डॉ. शगुन शर्मा, द्रोपदी और सेवक राम शामिल रहे।



शिविर के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व अन्य।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर चिकित्सकों द्वारा दांतों को स्वस्थ रखने के विभिन्न तरीके भी बताए गए। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रियंका जंवाल भी शामिल रहे तथा डेंटल कॉलेज से आई समस्त टीम का आभार व्यक्त किया है।

# सरकाघाट स्कूल में हवन-यज्ञ करने का माकपा ने किया विरोध

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने और पहले नवरात्रे के दिन प्रधानाचार्य और अध्यापकों द्वारा हवन-यज्ञ करने का माकपा नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कड़ा विरोध किया है और इसमें शामिल कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों को शिक्षित होने के लिए भेजा जाता है, जबकि हवन-यज्ञ तो अपने अपने घरों और मंदिरों में कोई भी विद्यार्थी व अध्यापक करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन स्कूलों में ये सब कर्मकांड नहीं किए जा सकते हैं, लेकिन बड़े खेद का विषय है कि जो अध्यापक बच्चों को विज्ञान और तकनीक पढ़ाता है वही उन्हें इस तरह के गतिविधियों में शामिल होने के लिए मजबूर करता है, जो बहुत ही निंदनीय है।

भूपेंद्र सिंह कहा कि इस पर विभाग को तुरंत उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए और दोषियों को विभागीय नियमों के तहत कार्रवाई करनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## जनता को परेशान कर रही कांग्रेस सरकार: सुखराम

**शिमला ।** भाजपा के पूर्व मंत्री प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि कांग्रेस राज में जनता परेशान है, लगातार सरकार एक के बाद एक ऐसे निर्णय ले रही है, जिससे आम जनता पर परेशानी का दौर बढ़ता चला जा रहा है।

उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार ने स्टांप पेपरों को स्टांप वेंडरों के माध्यम से बेचने की पुरानी प्रणाली को पहली अप्रैल से बंद कर दिया है, ऐसे में अब लोगों को अपने काम करवाने के लिए पहले की तरह सीधे वेंडरों के पास से स्टांप पेपर नहीं मिल रहे हैं।

**विडंबना** — सरकार बताए कब चलेगी साढ़ापतन पुल पर एचआरटीसी की बस, नहीं तो दबाएंगे नोटा

# सांढ़ापतन पुल दो साल से कर रहा बस का इंतजार

**दीक्षित धलारिया, संधोल**

ब्यास नदी पर जिला मंडी के धर्मपुर-जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने वाले 24 करोड़ की लागत से निर्मित पुल पिछले दो साल से बस का इंतजार कर रहा है। पुल का उद्घाटन हुए डेढ़ वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन सरकार इस दिशा में कुछ नहीं कर पाई है।

क्षेत्र की जनता चुनाव के वक्त सरकार से जवाब मांग रही है कि बस चलेगी या फिर नोटा बटन दिबाने के लिए विवश होना पड़ेगा।

बता दें कि पुल का उद्घाटन पूर्व भाजपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने 12 सितंबर, 2022 को किया था, लेकिन यह पुल डेढ़ वर्ष होने के बाद आज भी बस के इंतजार में है।

पुल बनते समय लोगों ने सोचा था कि अब सफर आसान होगा, लेकिन पुल तो बना मगर बसें ही नहीं चली। इस पुल के बनने से दो विधानसभा क्षेत्रों की दूरी भी घट गई है। संधोल से लडभड़ोल, बैजनाथ, जोगिंद्रनगर, मंडी के लिए यह पुल सबसे नजदीकी मार्ग प्रदान करता है, जबकि लडभड़ोल क्षेत्र से वाया संधोल होकर हमीरपुर,

### निजी वाहन चालक सवारियों को ले जाकर उठा रहे भरपूर लाभ

चंडीगढ़ व दिल्ली के लिए यहां से किफायती व कम दूरी का मार्ग है। लगभग 60 से 70 किमी का कम सफर इस मार्ग से होगा, जो कि समय व पैसे दोनों की बचत करेगा, लेकिन इसके लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम को इस रूट पर बस चलाने की आवश्यकता है, लेकिन अभी तो केवल निजी वाहन चालक ही इस पुल से सवारियों को ले जाकर भरपूर लाभ उठा रहे हैं।

### सिमसा माता मंदिर पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण है पुल

**संधोल** के लोगों में बस सुविधा शुरू न होने पर चिंता व भारी गुस्सा है, क्योंकि संधोल व आसपास के क्षेत्र के लोगों का व्यास नदी के उस पार लडभड़ोल क्षेत्र में स्थित संतान दात्री के नाम से प्रसिद्ध माता सिमसा मंदिर में गहरी आस्था है। लगभग हर दिन अनेकों लोग मंदिर दर्शन करने पहुंचते हैं, जबकि आजकल चैत्र नवरात्रि में तो यह संख्या हजारों में बढ़ जाती है।

### सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में भी उठा था मुद्दा

**गत** फरवरी माह में संधोल में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में पहुंचे संसदीय सचिव संजय अवस्थी व स्थानीय विधायक चंद्रशेखर के समक्ष जब इस विषय को उठाया था, तो दोनों ने एचआरटीसी के अधिकारियों को मौके पर संबंधित रूट के लिए प्रस्ताव भेजने के आदेश दिए थे, मगर लगभग दो महीने के बाद स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है।

## प्रशिक्षण प्राप्त कर अध्यापक पहुंचे स्वदेश

**सुन्नी ।** सरकार द्वारा प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे गए अध्यापक स्वदेश लोट आए है। बता दें की प्रदेश के विभिन्न जिलों के 102 अध्यापकों को प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजा था वह स्वदेश वापस लौट आए हैं। एडिशनल डायरेक्टर बाबूराम शर्मा के नेतृत्व में गए इन अध्यापकों में 41 प्रधानाचार्य भी मोजूद रहे । प्रशिक्षण के लिए विदेश गए हिमाचल प्रदेश प्रधानाचार्य एवं निरीक्षण अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरि शर्मा ने बताया की विदेश गए अध्यापकों को सिंगापुर जैसे विकसित राष्ट्र की शिक्षा प्रणाली, उत्कृष्टता के मानकों और शिक्षा प्रणाली में अपनाई जा रहे नवाचार तौर तरीकों को जानने व सिखाने का अवसर प्रदान किया गया ।

# सीटू ने जारी किया घोषणा पत्र



मजदूरों का घोषणा पत्र जारी करते हुए सामूहिक चित्र में सीटू के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सीटू का जिला स्तरीय अधिवेशन ने भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए मजदूरों का घोषणा पत्र जारी किया गया और अच्छे दिनों का नारा देकर सत्ता में आई नरेंद्र मोदी की सरकार का संकल्प लिया गया।

अधिवेशन का उद्घाटन सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर कश्मीर सिंह ठाकुर ने किया। सीटू ने राष्ट्रीय स्तर पर निर्णय लिया गया है कि लोकसभा चुनावों के दौरान मजदूरों के लिए मोदी सरकार से पिछले दस साल का हिसाब पूछा जाएगा जिसने मजदूरों के लिए बने 44 श्रम कानून निरस्त कर दिए हैं।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 30 अप्रैल तक सभी यूनियनों की खंड कमेटियों की बैठकें की जाएगी और 1 मई मजदूर दिवस से गांव में जनअभियान शुरू किया जाएगा।

## हिमाचल में मिशन लोटस चलाने वालों को उपमुख्यमंत्री का चैलेंज

# दम है तो 46 महीनों में सरकार गिराकर दिखाएं : मुकेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि कोई ताकत नहीं है जो हिमाचल में कांग्रेस सरकार को अस्थिर कर सकती है। प्रदेश में छह विधानसभा के उपचुनावों में जनता का रुझान स्पष्ट कर रहा है। उन्होंने भाजपा के मिशन लोट्स चलाने वाले नेताओं को चैलेंज किया है कि दम है तो 46 महीनों में वे कांग्रेस सरकार को गिराकर दिखाएं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार का अभी 46 महीना का कार्यकाल बचा हुआ है और इस कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस अपनी सीटों को 34 से 45 के आंकड़े तक पहुंचाकर रहेगी।


हरोली में कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद लोग।

हरोली में कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल के लोगों को डरने की बात नहीं है। चारों लोकसभा सीटों पर भी कांग्रेस जीत हासिल करेगी। इसका भाजपा के नेताओं की बौखलाहट से भी अनुमान लगाया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसी संगठन में अपने नेताओं के प्रति नाराजगी रहती है, मुख्यमंत्री के साथ किसी मंत्री के साथ भी किसी नेता की नाराजगी हो सकती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सभी लोग दगाबाज हो सकते हैं।

हिमाचल में 6 विधायकों ने अपनी गलती के कारण अपनी सीटें गंवाई हैं। उनकी इस गलती का संदेश पड़ोसी राज्यों के अलावा समस्त भारत में गया है कि विधानसभा सदस्य मनमर्जी से ऐसे कदम उठाएंगे तो वे लोगों के सीधे निशाने पर आएंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उस संगठन में कार्यकर्ता की क्या स्थिति होगी, जिसमें उसे बोलने तक की आजादी नहीं है।

प्रदेश की जनता देख रही है कि चार दफा विधायक और मंत्री रहे एक वरिष्ठ नेता को दूसरी पार्टी से दगा करके आए कल के नेता के प्रचार करने को कहा जा रहा है। एक नेता ऐसे जिनको पिछले ही चुनाव में प्रतिद्वंदी द्वारा पराजित किया गया और संगठन और नेतृत्व अब उस नेता से अपने राजनीतिक विरोधी के पक्ष में प्रचार करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह राजनीति की स्वच्छ परंपरा नहीं है।

हरोली में विकास के नए मील के पत्थर स्थापित किए गए हैं। हरोली के विकास को एक मॉडल के तौर पर देखा जा रहा है, जिसे हरोली के सबसे लंबे पुल और उसे आसपास की सौंदर्यीकरण को लेकर की गई व्यवस्था इस क्षेत्र को स्विट्जरलैंड बना रही है। करोड़ों रुपए से पुलों का निर्माण किया जा रहा है। कई करोड़ों से सड़कें बनाई जा रही हैं और पेयजल व सिंचाई योजनाओं के लिए कई करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। कुछ योजनाएं ऐसी हैं, जिनका पैसा एक प्रमुख विपक्षी दल का नेता अपने प्रभाव से जारी होने से रोक रहा है, लेकिन यह लंबे समय तक नहीं कर पाएंगे। बल्क ड्रग पार्क की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। बल्क ड्रग पार्क को बनाने के लिए निदेशक उद्योग विभाग का कार्यालय भी हरोली के भीतर बनाया जा रहा है। ये सभी योजनाएं पूरी होने के बाद हरोली विकास के शिखर पर होगा।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग स्वार्थ की राजनीति करते हैं और बड़े-बड़े संस्थानों के निर्माण का श्रेय खुद लेना चाहते हैं, लेकिन जनता यह सब जानती है। जिन लोगों को क्षेत्र के भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी तक नहीं है, वे यहां खुल रहे संस्थाओं का श्रेय लेने की होड़ में आगे आ रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की जनता से एक मार्मिक अपील भी की और कहा कि अब वह पत्नी के स्वर्गवास के बाद परिवार में अकेले हो गए हैं। उनके लिए हरोली की समस्त जनता ही परिवार है और बेटी आस्था को भी जनता से ऐसा प्यार मिलता रहे। इस अवसर पर संसदीय क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने भी बैठक को संबोधित किया।

बैठक में रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, पवन ठाकुर, सुमन ठाकुर के साथ कई नेता मौजूद थे। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में तीन निर्दलीय विधायकों को अपने इस्तीफे का कारण बताना चाहिए। यह भी बताना चाहिए कि वे इस्तीफा क्यों देना चाहते हैं। इस्तीफा देने के बाद वे चुनाव लड़ेंगे अथवा नहीं। विधानसभा अध्यक्ष को यह जानकारी जनता के हित को देखते हुए इन विधायकों से लेनी पड़ती है।

# प्रोफेसर ओंकार सिंह ने हासिल की डॉक्टरेट की उपाधि

**संजीव पुरी, ऊना**

**जिले का नाम रोशन करने पर लोगों में खुशी**

सैंसोवाल के प्रो. ओंकार सिंह ने शारीरिक शिक्षा में पीएचडी की उपाधि हासिल कर अपने समाज व जिले का नाम रोशन किया है। प्रो. ओंकार सिंह के बड़े भाई रविंद्र कुमार ने बताया कि ओंकार सिंह में बचपन से ही शिक्षा के प्रति काफी रुचि थी तथा अब तक हर एक परीक्षा उन्होंने प्रथम श्रेणी में पास की। एमपीएड के दौरान ही उन्होंने यूजीसी नेट की परीक्षा पास कर ली थी। इसके बाद उन्होंने दो बार नेट और सेट की परीक्षा पास की।



वर्ष 2013 से 2019 तक नवोदय विद्यालय समिति में बतौर शारीरिक शिक्षक सेवाएं दीं। इसके पश्चात हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा पास करके कॉलेज में सेवाएं शुरू कीं। उन्होंने बताया कि असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहते हुए सीटी विश्वविद्यालय लुधियाना से शारीरिक शिक्षा में पीएचडी की उपाधि हासिल कर समाज व जिले का नाम रोशन किया है। वर्तमान में ओंकार सिंह बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर (शारीरिक शिक्षा) राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

पीएचडी की उपाधि हासिल करने के बाद प्रो. ओंकार सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने स्व. पिता केवल सिंह, माता शीला देवी और समस्त परिवार के सदस्यों को दिया और उनके इस सफर में उनका साथ देने के लिए धन्यवाद भी दिया। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिजनों व लोगों में काफी खुशी है जिन्होंने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। (अनंत ज्ञान)

# 20 तक जमा कराएं लाइसेंसी हथियार

**ऊना।** जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने जिले में लोकसभा चुनाव और 2 विधानसभा उपचुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भय मुक्त तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी शस्त्र धारकों को 20 अप्रैल तक अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने के आदेश दिए हैं। पहले इसके लिए 25 मार्च की डेडलाइन थी, जिसे अब 20 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने सभी शस्त्र धारकों से 20 अप्रैल तक अपने हथियार एवं गोला बारूद नजदीकी पुलिस थानों या फिर अधिकृत डीलर अथवा शस्त्र घर में जमा करवाने को कहा है।

उन्होंने कहा कि आदेशों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि यह आदेश ड्यूटी पर तैनात सशस्त्र,अर्धसैनिक बल, होमगार्ड, पुलिस कर्मी, राष्ट्रीयकृत-अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सुरक्षा गार्ड और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले कर्मियों पर लागू नहीं होंगे।इसके अलावा राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन के विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लेने वालो सदस्यों को भी इन आदेशों से छूट रहेगी।

# राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन ने चुनावों को लेकर कसी कमर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**विधायक के दल बदलने के कारण हो रहे उपचुनाव : हीरा पाल**

राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन ने लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों को लेकर कमर कस ली है। इस संदर्भ में गगरेट संगठन की बैठक संयोजक अजय डढ़वाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें हमीरपुर लोकसभा के प्रभारी ठाकुर हीरा पाल सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में गगरेट में होने वाले उपचुनाव में राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन ने रणनीति बनाई।

उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव यहां के स्थानीय विधायक के दल बदलने के कारण हो रहे हैं। इसके पीछे बीजेपी जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां और जांच एजेंसियां का दुरुपयोग करके हिमाचल की स्थायी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की गई। ठाकुर हीरापाल सिंह ने इस बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन हर बूथ से पंचायत तक प्रचार करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का 15 माह का कार्यकाल बहुत बढ़िया रहा है। उनके कार्यकाल में आम लोगों के हितों की रक्षा का काम हुआ है। चाहे आपदा थी या अन्य कारण हों।

मुख्यमंत्री हर जगह सफल रहे हैं। उन्होंने आपदा प्रभावितों को जहां अपनी जेब से पैसे दिए, वहीं उनकी हर वक्त मदद की। मुख्यमंत्री का कार्यकाल सराहनीय रहा है। कांग्रेस लोकसभा और विधानसभा चुनाव में विजयी होगी क्योंकि लोगों ने यह ठान लिया है कि कांग्रेस को वे और मजबूती देंगे।

# सोलर लाइट्स पकड़े जाने की पुलिस ने की पुष्टि

**ऊना।** जिले में लोकसभा चुनावों और दो विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता लागू है। नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

इसी के दृष्टिगत गत दिवस उपमंडल गगरेट के तहत एक व्यक्ति ने सामग्री वितरण को लेकर शिकायत की। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए गगरेट पुलिस ने शिकायत के आधार पर अभयपुर गांव के एक घर में दबिश दी।

पुलिस ने दबिश के दौरान घर से 52 सौलर पैनल, 52 सौलर लाइटें और 81 जीआई पोल बरामद किए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बरामद की गई सामग्री को अपने कब्जे में ले लिया और आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी है। यह जानकारी एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने दी। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायत में चुनावों को प्रभावित करने करने की आशंका थी।

# कुटलैहड़ में मताधिकार को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिले में चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम जारी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी. जतिन लाल के निर्देशानुसार तीसरे दिन विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी के नेतृत्व में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कलामंच ने उपमंडल बंगाणा के मतोह पंचायत और चमयाड़ी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मताधिकार के प्रयोग के बारे में जागरूक किया।


मताधिकार को लेकर कुटलैहड़ में चलाए जा रहे कार्यक्रम में मतदान का संदेश देते गणमान्य।

उन्होंने सभी मतदाताओं से चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान करने को कहा, साथ ही भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने नाटक के माध्यम से एक जागरूक नागरिक होने तथा लोकतंत्र में उसकी भूमिका को भी परिभाषित किया। इस अवसर पर स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और लोगों को जानकारी देते हुए मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान मतोह में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता करवाई गई। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुनीता और द्वितीय स्थान पिंकी ने प्राप्त किया। इसी तरह चमयाड़ी में चम्मच रेस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। चम्मच रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीक्षा और द्वितीय स्थान शकुंतला देवी ने प्राप्त किया।

इस दौरान विजेता रहे प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि ब्लॉक स्तर पर असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर सोनू गोयलके दिशा निर्देश के अनुसार अब तक जनमानस को अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह की गतिविधियां और कार्यक्रम हो चुके हैं। इस अवसर पर सेक्टर ऑफिसर प्रो. अरविंद रत्न, सिहाना पंचायत के प्रधान सुनील कुमार, चमयाड़ी के प्रधान, फील्ड सुपरवाइजर सुनीता देवी, ब्लॉक लेवल ऑफिसर, मोनिका मानकोटिया, ब्लॉक लेवल ऑफिसर मीनू, अनिता आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर मेधावी छात्र होंगे सम्मानित


श्री गुरु रविदास महासभा इकाई की जिला स्तरीय बैठक में उपस्थित प्रमुख लोग।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

श्री गुरु रविदास महासभा इकाई ऊना की ओर से जिला स्तरीय बैठक वीरवार को ज्ञान भवन में महासभा की अध्यक्ष शकुंतला संधु की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से श्री गुरु रविदास मंदिर कुरियाला में मानने की तैयारियों का जायजा लिया। शकुंतला संधु ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को बाबा साहिब की जयंती पर संस्कृतिक कार्यक्रम करवाया जाएगा।

इसके अलावा स्कूलों में प्रथम व द्वितीय स्थान पर आने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व आईजी प्रदीप कुमार व विशेष रूप से पूर्व एचएएस बीआर कमल एवं पूर्व चीफ इंजिनियर एमआर दड़ोच भाग लेंगे। इस अवसर पर अधिकवक्ता नरेश कुमार, हरिचंद संधु, कुलविंद्र कौर, रमेश बंगा, बलराम महें, जगदीश, बलदेव चंद, राकेश चौधरी, संजय भाटिया, डॉ. नरेश कतनोरिया, कृष्ण चंद, रामपाल, नरेश कुमार, महिंद्र सिंह, सुरिंद्र दडोच, शाम कुमार सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पार्टी फूंक-फूंककर रख रही अपने कदम

## उपचुनाव के लिए उम्मीदवार को लेकर जल्दबाजी में नहीं लेना चाहती कोई भी निर्णय

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

गगरेट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के प्रत्याशी की घोषणा जल्द हो सकती है। पार्टी द्वारा इस क्षेत्र में प्रत्याशी की तलाश के लिए बनाई गई समिति ने कार्यकर्ताओं की फीडबैक ले ली है। चार विधायक जो कि पर्यवेक्षक बनाए गए थे, वे अपनी रिपोर्ट आलाकमान को जल्द सौंप सकते हैं।

समिति के सदस्य बुधवार को क्षेत्र के प्रमुख नेताओं से भी बातचीत करके लौटे हैं, जिसमें उन्होंने किसी एक नाम पर सहमति बनने के स्थिति में सभी को एकजुटता से प्रत्याशी के सहयोग की अपील भी की है। गगरेट में पहुंचे कांग्रेसी पर्यवेक्षक प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, ज्वालामुखी के विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय रत्न, इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन और चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू का गगरेट के कांग्रेसी नेताओं ने एकजुटता दिखाते हुए भव्य स्वागत किया था।


गगरेट में पहुंचे कांग्रेस समिति के सदस्य मंच पर बैठे हुए, साथ में हैं स्थानीय नेता।

गगरेट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी जल्दबाजी में कोई भी निर्णय लेने के पक्ष में नहीं लग रही है और फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। हालांकि गगरेट में एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति पैदा हो गई है। इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी जिताऊ उम्मीदवार को टिकट देने के पक्ष में है।

इसके लिए पार्टी द्वारा अपने स्तर पर सर्वे भी करवाए गए हैं। इस समय कांग्रेस की टिकट की दावेदारी सशक्त रूप में 5 ,6 लोग कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो स्थानीय समाज सेवा से जुड़ा एक कार्यकर्ता दौड़ में सबसे आगे बताया गया है। इसके अलावा एक कर्मचारी नेता भी गगरेट से टिकट की दावेदारी कर रहा है और प्रत्येक दावेदार अपने-अपने ढंग से दावेदारी प्रस्तुत कर रहा है।

उधर, यहां से धरतीपुत्र को टिकट देने की मांग भी जोरों से चल रही है, इस मांग को सिरे चढ़ाने वालों की बैठकों का दौर जारी है। सूत्रों की मानें तो इस क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी टिकट की घोषणा एक-दो दिन के भीतर होने की प्रबल संभावना है।

गगरेट में पर्यवेक्षक उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान पर्यवेक्षक के रूप में आए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने एक भेंट में बताया कि हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं की धरती है और यहां पर छल-कपट के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी का टिकट पर चुनाव लड़ने वाले नेताओं ने पार्टी के साथ जो गद्दारी की है, उसे आम जनमानस कभी माफ नहीं करेगा। बाहर से आए पर्यवेक्षकों ने उपस्थित एक-एक दावेदार से भेंट की एवं कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत तौर पर भेंट करके फीडबैक ली है। उनसे सारी स्थिति के बारे में जानकारी ली गई है। जातीय समीकरण और क्षेत्रीय आधार पर भी विचार-विमर्श हुआ है। उन्होंने बताया कि उन्होंने गगरेट विधानसभा क्षेत्र में जो आकलन किया है, उसके बारे में हाईकमान को अवगत करा दिया जाएगा और अंतिम निर्णय हाईकमान का ही होगा। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान किया जाएगा।

संजय रत्न ने बताया कि वह भी छात्र जीवन एनएसयूआई युवा कांग्रेस कांग्रेस पार्टी संगठन से जुड़े हुए व्यक्ति हैं और उन्होंने कई दौर देखे हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश की जनता प्रबुद्ध जनता है और वह सदैव जनहित के फैसले ही लेती है। उधर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि संगठन सर्वोपरि है और संगठन से ऊपर कोई नहीं है। जो हाईकमान फैसला करेगा, वह मान्य होगा। उन्होंने बताया टिकट की दावेदारी करना हर कार्यकर्ता का प्रजातांत्रिक अधिकार है।

**आयोजन** नव संवत के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला ऊना ने की कवि गोष्ठी

# भारतीय काल गणना और नवसम्वत्सर के महत्व पर दिए व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, अंब**

अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला ऊना द्वारा नवसम्वत्सर के उपलक्ष्य में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रांत अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद रीता सिंह के निर्देशन में रामलीला मैदान अंब नगर में आयोजित इस काव्य गोष्ठी में कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर राजेश कुमार सेवानिवृत्त समाजशास्त्री मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ।


काव्य रचना के लिए प्रतिभागी को सम्मानित करते आयोजक।

चिंतपूर्णी विकास समिति के संस्थापक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अश्विनी कुमार धीमान कार्यक्रम के कार्यकारी अध्यक्ष रहे। उन्होंने नवसम्वत्सर के परिपेक्ष्य में भारतीय काल गणना पर और डॉ. शिव कुमार गर्ग ने भारतीय चिंतन में नवसम्वत्सर का महत्व विषय पर विस्तृत व्याख्यान रखे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राकेश चड्ढा सेवानिवृत्त प्रभागीय प्रबंधक हिमाचल प्रदेश खाद्य आपूर्ति विभाग रहे। उन्होंने सम्वत्सर के बारे में बताते हुए कहा कि यह प्राचीन काल से चला आ रहा भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जिसकी गणना ग्रह गतियों के आधार पर की जाती है।

विदेशी संस्कृति के प्रभाव में हम अपने ही वैज्ञानिक तथ्यों को भूल कर पाश्यात्य सभ्यता के अनुकरण में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं, बल्कि हमारा दायित्व बनता है कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से वैज्ञानिक तत्थों को आम जनमानस तक पहुंचाया जाए, जिससे भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान एवं नवजागरण का भाव पैदा हो।

नवसम्वत्सर पर जिलाभर से आए हुए लगभग 17 कवियों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं, साथ ही रचना रानी, मधु ठाकुर, अंजू सोनी, औम देवी एवं वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार राजीव शर्मा ने कविता के माध्यम से नवसम्वत्सर का स्वागत किया। मुख्यातिथि राजेश कुमार ने आग्रह किया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों को अपनी संस्कृति के शाश्वत मूल्यों को वास्तविक रूप में पहचानने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर अश्वनी कुमार धीमान ने कहा कि भले ही युवा पीढ़ी नवसम्वत्सर के इस शुभारंभ से अनभिज्ञ हो, परंन्तु भारत का प्रत्येक नागरिक नवरात्रों का जानकारी रखता है, यही शाश्वत मूल्य हमारी दिनचर्या में समाए हुए हैं, जिन्हें वास्तविकता और वैज्ञानिक तथ्यों से जोड़ने का कार्य इस तरह के कार्यक्रम करते हैं।

इस अवसर पर डॉ. शिव गर्ग ने नवसम्वत्सर के मूलाधार और वर्ष में होने वाली घटनाओं पर प्रकाश डाला, साथ ही सभी से आग्रह किया कि जनजागरण के इस तरह के कार्यक्रमों के सफल संचालन में परिषद का समय-समय पर सहयोग करें। अंत में रचना देवी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रम संचालित करने का परिषद से आग्रह किया। इस अवसर पर रघुवीर सिंह, स्वप्न व सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कौशिक एवं सुनील ठाकुर डीजीपी डिस्क अवार्ड प्राप्त, विवेक दत्ता ने मंच संचालन अतिथि स्वागत में अपना-अपना सहयोग दिया एवं अभाविप के विभाग संगठन मंत्री अमन राणा एवं जिला संगठन मंत्री करण कुमार विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में सुनीता देवी की ओर से चलाए गए वैलनेस और ब्यूटी शिक्षण संस्थान के अन्य शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। ब्यूटी और वैलनेस के प्रशिक्षकों को सफलता के उपरांत प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में रजनीश, पूजा, आरती, अर्चना, पिंकी, नेहा आदि लगभग 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संचालक के रूप में शिवकुमार गर्ग का समय-समय पर सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा।

# कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने बनाई चुनाव को लेकर रणनीति


कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बैठक के दौरान।

**अनंत ज्ञान, हरोली**

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ब्लॉक हरोली की बैठक श्री गुरु रविदास मंदिर हरोली में हुई। बैठक में विशेष रूप से कांग्रेसी नेता बाबा संतोष दास बिट्टू ने शिरकत की।

बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष तरसेम लाल सहोता ने की, जिसमें करीब सौ लोगों ने भाग लिया। बैठक में लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति तैयार की गई। तरसेम लाल सहोता ने कहा कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में चारों सीटों पर जीत हासिल करेगी। जिले में अनुसूचित जाति विभाग द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ लेवल की बैठकें करेंगे। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ व गगरेट विधानसभा का चुनाव कांग्रेस भारी अंतर से जीतेगी।

बाबा संतोष दास बिट्टू ने कहा कि हरोली विधानसभा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के प्रयासों से विश्व मानचित्र के पटल पर छाया है। उन्होंने अनुसूचित जाति के संगठनों से आह्वान किया कि लोकसभा चुनाव में समर्थन को बढ़ाने के लिए धरातल पर काम करने के लिए जुट जाएं। हरोली विधानसभा के अध्यक्ष यशपाल सिंह जस्सा ने कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग से अपनी सक्रियता बढ़ाते हुए समर्थन जुटाने का आह्वान किया है।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त एसएचओ कमलदेव, लेखराज भारती, रमेश बंगा, ऊना अनुसूचित जाति विभाग ब्लॉक के अध्यक्ष बलराम महें, सुनीता, सुषमा, निर्मला देवी, हरी चंद, तिलक राज, रमन कुमारी, पाल सिंह पाली, मोनिका देवी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# पहाड़ पर नशे की काली छाया

पहाड़ी राज्य हिमाचल को एक काली छाया घेरती जा रही है। चिंता का विषय तो यह कि यह छाया दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है और इस राज्य की जवानी को गुमनामियों में डूबो रही है। यह काली छाया है नशे की, जो युवा पीढ़ी को निगले जा रही है। देवभूमि के नाम से मशहूर यह पहाड़ी प्रदेश अब नशे के कारोबार के कारण बदनाम भी होने लगा है। नशे के कारोबारी इसे नशा तस्करी का सेफ हेवन मान बैठे हैं। यही वजह है कि यहां हर रोज नशा तस्करी के कई मामले सामने आने लगे हैं। अभी दो दिन पहले ही प्रदेश की राजधानी शिमला में फल-फूल रहे नशे के कारोबार का यहां की पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस की विशेष जांच दल की टीम ने राजधानी के एक निजी होटल में नशे के कारोबर में संलिप्त पांच लोगों को पकड़ा है। इनमें पड़ोसी राज्य पंजाब के एक पूर्व मंत्री का बेटा भी शामिल है। उनसे नशे की बड़ी खेप पकड़ी गई है, साथ ही एक तराजू बरामद किया गया है, जिसमें तोल कर ये लोग यहां की युवा पीढ़ी को नशा बेचने के धंधे में लगे हुए थे।

हिमाचल में पकड़े जाने वाले नशा तस्करों और नशाखोरों में यहां के लोगों के अलावा बहुत सारे लोग पंजाब के होते हैं, जिससे जाहिर होता है कि यहां नशे के फैलने के पीछे पंजाब के नशा तस्करों का बहुत बड़ा हाथ है। पंजाब को 'उड़ता पंजाब' बनाने के बाद नशे के ये सौदागार पहाड़ को भी उड़ाने की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। ये लोग या तो यहां डेरा जमाकर बैठ गए हैं या फिर पंजाब से ही नशे की खेप भेजकर इसे हिमाचल की युवा पीढ़ी की नशों में भर रहे हैं। नशे के इन कारोबारियों ने ड्रग्स बेचने के नए-नए तरीके भी अख्तियार कर लिए हैं। दो दिन पहले ही पंजाब से ही एक कूरियर के जरिए हिमाचल में नशा भेजने का भी एक मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने कूरियर लेकर आए एक प्रवासी युवक को पकड़ा है।

ऐसा नहीं है कि नशे की सारी खेप बाहरी राज्यों से ही आ रही है, हिमाचल खुद भी नशा पैदा करने वाले प्रदेश के लिए जाना जाता है। यहां चरस का कारोबार सदियों पुराना है। इसका अपना एक अलग इतिहास है। यहां तैयार की चरस की सप्लाई देश भर में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी की जाती है, लेकिन जो चिट्टा यहां पकड़ा जा रहा है, वह बाहर से ही आ रहा है और जिस गति से यह प्रदेश भर के युवाओं को अपनी जकड़ में ले रहा है, वह सचमुच में चिंता का एक बड़ा विषय है। चिट्टे को एक जगह से दूसरी जगह ले जाना आसान होता है, नशा तस्कर दो-चार ग्राम चिट्टा बेचकर भी मोटी कमाई कर लेते हैं, यही वजह है कि इसका कारोबार दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद तस्करी के मामले कम होने की बजाय बढ़ते ही जा रहे हैं।

हिमाचल पुलिस की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 6 सालों में एनडीपीएस के मामले दोगुनी रफ्तार से बढ़े हैं। नशे के मामलों में प्रदेश देशभर में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। हालांकि, पंजाब इस सूची में शिखर पर ही है। हिमाचल की कुल जनसंख्या में से 0.24 प्रतिशत आबादी नशे की चपेट में है। एक सर्वे के अनुसार प्रदेश में करीब 2 लाख युवा ड्रग एडिक्टिड हैं। लड़के ही नहीं लड़कियां भी अब नशे की चपेट में आ रही हैं। ये स्थिति एक बड़े खतरे की ओर इशारा कर रही है। हिमाचल पुलिस की मानें तो 2017 में प्रदेश के अलग-अलग थानों में एनडीपीएस के 1221 मामले दर्ज हुए थे, वर्ष 2018 में 1722 तो 2019 में 1935 और 2020 में 2058 मामले दर्ज हुए। 2021 में 2223 मामले दर्ज हुए और 2022 में 2226 मामले सामने आए। वहीं, अगर बात 2023 की करें तो इस वर्ष हिमाचल में नशे के कुल 2147 मामले सामने आए हैं। इस साल भी कई मामले सामने आ चुके हैं, जो इस शांत राज्य को अशांत करने का कारण बनते जा रहे हैं।

# आदिशक्ति की आराधना और भारतीय समाज

भारतीय समाज में नवरात्र पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्र को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरुआत 9 अप्रैल से हो चुकी है, जिसका समापन रामनवमी के दिन 17 अप्रैल को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है।

नवरात्र के प्रथम स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है।



लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्न जड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और संपन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्न जड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्ज्वल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा।

कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी, तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है।

दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

मां दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है, लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड्ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय आठ वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्ज्वल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नौवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# स्कूल बस्ते के बोझ तले सिसकता बचपन

स्कूली परीक्षाएं खत्म हो चुकी हैं। बोर्ड कक्षाओं को छोड़कर बाकी सभी के परीक्षा परिणाम भी घोषित हो गए हैं और स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र भी शुरू हो गया है। कई बच्चे अब अगली कक्षा में बैठेंगे तो कई पहली बार स्कूल जाएंगे और अपने साथ लेकर चलेंगे कंधों में लटका एक ऐसा बोझ, जिसे उन्हें सारा साल ढोना पड़ेगा।

यह बोझ है बस्ते का, जो हर साल बढ़ता ही जाता है। यह एक ऐसा बोझ है, जिसके तले बच्चों का बचपन सिसकता रहता है। हंसने-खेलने की उम्र में बच्चों की पीठ पर किताबों, कॉपियों का इतना बोझ लटका रहता है, जो कभी-कभी तो उनके अपने वजन से भी ज्यादा होता है। बस्ते में बच्चों को सारी किताबें और कॉपियां डालनी ही पड़ती हैं, क्योंकि टीचर का पता नहीं होता कि वह कक्षा में कौन सी किताब या कापी खोलने का आदेश दे दे। कमोबेश यह स्थिति हर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे की है। बस्ते के बोझ से बच्चों का शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी बाधित हो रहा है। नौनिहाल शारीरिक पीड़ा ही नहीं, बल्कि मानसिक पीड़ा भी झेल रहे हैं, लेकिन



लेखक : हरजीव कुमार
अनंत ज्ञान समाचार पत्र

लगभग पांच दशक पहले विद्यार्थियों पर इतना बोझ नहीं होता था। मसलन पहली कक्षा के लिए एक किताब और दूसरी के लिए दो और तीसरी के लिए तीन और चौथी, पांचवीं के लिए चार किताबें और कॉपियां होती थीं। इतना ही नहीं, हर कक्षा के लिए स्तर के हिसाब से पहाड़े तथा गणित के प्रश्न होते थे, लेकिन आज पाठ्यक्रम में व्यवहारिक शिक्षा पर कम और रटने-रटाने पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि भारी स्कूली बस्तों की वजह से बच्चों में कई विकार पैदा हो रहे हैं।

पहली कक्षा में ही बच्चों को पांच से छह पुस्तकें और इतनी ही कॉपियां लेकर जाना पड़ता है। पांचवीं कक्षा तक के बस्तों का बोझ तो 10 किलो से भी ऊपर हो जाता है। इससे बच्चों की पीठ, घुटनों व रीढ़ पर असर पड़ रहा है। सरकारी स्कूलों में तो स्थिति इतनी खराब नहीं है, लेकिन निजी स्कूलों के बच्चे तो पढ़ाई के बोझ में इतने दब गए हैं कि वे खेलना भी भूल रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो आज बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान की जरूरत है, उस ज्ञान की कतई नहीं जो कि एक साल के बाद ही बच्चों के मस्तिष्क से निकल जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## नवरात्र चतुर्थ मां कूष्मांडा

शिव सन्याल (जवाली)

*नवरात्र चतुर्थ माता विराजयति।*
*सुख दायिनी कष्ट हरे, हरे कुमति।*
*रिद्धि-सिद्धि निधियों की वरदायिनी।*
*अष्टभुजा धारी तेजस्वी सिंह वाहनी।*
*कमंडल, धनुष, बाण, कमल धारणी।*
*पुष्प चक्र गदा सुशोभित कष्ट हरणी।*
*सर्वत्र ब्रह्मांड की कूष्मांडा जननी।*
*संपूर्ण सृष्टि की मां पूजनीय वंदनी।*
*जप, तप, ध्यान की कूष्मांडा देवी मां।*
*अनहद चक्र की विस्थापन भेदी मां।*
*कीजिए कूष्माण्डा मां की आरती।*
*सकल मनोरथ पूर्ण करे दुख हरती।*
*भक्त जाएं मां तुम पर बलिहारी।*
*दैदीप्यमान माता है जग में न्यारी।*
*माता तुझे मैं दिल से ध्याऊं।*
*जो वर चाहूं मां तुम से पाऊं।*

# हिमाचल की बेटी कंगना रनौत के खिलाफ टिप्पणियां निंदनीय

आभाजपा आलाकमान ने हिमाचल प्रदेश की बेटी कंगना रनौत को मंडी लोकसभा सीट पर प्रत्याशी घोषित करके महिलाओं को सम्मान दिया है। देवभूमि में बेटी का पूजन किए जाने की परंपरा है। कांग्रेस की महिला राष्ट्रीय प्रवक्ता ने हिमाचल प्रदेश की बेटी कंगना रनौत के खिलाफ सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणियां करके पार्टी की साख धूमिल की है। कंगना रनौत फिल्म अभिनेत्री बाद में, सर्वप्रथम वह हिमाचल की बेटी है। महिलाओं प्रति कांग्रेस के प्रवक्ताओं की सोच कितनी घृणित है, इसका आकलन करने की जरूरत है।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा जिस तरह सोशल मीडिया में कंगना रनौत को लेकर टिप्पणी की गई, वह निंदनीय है। कांग्रेस महिला प्रवक्ता द्वारा भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ की गई टिप्पणी की कुछेक कांग्रेस नेताओं ने भी इसका विरोध जताकर उनके खिलाफ अनापशनाप न लिखने की हिदायत दी है। एक महिला होकर दूसरी महिला खिलाफ सोशल मीडिया में अनाप-शनाप टिप्पणी किए जाने से देवभूमि की नारी जाति में इसका क्या असर पड़ेगा, कांग्रेस की महिला राष्ट्रीय प्रवक्ता को इसका आभास नहीं है। हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने महिलाओं को 15 सौ रुपए दिए जाने की घोषणा करके अपनी नैय्या पार लगाई थी। लोकसभा चुनावों में मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ कांग्रेस की राष्ट्रीय महिला प्रवक्ता द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी का असर सोशल मीडिया पर देखने को मिल रहा है। कंगना रनौत के खिलाफ सोशल मीडिया में कई तरह की अभद्र पोस्ट वायरल करके कुछ लोग भाजपा के खिलाफ अपनी भड़ास निकालने में मशगूल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता की कड़ी निंदा की। हिमाचल में कांग्रेस का आलम कुछ इस कदर है कि कोई भी नेता मोदी लहर का सामना करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। भाजपा ने चारों सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित करके आगामी रणनीति पर फोकस किया है।

गनीमत यह है कि कांग्रेस आलाकमान अपने प्रत्याशी मैदान में उतारने की वजाए भाजपा प्रत्याशियों के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां करके अपनी नाकामियां जगजाहिर कर रहे हैं। मंडी लोकसभा सीट पर वर्तनमान सांसद प्रतिभा सिंह इस बार चुनाव न लड़ने की घोषणा करके कांग्रेस आलाकमान की सिरदर्द बढ़ा चुकी हैं। अलवता कांग्रेस को ऐसा प्रत्याशी तलाश करने की अधिक जरूरत रहेगी, जो राष्ट्रवाद, हिंदुत्व की विचारधारा पर चलने वाली कंगना रनौत को पटखनी दे सके। कंगना रनौत सदैव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों का गुणगान करके हिंदुत्व का सार्वजनिक मंचों पर सरंक्षण करती हैं। मंडी में भाजपा के कई महारथी हैं, मगर कंगना रनौत पर ही बाजी क्यों खेली गई, गौर करने वाली बात है। कांग्रेस आलाकमान को यह बात स्मरण रखने की अधिक जरूरत की बहुसंख्यक आवादी बाले देश में हिंदुत्व खिलाफ जाकर सता हासिल अब नहीं की जा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# प्रकृति की नव चेतना का नववर्ष

भारतीय नववर्ष का शुभारंभ प्रकृति की नवचेतना के साथ होता है। वृक्ष नए रूप में पल्लवित होते हैं। प्रकृति सर्वत्र उत्साह का संचार करती है। मां दुर्गा की उपासना से माहौल भक्तिमय हो जाता है। दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन व वैज्ञानिक कालगणना का आविष्कार भारत में हुआ था। इसमें समय के न्यूनतम अंश का भी समावेश है। प्रलय के बाद भी यह कालगणना निरंतर जारी रहेगी। प्रासंगिक रहेगी। इसके नववर्ष में प्रकृति भी नए रूप में परिलक्षित होती है। यह संधिकाल आध्यात्मिक ऊर्जा को प्राप्त करने का अवसर होता है। इसमें पाश्चात्य नववर्ष की तरह देर रात का हंगामा नहीं होता।

भारतीय कालगणना में परमाणु से लेकर कल्प तक का विचार है, इसलिए यह पूर्णतया वैज्ञानिक है। भारतीय नववर्ष का प्रथम दिन अपने में व्यापक संदेश देने वाला होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही पृथ्वी माता का प्रादुर्भाव हुआ। इसी के साथ ब्रह्मा जी ने कालगणना का श्रीगणेश किया। नवरात्रि का प्रथम दिवस मत्स्यावतार, प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्य तिलक इसी दिन हुआ था। यह सभी अवसर भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाले हैं।

पृथ्वी के प्रादुर्भाव के एक अरब सत्तानबे करोड़ उनतीस लाख उनचास हजार एक सौ बाइस वर्ष हो चुके हैं। इस अवधि में एक पल का भी अंतर नहीं हुआ है। यह भारतीय वैज्ञानिक कालगणना की विशेषता है। इसकी बराबरी के विषय में दुनिया की अन्य कालगणना कल्पना भी नहीं कर सकती। ईसा पूर्व और ईसा बाद का प्रचलन तथ्य परक नहीं है। प्राचीन भारत के गुरुकुल अनुसंधान के केंद्र हुआ करते थे। कालगणना में क्रमशः प्रहर, दिन-रात, पक्ष, अयन, संवत्सर, दिव्यवर्ष, मन्वन्तर, युग, कल्प और ब्रह्मा की गणना की जाती है। हमारे ऋषियों ने चक्रीय अवधारणा का सुंदर वर्णन किया है। काल को कल्प और मन्वन्तर युग में विभाजित किया गया है। इसमें चार युग सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग हैं। इनकी चक्रीय व्यवस्था है, अर्थात ये शाश्वत रूप से आते-जाते हैं। इसकी पुनरावृत्ति होती रहती है। इसके अनुरूप इस समय ब्रह्मा की आयु के दूसरे खंड में, श्वेतावाराह कल्प में, वैवस्वत मन्वन्तर में 20वां कलयुग चल रहा है। इस कलयुग की समाप्ति के पश्चात चक्रीय नियम में पुन: सतयुग आएगा। वस्तुत: यह अवधारणा ही प्राकृतिक है। इसमें पिंड व ब्रह्मांड का भी विचार है। अंतर व बाह्य चेतना परम सत्ता से संबंधित है।



लेखक : डॉ. दिलीप अग्निहोत्री
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय कालगणना आधुनिक खगोल विज्ञान के लिए भी चमत्कार से कम नहीं। ईसा पूर्व जैसी परिधि में संभव ही नहीं है। यह कालगणना पृथ्वी के प्रादुर्भाव से प्रारंभ होती है। यह शाश्वत है। चारों युग समाप्त होंगे। नए युगों का चक्र प्रारंभ होगा, लेकिन यह कालगणना तब भी इसी गति से चलती रहेगी। इसमें एक पल का भी अंतर नहीं आएगा। इसके लिए प्रकृति को समझना होगा। प्रकृति के निकट जाना पड़ेगा। जीवनशैली में उसी के अनुरूप परिवर्तन करना होगा। कर्म और प्रारब्ध या भाग्य का यह अविनाशी चक्र निरंतर चलता रहता है। अपने विचारों में परिवर्तन कर श्रेष्ठ कर्म करना चाहिए। नववर्ष का शुभारंभ नवदुर्गा से होना भी विलक्षण है। यह आध्यात्मिक चेतना का अवसर है। नवरात्रि शक्ति आराधना का आध्यात्मिक पर्व है। इस समय प्रकृति में विविध रंग होते है। मां दुर्गा के इस पावन पर्व में रंगों का बहुत अधिक महत्व होता है।

नवरात्र में नौ दिन दुर्गा मां के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। प्रथम दुर्गा शैलपुत्री माता हैं। वह पर्वतराज हिमालय के घर में जन्मी थीं। इसके कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। शैलपुत्री माता की पूजा के दौरान पीले रंग वस्त्रों का महत्व है। दूसरी माता ब्रह्माचारिणी हैं। ब्रह्माचारिणी माता की पूजा नवरात्रि के दूसरे दिन की जाती है। इस दिन हरे रंग के वस्त्र ठीक रहते है। मां दुर्गा की तीसरी शक्ति चंद्रघंटा है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। चंद्रघंटा माता की पूजा के दौरान स्लेटी रंग का विधान है। मां दुर्गा की चौथी शक्ति कूष्मांडा माता हैं। कूष्मांडा माता के आठ भुजाएं हैं। नवरात्र के चौथे दिन कूष्मांडा मां की पूजा की जाती है। इस दिन नारंगी रंग के वस्त्र धारण करना शुभ होता है। मान्यता है कि मां कूष्मांडा को नारंगी रंग प्रिय है। पांचवीं शक्ति स्कंद माता हैं। स्कंदमाता अपने भक्तों की इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इस दिन सफेद रंग के वस्त्र शुभ होते हैं। माता कात्यायनी को अमरकोष में पार्वती का दूसरा नाम बताया गया है। नवरात्रि के छठे दिन कात्यायनी माता की पूजा की जाती है। कात्यायनी और दुर्गा माता दोनों को लाल रंग काफी प्रिय है। कालरात्रि माता दुर्गा माता की सातवीं शक्ति है।

कालरात्रि माता को काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी के इन रूपों से सभी राक्षस भूत, प्रेत, पिशाच और नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है। इनकी पूजा के समय नीले वस्त्र धारण करने चाहिए। महागौरी मां दुर्गा की आठवीं शक्ति है। नवरात्रि के आठवें दिन महागौरी माता की पूजा की जाती है। इनको गुलाबी रंग प्रिय है। सिद्धिदात्री माता मां दुर्गा की नौवीं और अंतिम शक्ति हैं। नवरात्रि के आखिरी दिन सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। इस दिन बैंगनी वस्त्रों को शुभ माना जाता है। यह प्रकृति के निकट होने का मनोवैज्ञानिक संदेश है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बहुत याद आते हैं सर्कस के बब्बर शेर, पशुओं में कृतज्ञता की भावना होती है

तब तक टीवी ने हम लोगों की शाम को बख्श दिया था, इजाद ही नहीं हुआ था। मोबाइल ने दिन-रात हड़पे नहीं थे। वह भी नहीं बना था। उस दौर में वक्त खुद प्रतीक्षा करता था। शहर में सर्कस लगने की खबर आते ही, आग जैसी फैलती थी। परिवारों में तो खासकर, मगर अब सर्कस में चौपायों में केवल घोड़े ही बचे हैं। ढाई सदी बीते दुनिया का सर्वप्रथम सर्कस चार अप्रैल 1768 के दिन ही आया था।

लंदन में फिलिप और उनकी पत्नी पैट्सी ने घुड़सवारी के करतब दिखाकर सर्कस की नींव डाली थी। इस छह फुटे फौजी अश्वारोही ने ही करिश्मायी शो आयोजित किया। वही बाद में विकसित होकर मनोरंजन में नया आयाम लाया। फिर अन्य चौपाये सर्कस में शरीक हुए। खासकर शेर बब्बर, बाघ, रीछ, हाथी इत्यादि। मगर पशुओं के प्रति क्रूरता वाला कानून संसद द्वारा बनते ही, सब बंद हो गया, सब फीका पड़ गया। लखनऊ की एक लोमहर्षक वारदात चिरस्मरणीय रहती है। पचास साल बीते। दयानिधान पार्क (लालबाग, नावेल्टी थियेटर के ठीक सामने) में सर्कस के तंबू गड़ा करते थे। एक दफा (1974) का किस्सा है, दैनिक 'नवजीवन' के चीफ रिपोर्टर साथी हसीब सिद्दीकी की जुबानी। उनके न्यूज एडिटर सुरेश मिश्र आधी रात नगर संस्करण में अंतिम खबर भेजकर, आदतन नजीराबाद के अब्दुल्लाह होटल के लिए रवाना हुए।



लेखक : के विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार

हजरतगंज के काफी हाउस से कई सालों पूर्व ही यह होटल दानिश्वरों जमावड़े के लिए मशहूर था। खासकर दूध की मोटी परत वाली मलाई के खातिर। सुरेश मिश्र वहां पहुंचे ही थे कि फुटपाथ पर सोने वालों की भगदड़ मच गई थी। पता चला था कि लालबाग पार्क में लगे सर्कस का एक शेर पिंजरे से निकलकर अमीनाबाद की सैर कर रहा था। वह एक सुशुप्त श्रमिक का मुंह चाटने लगा। नींद टूटने से नाराज श्रमिक आक्रोशित था। शेर पर हथेली चलाई। फिर उसे देखकर उसके होश उड़ गए और भागा। इस पूरे हादसे को सुनकर सुरेश मिश्र ने सर्वप्रथम दफ्तर फोन किया कि संस्करण देर से छपेगा। फिर स्वयं आकर पूरी खबर लिखी। इससे लखनऊ में जबरदस्त सनसनी फैली।

'नवजीवन' एकमात्र दैनिक था, जिसमें यह समाचार छपा था। दाद दी गई इस समाचार पत्र संपादक को कि ऐसी विलक्षण खबर चलाई। स्वाभाविक है कि बाकी अखबारों की प्रात:कालीन बैठक मे संपादकों ने रिपोर्टरों का कोर्ट मार्शल किया। इतनी बड़ी खबर? भीड़ भरे मार्केट में शेर का टहलना! कैसे छूट गई? मगर हम सब सुरेश मिश्र की कसीदे गाते हैं। मिलता-जुलता एक हादसा हुआ था इसी दयानिधान पार्क में 1950 में भी। उस दिन भी एक सर्कस में शेरों का शो हो रहा था। अकस्मात एक शेर रिंग मास्टर पर लपका और उसे घायल कर दिया। कुछ देर के लिए तो कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। सारे स्थानीय संवाददाता कार्यालय की ओर लपके। खबर शाया करने, मगर मेरे बड़े भ्राता स्व. के प्रताप राव सर्कस के अगले शो तक रुके रहे।

उन्होंने अगले शो में देखा कि वही घायल रिंग मास्टर फिर शेरों का शो पेश करता है? शो सफलता से पूरा हुआ। उस हमलावर शेर की कचूमर निकलने तक मारा। फिर दर्शकों की करतल ध्वनि के बीच शो का अंत हुआ। दफ्तर आकर मेरे भाई साहब ने रपट भेजी। खासकर रिंग मास्टर की फोटो तथा बहादुरी वाली कि घायल होकर भी शेरों का शो दोबारा दर्शाया, रोका नहीं। अगले दिन लखनऊ के दैनिकों के संपादकों ने सवाल किए अपने रिपोर्टरों से कि ऐसा बेहतर मानवीय पहलू क्यों नहीं लिखा? तब 'हिंदुस्तान टाइम्स' दिल्ली से ही छपता था। हवाई जहाज से लखनऊ भेजा जाता था। संपादक देवदास गांधी (महात्माजी के पुत्र) ने प्रताप भाई साहब को बधाई दी थी। बाद में पत्रकारिता छोड़कर बड़े भाई भारतीय विदेश सेवा में चयनित हुए। फ्रांसीसी उपनिवेश रहे ट्यूनीशिया में राजदूत थे। रिटायर होकर अमेरिका में बसे।

शेर का उत्कृष्टतम मानवीय प्रसंग है रोम (इटली) का। काफी मशहूर है। वहां एक यूनानी दर्जी एंड्रोक्लियस को गुस्सैल रोमन सम्राट ने शेर के साथ कोलोसियम स्टेडियम में फेंक दिया, मगर भूखे शेर ने उस आदमी को खाया नहीं। आश्चर्यचकित सम्राट को कैदी एंड्रोक्लियस ने बताया कि जंगल में एक बार कांटा चुभने से एक शेर कराह रहा था, तब इसी व्यक्ति ने कांटा निकाला था। यह वही शेर था, अत: उसे मारा नहीं, अर्थात पशुओं में भी कृतज्ञता की भावना होती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान नौ दिनों तक मां दुर्गा की बड़े धूमधाम से पूजा की जाती है। नवरात्रि के नौ दिन पूरे होने के बाद कन्या पूजन का विधान है। इस दौरान जो लोग नौ दिनों का उपवास रखते हैं, उन्हें अपने घर में कन्या पूजन जरूर करना चाहिए। मान्यता है कि कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। कन्या पूजन करने से आपको उपवास का भी फल मिलता है, साथ ही घर में सुख शांति बनी रहती है। नवरात्रि के बाद कन्या पूजन के द्वारा सभी भक्त मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। देवी भागवत पुराण के अनुसार, देवराज इंद्र ने भगवान ब्रह्माजी से भगवती को प्रसन्न करने की विधि पूछी, तो उन्होंने सर्वोत्तम विधि के रूप में कुमारी कन्याओं का पूजन ही बताया, तब से लेकर आज तक कन्या पूजन किया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस साल अष्टमी 16 अप्रैल और महानवमी 17 अप्रैल को पड़ रही है। आप इस दिन अपने घर कन्या पूजन कर सकते हैं।

**-श्रुति प्रकाश, दरंग**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 'छोटा पप्पू' बताए किस रेस्टोरेंट में खाया गोमांस : कंगना

## जब से टिकट मिला है तब से बदनाम करने में जुटी है कांग्रेस, विक्रमादित्य के पास नहीं कोई और चुनावी मुद्दा

**कमलेश वर्मा, मनाली**

- परिवार के दम पर राजनीति कर रहा छोटा पप्पू
- नवरात्र के अवसर पर भी बेटियों को कर रहे कलंकित
- ढिंचक-ढिंचक की टिप्पणी करने वाले मेरी फिल्म का एक सीन करके दिखाएं

मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कहा कि छोटा पप्पू यह कहता है कि मैं गोमांस खाती हूं और मैं धर्म विरोधी हूं। अगर उसके पास कोई सबूत है कि मैंने गोमांस खाया है, तो वह उसे जनता के सामने पेश क्यों नहीं करता है। यह बात वीरवार को मनाली की मनुरंगशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने कही।

कंगना ने कहा, विक्रमादित्य के पास इस समय अन्य कोई चुनावी मुद्दा नहीं है। दिल्ली में बड़ा पप्पू और हिमाचल में छोटा पप्पू है, जो नवरात्र में बेटियों को कलंकित करने में लगे हैं। वह कहता है 'मैंने' गोमांस खाया, तो वह यह भी बताए किस रेस्टोरेंट में खाया। मुंबई में 'मैंने' अपनी जगह बनाई। अब राजनीति में जगह तलाश रही हूं। ढिंचक ढिंचक की टिप्पणी करने वाले मेरी फिल्म का एक सीन करके दिखाएं, वह हिमाचल नहीं देश छोड़ कंगना ने कहा कि राजनीति सेवा भाव है। उन पर सवाल उठाने वालों को डेमो देकर दिखाया जाएगा कि राजनीति क्या होती है। ऐसे राजा बेटे उन्हें मुंबई में भी मिले। लेकिन, अपनी मेहनत से उन्होंने फिल्मों में हीरो ही खत्म कर दिए। एक पप्पू मुंबई में भी था। उद्धव ठाकरे ने उनका घर तोड़ा, जेल में डालने की धमकी भी दी, लेकिन 'मैंने' हार नहीं मानी। (अनंत ज्ञान)


भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत मनाली में कार्यकर्ताओं के साथ।

### आज नया भारत तेजी से हो रहा विकसित

कंगना ने कहा कि आज नया भारत तेजी से विकसित हो रहा है। हम कांग्रेस के झमेलों में फंसे हैं, इनके झांसे में न आएं। उन्होंने मासूमियत का फायदा उठाया। उस दुनिया में मत जाना जहां भारत भ्रष्टाचार में फंसा था। मनाली में उनका घर है। मनाली का हर जनमानस और बच्चा-बच्चा उनका अपना है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी के पुरुष हैं, जो नारी को आगे नहीं बढ़ने देते, वहीं दूसरी ओर दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी हैं जो हर समय देश की महिलाओं के उत्थान में लगे हुए हैं। इस दौरान मंडी संसदीय प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने भी लोगों से कंगना के लिए वोट देने का आग्रह किया।




### कुल्लवी पट्टू और टोपी में दिखीं कंगना

भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने जहां मंडी में मंडयाली बोलकर लोगों के दिलों में जगह बनाने की कोशिश की थी। वहीं, कुल्लू जिले के प्रवास में वह कुल्लवी पट्टू और हरी टोपी में नजर आई। वहीं, कंगना ने मनाली में मंच पर बैठे बुजुर्गों के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद भी लिया।

# विक्रमादित्य अपनी ही बात पलटने में नहीं लगाते देर : गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

भाजपा मंडी संसदीय प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गोविन्द ठाकुर ने कहा है कि विक्रमादित्य सिंह अलटू-पलटू राम हैं अपनी ही बात पलटने में देरी नहीं लगाते हैं।



मनाली में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य रामभक्त की बातकर राम लला के कार्यक्रम में अयोध्या जाने की बात की थी लेकिन बड़े पप्पू की बात में आकर वह अयोध्या नहीं गए। एक तरफ कंगना को बहन बोल रहे हैं और दूसरी तरफ कलकिंत करने में जुटे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि चार जून को केंद्र में नरेंद्र मोदी की फिर से सरकार बनेगी, जबकि हिमाचल में भी भाजपा की ही सरकार बनेगी। गोविंद ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे बड़े जौहरी है। वह हीरे की पहचान रखते हैं। कंगना रनौत को टिकट देने की बात करते हुए गोविंद ने कहा कि कंगना भी भाजपा हीरा है। कंगना को मैदान में देख कांग्रेस बौखला गई है। अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष गंगा सिंह ने अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में भाग लेने आए सभी लोगों का आभार जताया। इस दौरान कंगना के माता-पिता भी मौजूद रहे।

### धनेश्वरी ठाकुर ने भी विक्रमादित्य पर बोला हमला

**महिला** आयोग की पूर्व अध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर ने भी विक्रमादित्य पर हमला बोलते हुए कहा कि कंगना पर कीचड़ उछालते हुए जिन शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है वह बर्दास्त नहीं किया जाएगा। धनेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस नारी का सम्मान करना सीखे। कंगना को मैदान में देखते ही कांग्रेस अपनी हार मान बैठी है। उन्होंने कहा कि पहले भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस को हराया था, इस बार कंगना पांच लाख वोट से जीतेगी।

# बौखलाहट में अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे सीपीएस सुंदर ठाकुर : शौरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर जनता के प्रिय नेताओं को भाजपा ने लोस चुनावी मैदान में उतारा है। ऐसे में मंडी संसदीय क्षेत्र में भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत की चुनावी रणनीति काफी सक्रिय है और इससे कांग्रेस के नेता घबरा रहे हैं।



बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि कंगना को चुनावी मैदान में उतारा है, लेकिन अभी तक कांग्रेस अपने प्रत्याशी का चयन नहीं कर पाई है, क्योंकि उन्हें समझ ही नहीं आ रहा है कि वे किस तरह से हिमाचल में लोकसभा चुनाव को लड़ें। कांग्रेस संगठन काफी कमजोर हो गया है और कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों का भी अब आम जनता के बीच पर्दाफाश हो गया है। सीपीएस के द्वारा भी कंगना रनौत के खिलाफ जो बयानबाजी की गई है वह निंदनीय है। शौरी ने कहा कि सीपीएस सुंदर के द्वारा यह बयान दिया गया कि यह कोई बॉलीवुड की फिल्म नहीं, बल्कि लोकसभा का चुनाव है। तो इस बात को पूरे देश की जनता जानती है। कंगना रनौत ने बॉलीवुड में अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर हिमाचल का नाम पूरे भारत और विश्व में ऊंचा किया। वहीं, अब समाज सेवा के क्षेत्र में भी उतरकर हिमाचल का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगे, जिस तरह से कांग्रेस के नेता कंगना के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। उससे पता चलता है कि कांग्रेस के नेता महिलाओं का सम्मान करना नहीं जानते हैं और आए दिन गलत तरह की बयानबाजी कर महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचा रहे हैं।

# मनाली-लेह मार्ग की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी

## दारचा में स्थापित की चेकपोस्ट, बीआरओ ने 15 तक बारालाचा दर्रा को हल्के वाहनों के लिए बहाल करने का किया दावा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

मनाली-लेह मार्ग बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सड़क सीमा संगठन (बीआरओ) की मशीनरी बर्फ की ऊंची दीवारों को चीरकर आगे बढ़ रही है। उधर, दर्रा होकर वाहनों की आवाजाही और लोगों की सुरक्षा के लिए दारचा में पुलिस चौकी को भी स्थापित कर दिया है। यहां तैनात पुलिस जवान पूरे यातायात को नियंत्रित करेंगे।

हालांकि यहां से वाहनों को भेजने के लिए जिला प्रशासन ने समयसारिणी तय की है। सुबह सात से 11 बजे तक ही वाहनों को यहां से भेजा जाएगा। लद्दाख की जांस्कर घाटी की तरफ से फोर बाई फोर वाहन लाहौल में प्रवेश करेंगे। आने वाले दिनों में सैलानी भी शिंकुला की तरफ सैर-सपाटा करते नजर आएंगे। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले कुछ दिन में मौसम खराब रहने और ऊंचे इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है। एसपी केलांग मंयक चौधरी ने कहा कि शिंकुला दर्रा से फोर बाई फोर वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। उन्होंने मौसम को देखते ही लोगों से सफर करने की अपील की है। लाहौल-स्पीति पुलिस ने इस मार्ग में दिसंबर-2023 से हटाई गई पुलिस चेक पोस्ट फिर से स्थापित कर दी है। ऐसे में लेह मार्ग में बारालाचा को बहाल करने में बीआरओ ने अपनी मशीनें आगे बढ़ा दी हैं। बीआरओ ने दावा किया है कि बारालाचा दर्रा को 15 अप्रैल तक छोटे वाहनों के लिए बहाल किया जाएगा। डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने बताया कि अभी तक शिंकुला दर्रे को भी हल्के वाहनों के लिए बहाल किया गया है। इस दर्रे से अभी हल्के फोर बाई फोर वाहनों की आवाजाही को अनुमति दी गई है। फिलहाल इस दर्रे पर वाहनों की आवाजाही की वैकल्पिक व्यवस्था रहेगी।



पुलिस की ओर से दारचा में स्थापित की चेकपोस्ट।

### चुनावों के मद्देजनर बढ़ाई सतर्कता

जिले के भीतर रणनीतिक रूप से स्थित दारचा चेकपोस्ट लोकसभा चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव-2024 के दौरान सतर्कता और शांति बढ़ाने के साथ-साथ इस क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनों और पैदल यात्रियों की सुरक्षा और जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह चेक पोस्ट स्थापित किया गया है।

### रोहतांग सहित सभी दर्रों में आधा फुट हिमपात

**केलांग।** कुल्लू व लाहौल में मौसम ने फिर करवट बदल ली है। रोहतांग सहित सभी दर्रों में आधा फुट हिमपात हुआ है। रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजम, बारालाचा और तंगलंगला दर्रे में आधा फीट हिमपात हुआ है। हिमपात होने से सड़क बहाल करने में जुटे बीआरओ की दिक्कत बढ़ गई है। सुबह के समय अटल टनल रोहतांग के दोनों पोर्टल में बर्फ के फाहे गिरे। मौसम खराब होता देख सुबह के समय मनाली केलांग मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी, लेकिन मौसम थमते ही 11 बजे के बाद अभी वाहन टनल के आर-पार हो गए। आज हालांकि शिंकुला दर्रे में वाहनों की आवाजाही बंद रही, लेकिन मनाली केलांग मार्ग में वाहनों की आवाजाही सुचारु है। अप्रैल महीने के दूसरे सप्ताह में खराब चल रहे मौसम ने लाहुल के किसानों की दिक्कत को भी बढ़ा दिया है।

### पर्यटक बढ़ने की उम्मीद

पर्यटन नगरी मनाली में इस सप्ताहांत पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बताया कि पर्यटन स्थलों में हो रहे हिमपात से पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। इस सप्ताहांत पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद है।

# गुग्गा मंदिर परिसर, राष्ट्रीय राजमार्ग की साफ-सफाई की




**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

जगह-जगह कूड़ा-कचरा होने के कारण पर्यावरण दूषित हो रहा है, जिस कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में टीम सहभागिता ने स्वच्छता पर एक अभियान की शुरुआत की है, जिसके तहत वीरवार को टीम सहभागिता ने युवा विकास मंडल बाशिंग के सदस्यों के साथ मिलकर गुग्गा मंदिर के परिसर में एक स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया और कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास भी साफ-सफाई की। इस सामाजिक पहल के माध्यम से टीम सहभागिता ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का सदेंश दिया। कार्यक्रम में युवा विकास मंडल बाशिंग के सदस्यों के साथ टीम सहभागिता से राज्य उपाध्यक्ष राज सिंघानिया, खंड समन्वयक कुल्लू संदीप, परियोजना समन्वयक श्रवण, जय, अमन आदि भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# माता दुर्गा के भव्य मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में

**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज घाटी की बनोगी पंचायत के देहुरी गांव में माता दुर्गा के भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। अंतिम चरण में चल रहे मंदिर का निर्माण कार्य दो साल पहले शुरू हुआ था।

पांच मंजिला ऊंचे काष्ठकुणी शैली के नवनिर्मित मंदिर से पहले यहां कंकरीट का मंदिर था। 1990 में बने पुराने मंदिर को तोड़ कर अब पहाड़ी शैली में शानदार मंदिर बनाया जा रहा है। करीब दो करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे नए मंदिर को लेकर हारियाना के लोगों में खासा उत्साह है। माता के कारकून मेहर चंद ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए खर्चा जा रहा धन बनोगी कोठी के तहत आने वाले हारियानों ने स्वयं एकत्रित किया है। धन एकत्रित करने की इस विधि को स्थानीय बोली में सूंड कहा जाता है। सुचैहण, बनोगी और दुशाहड़ पंचायत में बसे माता के हारियानों ने मंदिर निर्माण के लिए जुआरी प्रथा का निर्वहन करते हुए निशुल्क काम किया और मंदिर को तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत की। नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 20 अप्रैल को देव विधि के साथ होगी। कारकून नारायण चौहान ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पीपल, खरशू, रखाल, वटवृक्ष, आम्रपात्र, पाखर और गुलर आदि के पत्ते की यज्ञमाला प्रयोग में लाया जाएगा।


देहूरी में निर्माणाधीन माता दुर्गा का भव्य मंदिर

### देव प्रक्रिया होगी शुरू

माता के पुजारी रोशन लाल शर्मा ने बताया कि माता की प्राचीनतम मूर्ति का मंदिर में प्रवेश मुहूर्त कन्या लगन में होगा। इसके बाद देव प्रक्रिया शुरू होगी। पझारी सहित सैंज घाटी के समस्त देव समाज के कारकूनों को आमंत्रित किया गया है। हारियानों में नवनिर्मित मंदिर को लेकर खुशी की लहर है। घाटी के देवता पुंडीर ऋषि, श्रीनाग, जनासर, पझारी सहित सैंज घाटी के समस्त करकूनों में खुशी की लहर है। माता दुर्गा के भंडारी व बनोगी पंचायत के उपप्रधान राजकुमार ने कहा कि भव्य मंदिर की प्राण-प्रीतिष्ठा के लिए माता गाड़ा दुर्गा बांदल, पुण्डरीक ऋषि पंजाई, शाना ऋषि चायल सराहन, पल्दी घाटी तथा सैंज घाटी के समस्त देवी-देवताओं को आमंत्रण भेजा गया है। माता दुर्गा के मंदिर की प्राण-प्रीतिष्ठा के लिए यह एक ऐतिहासिक पल बनने जा रहा है।

# लाहौल से सचिन मिरूपा ने विधानसभा उपचुनाव में ठोंकी कांग्रेस से दावेदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति कांग्रेस पार्टी में विधानसभा उपचुनाव की उम्मीदवारों की दावेदारी बढ़ती जा रही है। लाहौल-स्पीति की सभी घाटियों से अभी तक लगभग दो-दो कांग्रेसी नेताओं ने अपनी-अपनी दावेदारी ठोंकी है और दावेदारों की संख्या अब 17 पहुंच गई है। इसी बीच कोकसर निवासी सचिन मिरूपा ने भी कांग्रेस पार्टी से अपने दावेदारी की पेशकश मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष अपना आवेदन रखा। वर्तमान में ग्राम पंचायत कोकसर के प्रधान एवं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी सचिन मिरूपा ने लाहौल- स्पीति कांग्रेस पार्टी से विधानसभा उपचुनाव की अपने दावेदारी जताई है। उन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री को लिखित में अपनी दावेदारी की है। मिरुपा ने बताया कि छात्र संगठन से लेकर भारत जोड़ो यात्रा में पूर्णकालिक रूप से अपनी भागीदारी दी है। छात्र राजनीति से जुड़ते भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन में विभिन्न पदों पर रहते अपनी जिम्मेवारी बखूबी निभाई है। वर्तमान में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अधिक पदाधिकारी हैं। लिहाजा, कांग्रेस में अब दावेदारों की संख्या बढ़ती जा रही है।



# धूमधाम से मनाई ईद-उल-फितर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने धूमधाम से ईद उल फितर का त्योहार मनाया। इस मौके पर उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारक दी। लोगों ने ईद की नमाज अता कर अल्हा ताल्हा से देश में अमन चैन और की दुआएं मांगीं।

कुल्लू के अखाड़ा बाजार सहित जिलेभर में मस्जिदों में इस त्योहार की धूम रही। वहीं, भुंतर के जिया गांव में वार्ड नंबर एक में रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने ईद का त्योहार आपस में गले मिलकर मनाया। ईद को मीठी ईद और ईद-अल-फितर के नाम से भी जाना जाता है, रमजान के पवित्र महीने, उपवास के इस्लामी पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। जिया की मस्जिद में मुस्लिम लोगों ने नमाज अदा की व अमन चैन की दुआएं मांगीं। पूर्व पंच हसनदीन, इब्राहीम, यूसफ, अल्ली, सुलेमान, नूर अली, शफी व जुसफ ने बताया की ईद का त्योहार आपसी भाई चारे का प्रतीक है। जिया की मस्जिद में धूमधाम व भाईचारे के बीच ईद मनाई गई, सभी ने गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी।


ईद-उल-फितर मनाते मुस्लिम समुदाय के लोग।

# स्मृति युवा मंडल मनाएगा भीमराव अंबेडकर की जयंती

**कुल्लू।** स्मृति युवा मंडल शिरड हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन करेगा। स्मृति युवा मंडल के प्रधान तुले राम ने बताया कि इस अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस आयोजन में बच्चों व महिलाओं की कुर्सी रेस, बोरी रेस, घड़ा फोड़ना, रस्साकशी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर आधारित भाषण प्रतियोगिता भी करवाई जाएंगी।

**आयोजन** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यंग फार्मर लोअर केलांग करवा रहा आयोजन

# गुंगशेल में पहली बार होगी तीरंदाजी प्रतियोगिता

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

केलांग के नजदीक गुंगशेल गांव में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। 13 अप्रैल को गुंगशेल गांव में पुरुष ओर महिला वर्ग के लिए तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन यंग फार्मर लोअर केलांग के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पुरुष वर्ग की टीम के लिए 800 रुपए एंट्री फीस भरनी होगी, जबकि महिला वर्ग के लिए फीस मात्र 400 रुपए निर्धारित की गई है।

प्रतियोगिता गुंगशेल गांव में 10 बजे से शुरू करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता में पुरुष ओर महिला दोनों वर्ग के लिए सिंगल ओर ग्रुप दोनों ही तरह की प्रतियोगिता करवाई जाएगी। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों के लिए नकद धनराशि के साथ-साथ ट्रॉफी ओर मेडल बतौर पुरस्कार भेंट किए जाएंगे। ग्रुप टीम के विजेता प्रतिभागियों के लिए प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए नकद एवं ट्रॉफी, द्वितीय विजेता को 4000 रुपए एवं ट्रॉफी ओर तृतीय पर रहे विजेता को 3000 रुपए व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।



इसके साथ ही सिंगल तीरंदाजी प्रतियोगिता के प्रथम स्थान पर रहे विजेता को 4000, द्वितीय स्थान पर रहे विजेता को 3000 ओर तृतीय स्थान पर रहे विजेता को 2000 रुपए की नकद धनराशि बतौर पुरुस्कार भेंट की जाएगी। यंग फार्मर लोअर केलांग संस्था के अध्यक्ष नवांग तन्जिन ने तीरंदाजी प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता पहली बार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए करवाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### रुचि बढ़ाने का प्रयास

यंग फार्मर लोअर केलांग संस्था गुंगशेल गांव के आसपास की प्राकृतिक सौंदर्य को पर्यटन की दृष्टि से प्रमोट करने के लिए इस प्रतियोगिता के माध्यम से एक प्रयास करने जा रहा है साथ ही घाटी में तीरंदाजी प्रतियोगिता के प्रति लोगों की रुचि बढ़े इसके लिए भी संस्था अपने स्तर पर इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करवा रही है। लाहौल घाटी के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न मौकों पर तीरंदाजी प्रतियोगिता करवाने की परंपरा है और इस खेल को घाटी में बहुत पसंद किया जा रहा है।



# राज्य स्तरीय घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव में रही अव्यवस्थाएं, कई मामलों में रहा विवाद

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पांच दिवसीय राज्य स्तरीय घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव इस बार कई खट्टी-मीठी यादों के साथ संपन्न हुआ। मेले में इस बार काफी मामलों को लेकर विवाद रहा। जहां एक तरफ इस ग्रीष्मोत्सव के राज्य स्तरीय घोषित होने के बावजूद मेला स्थल पर जिला स्तरीय ग्रीष्मोत्सव के ही बोर्ड लोगों का स्वागत करते दिखे।

वहीं, मेला स्थल में एक भवन के अंदर लगाए गए कूड़े के ढेर भी लोगों का मुंह चिढ़ाते रहे। यहां तक कि इस बार नगर परिषद से लेकर अन्य विभागों के पदाधिकारियों ने भी पूरे उत्सव के दौरान एक दूरी बनाए रखी जो कहीं न कहीं यह बता रहा था कि इन लोगों के मन में भी किसी न किसी बात को लेकर रोष है। लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगने के कारण इस बार मेले में स्थानीय नेताओं के हस्तक्षेप न होने के कारण मेला अध्यक्ष द्वारा बनाई गई कमेटियों में बिलकुल भी तालमेल नहीं दिखा। साफ नजर आया कि जिस भी कमेटी को जो काम सौंपा गया था। वह उन्होंने आधे अधूरे मन से किया था। वहीं, इस बार भी पशु मेला ग्रीष्मोत्सव शुरू होने से एक दिन पहले ही संपन्न करवा दिया गया। वहीं, इस बार इस ग्रीष्मोत्सव में आयोजित की जाने वाली संस्कृतिक संध्याओं के आयोजन स्थल को बदले जाने के कारण लोगों में काफी रोष रहा। हर वर्ष मेला ग्राउंड के पास स्कूल में ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता आ रहा है। लेकिन इस बार प्रशासन समय रहते कोर्ट से इसकी परमिशन लेने में असफल रहा। वहीं, सांस्कृतिक संध्याओं में कुछ लोग चलते कार्यक्रम में स्टेज पर चढ़ गए। इससे कार्यक्रम देने आए कलाकार भी सहज नजर नहीं आए।

## कलाकारों को पूरा समय न देने पर रोष

**इस** बार ग्रीष्मोत्सव में सबसे ज्यादा अव्यवस्था सांस्कृतिक संध्याओं के दौरान देखी गई। जब कार्यक्रम देने के चुने गए कलाकारों की जगह कार्यक्रम में चेहतों को तरजीह दी गई। इससे महंगे दामों पर बुलाए गए कलाकारों को मात्र एक या दो गाना-गाने का ही समय दिया गया। बाकी समय चहेतों को ही दे दिया गया। इस बात को लेकर लोगों में भी काफी रोष रहा कि अच्छे कलाकारों को स्टेज पर पर्याप्त समय ही नहीं दिया गया। इस वर्ष ग्रीष्मोत्सव अव्यवस्थाओं के चलते अपनी छाप छोड़ने में पूरी तरह नाकाम रहा।

## इस बार प्रदर्शनियां भी न के बराबर रहीं

**दूसरी** तरफ इस बार मेले में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए जाने वाली प्रदर्शनी भी न के बराबर लगाई गई थी। अधिकतर विभागों में प्रदर्शनी लगाना भी उचित नहीं समझा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को

**बिलासपुर।** मनीषा गोयल सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने बताया कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 11 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडूता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे। इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमे, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे। मुक्त कानूनी सहायता या सलाह के लिए प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबरों, टोल फ्री नंबर 15100 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला, सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर 01978-221452, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-224887 और उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, घुमारवीं के दूरभाष नंबर पर 01978-254080 पर संपर्क कर सकता है।

# सब्जियां हुईं महंगी; भिंडी 160 और शिमला मिर्च 150 रुपए किलो

## सब्जियों के भाव ने बिगाड़ा गृहिणियों की रसोई का बजट, लहसुन बिक रहा 200 रुपए किलो

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सब्जियों के भाव ने इन दिनों गृहिणियों की रसोई का बजट बिगाड़ कर रखा दिया है। आम आदमी की थाली से हरी सब्जियां गायब होने लगी हैं। सब्जी के दामों में एकदम से इतना उछाल आया है कि कम आय वाले परिवारों के लिए हरी सब्जी खरीदकर खाना मुश्किल हो रहा है। कमरतोड़ महंगाई से साथ भोजन का जायका भी बिगड़ रहा है। हर सब्जी में प्रयोग होने वाला लहसुन 200 रुपए किलो बिक रहा है। वही, भिंडी बाजार में 160 रुपए किलो बिक रही है। जबकि करेला 120 रुपए किलो बिक रहा है। वहीं, शिमला मिर्च 150 रुपए किलो बिक रहा है और मटर 100 रुपए किलो बिक रहा है। सब्जी विक्रेताओं की माने तो अभी तक सब्जी के दामों में कमी की कोई उम्मीद नजर नही आ रही है। ऐसा भी नहीं है कि सब्जी के दाम बढ़ने से सब्जी विक्रेता कोई ज्यादा लाभ कमा रहे है, उल्टा सब्जी की बिक्री कम होने से उनके लाभ में भी कमी आई है। इस संबंध में लोगों का कहना है कि बाजार में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। समझ में नहीं आता क्या सब्जी खरीदें। कोई भी सब्जी 40 रुपए प्रतिकिलो से नीचे नहीं है।



सब्जियों का फाइल फोटो।

## लोगों ने दाम कम करने की उठाई मांग

**पांच** लोगों के परिवार में एक टाइम की सब्जी बनाने में कम से कम 100 रुपए खर्च हो रहे हैं। वहीं, गृहिणियों का कहना है कि सब्जी क्या हर चीज महंगी हो गई है। सब्जी के दामों को नियंत्रित करने के लिए सरकार को कुछ कदम उठाने चाहिए। अन्यथा इस महंगाई में आम जनमानस का जीना मुश्किल हों जाएगा।

# 23 से 25 अप्रैल तक मनाया जाएगा बैसाखी नलवाड़ मेला

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

उपमंडल झंडूता में तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैसाखी नलवाड़ मेला 23 से 25 अप्रैल तक मनाया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर मेला कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम झंडूता योगराज धीमान की अध्यक्षता बैठक हुई। मेले के शुभारंभ पर 23 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा झंडूता के प्राचीन ठाकुरद्वारा नर सिंह मंदिर से मेला मैदान तक निकाली जाएगी।

मेले का शुभारंभ खूंटा गाड़कर और पूजा-अर्चना से किया जाएगा। 23 और 24 अप्रैल को महिला मंडल की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसी दिन विभिन्न सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि इस बार सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

वहीं मेले के समापन समारोह पर 25 अप्रैल को छिंज का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले को सफल बनाने के लिए सभी विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवी संस्थाओं सहित स्थानीय लोगों का सहयोग चाहिए।

उन्होंने विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को मेला कमेटी की विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारी सौंपने की बात कही। इस मौके पर सहायक आयुक्त एवं तहसीलदार झंडूता अर्शिया शर्मा, जिला खेल अधिकारी रविशंकर, जिला पार्षद प्रोमिला वसु सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 25 अप्रैल को होगा छिंज का आयोजन

**एसडीएम** ने बताया कि इस बार सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं मेले के समापन समारोह पर 25 अप्रैल को छिंज का आयोजन किया जाएगा।

# ट्रक ऑपरेटरों पर थोपे जा रहे नए-नए नियम : राकेश

## पूर्व प्रधान ने वर्तमान मैनेजमेंट पर लगाए आरोप, जल्द मांगा समस्या का हल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एशिया के सबसे बड़ी ट्रक परिवहन सभा बरमाणा के विपक्षी दल ने एक बार फिर से आम ऑपरेटरों के हकों के लिए जंग शुरू कर दी है। इसी के चलते विपक्ष दल ने पूर्व प्रधान राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में एक आपातकाल बैठक का आयोजन किया। अपने हकों के लिए बीडीटीएस बरमाणा कार्यकारिणी के सदस्यों की एक बैठक में वर्तमान सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान कार्यकारिणी नित नए दिन ऑपरेटरों पर नए-नए नियम थोपने शुरू कर दिए है।

पूर्व प्रधान राकेश ठाकुर ने वर्तमान मैनेजमेंट के प्रधान पर ट्रांसपोटरों को सीमेंट डिमांड ढुलाई बढ़ाने व कई मुद्दों को लेकर लोगों को झूठे सपने दिखाने का आरोप लगाया है। अभी ऑपरेटरों के पुराने जख्मों भरे नहीं, उन्हें पुन: कुरेदना शुरू कर दिया है। इस मैनेजमेंट ने सीमेंट क्लिंकर ढुलाई को लेकर गाड़ियों की लोडिंग और पहुंचने की समय-सारिणी तो फिक्स कर दी।



जबकि अनलोडिंग का कोई उचित प्रबंध व समय का प्रावधान नहीं किया। अगर किसी की गाड़ी थोड़ी लेट भी हो जाए तो उसका गेट पास कैंसिल कर दिया जाता है। गाड़ियों के टर्न वाइज नंबर मनमाने तरीके से काटे जा रहे हैं। जबकि पूर्व में गाड़ियों के नंबर तभी काटे जाते थे जब कोई गाड़ी कम चक्कर लगाती थी। आज के समय में हर गाड़ी का 10 या 12 दिन के बाद नंबर आता है। अब आम ट्रक का ऑपरेटर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। अनुबंध अनुसार वार्षिक वृद्धि के बारे में बीडीटीएस कार्यकारिणी कोई प्रयास नहीं कर रही है। इससे ट्रक ऑपरेटर को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। यही नहीं न तो एचपी टोल के पैसे अनुबंध अनुसार मिल रहे हैं और डिमांड भी बिलकुल खत्म हो चुकी है। अब ऐसे हालात में ऑपरेटरों की आर्थिक दशा दयनीय हो चुकी है।

## कर्जदार बनते जा रहे ट्रक ऑपरेटर्स

**बीटीएस** मैनेजमेंट न तो अनुबंध अनुसार वार्षिक वृद्धि दिलवा रही है और काम भी न के बराबर है। इससे ऑपरेटर को लोन की किस्त, गाड़ी का खर्चा और अपने रोजमर्रा के खर्चे तो क्या निकालना लेकिन उल्टा कर्जदार बनते जा रहे है। इन हालातों से लगता है कि बीडीटीएस वर्तमान मैनेजमेंट प्रधान धृतराष्ट का रोल अदा कर रहे है। उन्हें लोगों की कोई भी चिंता नहीं है।

## अनलोडिंग को करना पड़ रहा दस दिन का इंतजार

**उन्होंने** बताया कि अगर कोई गाड़ी किसी स्टेशन पर चली जाती है तो उसको अनलोडिंग के लिए दस-दस दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। डिमांड नाम मात्र की रह गई है। उन्होंने कहा कि अब जिला बिलासपुर के ऑपरेटर अपने आप को असहाय और असमर्थ महसूस कर रहे हैं। वर्तमान मैनेजमेंट लोगों की समस्याओं को सुलझाने में नाकाम साबित हो रही हैं।

# सत्ता पाने के लिए छटपटा रही है भाजपा : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप सांख्यान ने प्रेस को जारी बयान के माध्यम से भाजपा को नसीहत दी है कि अति उत्साह और घमंड आज तक किसी का नहीं रहा है, अभिमानी का सिर सदैव झुकता आया है। उन्होंने कहा कि कई गुटों में बंटी भाजपा यदि इस चुनाव को सहजता से ले रही है, तो मुगालते में न रहे।



उन्होंने कहा कि अभी हाल में ही संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में हिमाचल की जनता ने सुशासन पर मोहर लगाकर प्रचंड बहुमत से कांग्रेस के हाथों में सता की बागडोर सौंपी है। तब से लेकर अब तक भाजपा छटपटा रही है, भाजपा का सता जाने का मोह और पाने का लोभ इनके स्तर को इतना गिरा चुका है कि जनता में यह हंसी का पात्र बन गए। पिछले कुछ दिनों में भाजपा द्वारा की गई खरीद फरोख्त के कारण उनके स्तर में आई भारी गिरावट से भाजपा की हालत खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे जैसी हो गई है। संदीप सांख्यान ने कहा कि पूर्व में हिमाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों पर एक नजर दौड़ाई जाए तो 25 से 28 विधानसभा क्षेत्र ऐसे थे इनमें भाजपा के समानांतर उम्मीदवार अपनी गुटबाजी की वजह से उतरे थे, इन बागियों ने भाजपा को पहले भी सबक सिखाने मे कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी और अब भी उनके हौंसले बुलंद हैं। यही कारण है कि वही टीस आज भी भाजपा के संगठन में साफ दिख रही है। आए दिन कांग्रेस को कोसने में लगे भाजपाइयों को अपने गिरेबांन में झांकने की जरूरत है। अगर भाजपा का सबका साथ, सबका विश्वास कारगर होता तो हिमाचल प्रदेश में भाजपा का सूपड़ा साफ नहीं होता। जनता को पता चल चुका है कि इनकी कथनी और करनी आपस में मेल नहीं खाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### जल्द होगा अंडर-19 क्रिकेट टीम का चयन

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन यानि एचपीसीए के तत्वावधान में होने जा रही अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर टीम का चयन आगामी रविवार को होगा। यह जानकारी देते हुए बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने बताया कि 14 अप्रैल को होने वाली इस चयन प्रक्रिया में बिलासपुर जिला की अंडर-19 क्रिकेट टीम चुनी जाएगी। इसमें पहली सितंबर 2005 के बाद पैदा हुए खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया सुबह नौ बजे शुरू हो जाएगी। ट्रायल्स का कार्यभार बतौर संयोजक आरके रघु को सौंपा गया है। जबकि चयन समिति में उमेश गौतम, विशाल रतवान, जितेंद्र ठाकुर, पवन ठाकुर व विनेंद्र डोगरा को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि 16 से 26 अप्रैल तक बिलासपुर टीम का प्रशिक्षण शिविर लगेगा जबकि बिलासपुर की टीम अपना पहला मैच उना में जिला चंबा के साथ खेलेगी। यह प्रतियोगिता तीन दिवसीय मैचों की होगी।

### लो वोल्टेज से परेशान सेल गांव के लोग

**झंडूता।** ग्राम पंचायत डमली के गांव सेल में करीब 30 परिवार लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में 10 परिवार ऐसे हैं जिन्हें अभी भी दो फेस लाइन की सुविधा मिली है। लोगों ने विद्युत बोर्ड से लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। स्थानीय लोगों जयराम, सुरजीत, जगतपाल, विनोद कुमार, पवन कुमार, रामकरण, प्रकाश चंद, रतन लाल, श्याम लाल और दीप चंद ने बताया कि लो वोल्टेज के कारण कूलर और पंखे शोपीस बने हुए हैं। पशुओं के लिए घास काटने वाली मशीन भी सही ढंग से काम नहीं कर रही हैं। बच्चों को पढ़ने में भी दिक्कतें पेश आ रही हैं। लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका अभी तक कोई भी निवारण नहीं हो पाया है। ग्राम पंचायत प्रधान डमली वंदना कुमारी ने बताया कि बहुत समय से लो वोल्टेज की समस्या है। इसके बारे में कई बार अवगत करवाया गया है, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं हो पाया है। उधर, कनिष्ठ अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शीघ्र ही बड़ा ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। इसके बाद समस्या का समाधान हो जाएगा।

# मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हर्षोल्लास से मनाया ईद का पर्व

**अनंत ज्ञान, घुमारवी**

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद-उल-फितर का त्योहार वीरवार को बिलासपुर जिला में हर्षोल्लास के साथ मनाया।

बिलासपुर शहर के रौड़ा सेक्टर और घुमारवीं में स्थित जामा मस्जिद में सैकड़ों लोगों ने ईद की नमाज अता की। एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद भी दी गई। जिला की कई अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज अता की गई।

वहीं, अन्य समुदायों के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई देकर आपसी भाईचारे का परिचय दिया। रमजान का महीना खत्म होने के बाद वीरवार को ईद-उल-फितर त्योहार को लेकर चहल-पहल सुबह से ही शुरू हो गई। इस स्तर पर बच्चों में इस त्योहार को लेकर अत्यधिक उत्साह नजर आया। मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह मस्जिदों में पहुंचे।

घुमारवीं शहर में स्थित जामा मस्जिद में सैकड़ों लोग ईद की नमाज अता करने के लिए इकट्ठे हुए। एक साथ मिलकर उन्होंने नमाज अता की तथा एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। रंग-बिरंगे परिधानों में सजधज कर आए बच्चों ने बड़ों से ईदी भी मांगी। लोगों ने खुशी-खुशी ईदी देकर उनकी मुराद पूरी की।

## अन्य समुदाय के लोगों ने भी दी बधाई

**ईद**-उल-फितर त्योहार के चलते मुस्लिम समुदाय के लोगों के घरों में भी खूब चहल-पहल रही। इसके उपलक्ष्य में मीठी सेवइयां के साथ ही कई अन्य व्यंजन भी बनाए गए थे। नमाज अता करने के बाद उन्होंने सेवइयां समेत अन्य लजीज पकवानों की दावत का लुत्फ उठाया। अन्य समुदाय के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई दी।

# जयकारों से गूंजा मां नयनादेवी का मंदिर

## नवरात्र के तीसरे दिन मंदिर में मां के दर्शनों को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अनंत ज्ञान, नयनादेवी**

तीसरे नवरात्र को श्रीनयनादेवी जी में सुबह-सुबह श्रद्धालुओं ने काफी संख्या में दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माता नयनादेवी की पूजा की। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में जहां पर पूजा-अर्चना की। वहीं, पर घर की सुख-शांति के लिए हवन यज्ञ भी किया। वहीं, आज मौसम ने भी करवट ली है और सुबह से ही तेज ठंडी हवाएं चल रही है। इससे स्थानीय लोगों दुकानदारों को काफी दिक्कत का सामना भी करना पड़ा हालांकि माता जी के नवरात्र के दौरान व्यवस्था पूरी तरह से सुचारु है, जगह-जगह पुलिस तैनात की गई है।

वहीं, मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल ने बताया कि माता श्रीनयनादेवी के मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर न्यास हर तरह की सुविधा प्रदान कर रहा है और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जगह-जगह पर पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। वहीं, साफ-सफाई की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र को नौ सेक्टर में बांटा गया है और मेला सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे।



श्रीनयनादेवी मंदिर में मां का आशीर्वाद लेने के लिए उमड़ी भीड़।

## मंदिर परिसर में लगी भक्तों की लंबी-लंबी कतारें


**श्रद्धालुओं** ने माता नयनादेवी की पूजा की। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में जहां पर पूजा-अर्चना की। तीसरे नवरात्र पर आज सुबह से ही मंदिर में लंबी-लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थी।

# अनुराग ठाकुर के भारत की आजादी पर दिए बयान पर बंबर ठाकुर ने जताई हैरानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कांग्रेस पार्टी के राज्य महासचिव बंबर ठाकुर ने कहा है कि लोग सोचते थे कि मुंबइया संस्कृति से ओत-प्रोत व भारत की आजादी की लड़ाई से बिलकुल अनभिज्ञ कंगना रनौत को ही पता नहीं है कि भारत को आजादी कब मिली। किंतु उन्हें एक और साथी हमीरपुर से उन्हीं जैसे ज्ञान वाला ज्ञानी मिल गया है, जिसे केंद्र में मंत्री बनाया गया है। उसे भी नहीं पता कि देश कब आजाद हुआ है और आजादी की लड़ाई में किन लाखों लोगों ने अंग्रेजों की यातनाएं सही है।

बंबर ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कंगना रनौत को यदि इस बात का पता नहीं कि भारत कब आजाद हुआ तो कोई आश्चर्य नहीं क्यों कि फिल्मों में व्यस्त रहने के कारण उसे यह सब जानने व समझने का समय कब मिला किंतु पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र व स्वयं को क्रिकेट का बड़ा खिलाड़ी बताने वाले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को इस बात का पता नहीं तो निश्चित रूप से आश्चर्यचकित करने वाली बात है। क्यों कि उन्होने स्वयं माना है कि देश को वर्ष 2014 में ही आजादी मिली है। बंबर ठाकुर ने कहा कि वैसे भाजपा नेता यदि वर्ष 2014 से ही देश को आजाद हुआ माने तो निश्चित रूप से यह प्रमाणित हो जाता है कि भाजपा पर आरंभ से ही लग रहे यह आरोप बिलकुल सत्य है कि आजादी की लड़ाई में देश के लाखों लोगों ने तन-मन-धन को बलिदान करके संघर्ष किया तो उस समय यह पार्टी उस आजादी की लड़ाई का विरोध करके देश को गुलाम बनाने वाले अंग्रेजों का कथित समर्थन कर रही थी।



## भाजपा नेता अपने विचारों पर करे पुनर्विचार

**बंबर** ठाकुर ने कहा कि भाजपा के यह दोनों ही नेता अपने विचारों पर पुनर्विचार कर ठंडे मन से सोचे कि यदि 15 अगस्त,1947 को देश आजाद न हुआ होता तो वे मंत्री न होते और क्रिकेट के मैदान में छोटे-मोटे खिलाड़ी होकर चौके-छक्के मार रहे होते और वहीं, कंगना रनौत अभिनेत्री न होकर एक गृहिणी के रूप में अन्य करोड़ों महिलाओं की तरह जीवन व्यतीत कर रही होती। उससे भी बढ़ कर मोदीजी प्रधानमंत्री न होते और कंधे पर झोला लटकाए कहीं आरएसएस का प्रचार कर रहे होते।

**ऑडिशन** ‘टैलेंट का महासंग्राम’ के लिए 50 प्रतिभागियों ने दिया ऑडिशन

# बिलासपुर में संगीत और डांस का संगम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

टैलेंट का महासंग्राम जिसके ऑडिशन पूरे हिमाचल में हो रहे हैं उसके ऑडिशन आज बिलासपुर के भाषा संस्कृत कार्यालय में किए गए जिसमें लगभग 50 के आसपास प्रतिभागियों ने भाग लिया। उसमें प्रतिभागियों ने नृत्य संगीत डांस योगा पेंटिंग और स्पीच कैटेगरी में अपनी अपनी प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों की प्रस्तुति निर्णायक मंडल के लिए जज करना बहुत ही मुश्किल हो गया था।

निर्णायक मंडल में रश्नि शर्मा और अभिषेक डोगरा उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में वर्षा शर्मा और सुनीता जी की भूमिका अहम रही। इसी के साथ उमा शर्मा और श्रेष्ठा शर्मा ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुत योगदान दिया। इसी के साथ एंकर प्रीति शर्मा ने भी अपने जादुई शब्दों से दर्शकों को बैठने के लिए मजबूर कर दिया।

वहीं, टैलेंट का महासंग्राम जिसके ऑडिशन पूरे हिमाचल में हो रहे हैं उसके ऑडिशन आज बिलासपुर के भाषा संस्कृत कार्यालय में किए गए जिसमें लगभग 50 के आसपास प्रतिभागियों ने भाग लिया।



टैलेंट के महासंग्राम के लिए इन प्रतिभागियों ने दिया ऑडिशन।


## युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाना जरूरी

**घुमारवीं।** शांति सेवा समिति के अध्यक्ष अमरनाथ धीमान ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी को संस्कार बनाने की अति आवश्यकता है क्योंकि कुछ असामाजिक एवं राष्ट्र विरोधी तत्व युवा पीढ़ी को नशे की गर्त में धकेल कर हमारे राष्ट्र को खोखला करने में लगे हुए हैं। नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो दीमक की तरह व्यक्ति को अंदर ही अंदर से खोखला कर देती है और जब व्यक्ति अंदर से खोखला हो जाता है तो वह राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान नहीं दे सकता। राष्ट्र को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए देश की युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की अति आवश्यकता है। वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ हमारे समाज द्वारा स्थापित नैतिक मूल्यों अपने की जरूरत है शिक्षा एवं संस्कार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

# पुरानी पाइप लाइनों को बदलने का मास्टर प्लान तैयार

## सोलन शहर में नगर निगम ने कार्य को सिरे चढ़ाने के लिए जल शक्ति विभाग को सौंपा जिम्मा, 7.59 करोड़ आएगा खर्च

**आर मोहन चौहान, सोलन**




शहर में पेयजल की लीकेज से हो रही पानी की बर्बादी रोकने के लिए नगर निगम सोलन ने मास्टर प्लान तैयार किया है। इसके तहत पेयजल टैंकों के निर्माण के साथ मुख्य टैंकों को जोड़ने वाली पुरानी पाइप लाइनों को बदला जाएगा।

इस कार्य को सिरे चढ़ाने के लिए लिए सात करोड़ 59 लाख रुपए खर्च होंगे। इसकी पूरी रूपरेखा बनाने के बाद जल शक्ति विभाग के पास आधी राशि भी जमा करवा दी गई है। योजना के तहत मुख्य टैंक से चौरी घाटी क्लब टैंक और यहां से जवाहर पार्क तक मेन लाइन को बदला जाएगा। इसके लिए 1.98 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। दूसरी लाइन मुख्य पेयजल टैंक से चामुंडा कॉलोनी (कथेड़ टैंक) को बदला जाएगा। इसके लिए निगम 2.95 करोड़ रुपए खर्च करेगा। वहीं, तीसरी लाइन मेन टैंक से मोहन पार्क तक बदली जाएगी। इस योजना के लिए नगर निगम सोलन 2.34 करोड़ रुपए खर्च करेगा। वहीं, चार खंभा से राई हाउस तक मेन लाइन को चेंज किया जाएगा। इसके लिए निगम 32 लाख रुपए खर्चेगा। कुल चारों योजनाओं में साढ़े सात करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### मुख्य पेयजल टैंक के पास एक और टैंक बनाने की योजना

शहर के मुख्य पेयजल टैंक के पास निगम एक और पानी का टैंक बनाने जा रहा है। इसके लिए निगम ने डीपीआर भी तैयार कर ली है। निगम के अनुसार इसमें कुल 99 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। कुछ पैसे जल शक्ति विभाग को डिपॉजिट भी कर दिए गए हैं। इस टैंक की कैपेसिटी लगभग 12 लाख लीटर के आसपास होगी। ऐसे में जब इस टैंक का निर्माण होगा, तो शहरवासियों को पानी की समस्या का कम सामना करना पड़ेगा। हालांकि फिलहाल आचार संहिता लगने के चलते काम शुरू नहीं हो पा रहा है, लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही इस टैंक का काम शुरू हो जाएगा।

### लीकेज वाली लाइन बदली जाएगी

गर्मियों के सीजन में शहर में पानी की समस्या को कम करने के लिए निगम जल्द लीकेज वाली पुरानी पाइपों को जल शक्ति विभाग की मदद से बदलने का कार्य करेगा। निगम गर्मियों के मौसम को देखते हुए जहां एक टैंक बनाने की सोच रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ कई जगह पाइप लाइन में लीकेज की दिक्कत है। यदि मेन लाइन से लीकेज खत्म होती है, तो पानी की समस्या आधी खत्म हो सकती है। सोलन शहर तेजी से विकसित होता क्षेत्र है। यहां आबादी लगातार बढ़ने से पानी की खपत भी रोजाना बढ़ती जा रही है। निगम की मानें तो शहर में रोज 90 लाख लीटर पानी की खपत होती है। लिहाजा लोगों को पानी की दिक्कत न हो, इसके लिए निगम पाइप लाइन को चेंज करना चाहता है।

"शहर में लीकेज की समस्या के समाधान के लिए चार मुख्य पाइप लाइनों को बदला जा रहा है। इसके लिए 7 करोड़ 59 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा मुख्य पेयजल टैंक के पास 99 लाख रुपए की लागत से नए टैंक का भी निर्माण किया जाएगा। यह टैंक 12 लाख लीटर पानी की क्षमता वाला होगा।

**एकता कापटा, कमिश्नर, नगर निगम सोलन।**

# जामा मस्जिद सोलन में मुस्लिम समुदाय ने अता की ईद की नमाज



जामा मस्जिद सोलन में नमाज अता करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

ईद उल फितर के अवसर पर सोलन स्थित जामा मस्जिद में ईद की नमाज अता की गई, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अता की।

इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी व मिठाइयां बांटीं। जामा मस्जिद सोलन के इमाम मोहमद आरिफ ने बताया कि ईद उल फितर के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में नवाज अता की व देश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। गरीबों असहायों की मदद के लिए समर्थ लोगों से मदद करने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए सदका फितर 51 रुपए निकाले गए।

### ईद की मुबारकबाद

**नाहन।** नाहन में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद उल फितर का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया। आज सुबह सभी ने एकत्रित होकर सामूहिक रूप में नवाज अदा की और उसके बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## न्यूज ब्रीफ

### दाड़लाघाट स्कूल में बताया मतदान का महत्व



**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत एक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के उपप्रधानाचार्य हंसराज शर्मा ने की। राजकीय महाविद्यालय अर्की से आए नोडल ऑफिसर डॉक्टर हेमराज, डॉक्टर यशपाल और योगेश की देखरेख में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल में उपस्थित अभिभावकों, विद्यार्थियों और अध्यापकों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए और मतदान का महत्व बताते हुए जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रवक्ता विजय चंदेल ने बताया कि देश-प्रदेश के विकास के लिए किसी भी नागरिक को अपने मत का प्रयोग करना कितना अनिवार्य है।

### मतदान केंद्र तक ले जाने बारे लिया वादा

**सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्रा) सोलन में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के अंतर्गत एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपनिदेशक, उच्च शिक्षा डॉ. जगदीश नेगी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. जगदीश नेगी ने उपस्थित अभिभावकों व छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया। स्वीप नोडल अधिकारी राजेश ने विद्यार्थियों को निर्वाचन विभाग का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का संदेश दिया। स्वीप नोडल अधिकारी हेमेंद्र दत्त शर्मा ने छात्राओं को उनके घर पर 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को वोट बनाने के लिए जागरूक करने तथा प्रथम जून, 2024 को घर के प्रत्येक मतदाता सदस्य द्वारा मतदान करने के लिए उन्हें मतदान केंद्र तक ले जाने बारे वादा लिया।

### ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**सोलन।** ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज में हुए हिमायलंयस गॉट टैलेंट टीवी रियलिटी शो के लिए ऑडिशन हुए, जिसमें छात्रों और स्टाफ के सदस्यों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग कॉलेज के अध्यक्ष कृपाल सिंह पसरीचा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। हिमालय गोट टैलेंट नॉर्थ इंडिया का एक बड़ा टीवी रियलिटी शो है, जिसमें हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और देश के अन्य भागों से लोग अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाते हैं और बच्चों के लिए भी एक बहुत अच्छा मंच है। इस कॉलेज के बच्चे और अध्यापक बहुत टैलेंटेड हैं और हिमालय गोट टैलेंट के माध्यम से इनमें से विजेता प्रतिभागी नेशनल टीवी तक भी जरूर पहुंचेंगे। इसमें निर्णायक की भूमिका सोलंकी, सुप्रसिद्ध गायिका इंदुबाला, बलजिंदर सिंह और नगीन बंसल ने निभाई।

### मिलकर करेंगे विकास के कार्य : हरदीप

**बीबीएन।** नालागढ़ के रख गांव में वीरवार को धूमधाम से ईद मिलन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हरदीप बावा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर मुस्लिम समुदाय के लोगों को बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह ईद आपसी भाईचारे का प्रतीक है हमें धर्मों के साथ मिल कर अपना भाईचारा कायम रखना चाहिए। कुछ ऐसी ताकते हैं, जो आपसी भाईचारे को समाप्त करने का प्रयास कर रही हैं। उससे हमे दूर रहना चाहिए। आपस में मिल कर देश के विकास के लिए कार्य कराने चाहिए। मुलाना जावेद ने कहा कि हमे आपसी नपरत को भुला कर देश हित में कार्य करना चाहिए।

# राजगढ़ में खाद्य पदार्थों में रंगों का न करें प्रयोग : राहुल

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विनियमन निदेशालय हिमाचल प्रदेश की ओर से भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के सौजन्य से राजगढ़ में एकदिवसीय जागरूकता अभियान एवं खाद्य पदार्थों की जांच का आयोजन विभाग की मोबाइल लैब के माध्यम से किया गया।

विभाग की ओर से आए खाद्य विश्लेषक राहुल देव ने बताया कि विभाग का उद्देश्य आम जन मानस को स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना है, जिसके लिए इस मोबाइल लैब के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रो में जाकर सभी खाद्य पदार्थ बनाने व बेचने वाले विशेष कर होटलों, ढाबों मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया जाता है। सभी दुकानदारों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के बारे में जागरूक किया जाता है। इसी कड़ी में राजगढ़ में आज शहर के ढाबों, मिठाई की दुकानों व अन्य खाद्य पदार्थ बनाने वाले दुकानदारो की दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें उन्हें साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने व खाद्य पदार्थ बनाते समय शुद्धता का पूरा ध्यान रखने व खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट न करने की हिदायत दी गई।

### स्वच्छता का रखें ध्यान

इसके साथ-साथ खाद्य पदार्थ को बनाने के लिए प्रयोग होने वाले तेल का बार-बार प्रयोग न करने की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर राहुल देव ने शहर में अलग-अलग स्थानों पर दुकानों में बने खाद्य पदार्थों का मौका पर भी निरीक्षण किया और सभी को हिदायत दी कि वे खाद्य पदार्थों में रंगों का प्रयोग न करें शुद्धता एवं स्वच्छता की पूरा ध्यान रखें।

# जोहड़ जी साहिब के मेले में लगाया लंगर

**दाड़लाघाट।** सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र के पट्टा बड़ियां पंचायत के तहत आने वाले स्थान जोहड़ में इन दिनों मेले का आयोजन हो रहा है। मेले में हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़ व हरियाणा सहित अन्य स्थानों से श्रद्धालु मेले में जोहड़ जी साहिब के दर्शनार्थ के लिए पहुंच रहे हैं। मेले के मौके पर पट्टा पुल के समीप स्थानीय लोगों के सहयोग से वहां से इस मेले को जाने और आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए सेवा स्वरूप एवं सुविधा के लिए छह अप्रैल से प्रतिदिन विशाल लंगर का आयोजन हो रहा है। जहां पर श्रद्धालुओं को बड़े भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ प्रसाद वितरित किया जा रहा है। स्थानीय लोगों की ओर से चौथा लंगर जब-जब भी हर तीसरे वर्ष जोहड़ जी साहिब के मेले का आयोजन होता है।

# सभी पार्टियां आदर्श आचार संहिता का करें अनुपालन : सुमित खिमटा

**अनंत ज्ञान, नाहन**



लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव संपन्न को लेकर बैठक।

जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव संपन्न करने और चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक प्रत्याशी को बराबर का अवसर मिले इसके दृष्टिगत भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है।

विभिन्न राजनीतिक दलों एवं चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए विज्ञापन जारी करने के संबंध में एमसीएमसी के तहत कुछ दिशा-निर्देश तय किए गए हैं। सुमित ने नाहन में जिला स्तरीय एमसीएमसी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुमित खिमटा ने कहा कि एमसीएमसी लोकसभा चुनाव दौरान प्रत्याशियों की ओर से जारी होने वाले संदिग्ध पेड न्यूज पर कड़ी नजर बनाए रखेगी। समिति निर्धारित प्रक्रिया के उपरांत संदिग्ध पेड न्यूज को प्रत्याशी के खर्चे में जोड़ेगी। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से पेड न्यूज रोकने और इसे चिन्हित करने में सहयोग करने की अपील की है। केबल और सोशल मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापन के प्रसारण को पंजीकृत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल को विज्ञापन प्रसारण से तीन दिन पूर्व विज्ञापन का प्री-सर्टिफिकेशन करवाना अनिवार्य है, जबकि गैर मान्यता प्राप्त दल के लिए 7 दिन पहले विज्ञापन का प्री-सर्टिफिकेशन करवाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी सिनेमा हॉल, यूट्यूब, फेसबुक, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, रेडियो, बल्क मैसेज, वॉइस मैसेज, पेंफलैट, हैंड बिल संबंधी राजनीतिक विज्ञापन का प्री-सर्टिफिकेशन करवाना अनिवार्य है।

# 30 तक हो बालद पुल का निर्माण

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



लघु उद्योग संघ की मासिक बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

हिमाचल प्रदेश लघु उद्योग संघ की मासिक बैठक संघ कार्यालय में वीरवार को अध्यक्ष अशोक कुमार राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उद्यमियों की समस्याओं को लेकर मंथन किया गया।

इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों की बिगड़ी दशा को लेकर चर्चा की गई और टूटे हुए पुलों के निर्माण में चल रही देरी को लेकर भी गंभीरता से मामला उठाने की बात रखी। संघ ने फैसला किया कि फोरलेन निर्माण कर रही कंपनी ने अप्रैल माह के अंत तक इस पुल को शुरू नहीं किया, तो संघ के पदाधिकारी उद्यमियों सहित इस पुल पर बैठकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर देंगे। एनएचएआई को 30 अप्रैल का अल्टीमेटम दिया गया। इस प्रस्तावित धरने में बद्दी की समस्त सामाजिक संस्थाओं को शामिल किया जाएगा। उद्यमियों की इस तरह की गतिविधियां प्रदेश के निवेश के लिए अच्छा संकेत साबित नहीं होंगी क्योंकि बद्दी की घटना हिमाचल ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत को प्रभावित करती है। संघ के महासचिव अनिल कुमार ने कहा कि सरकार से हमारा निवेदन है कि फोरलेन निर्माता कंपनी को जल्द इस पुल का निर्माण कार्य पूरा करने के दिशा-निर्देश दें, ताकि रोजाना खड्डों से गुजर रहे व घंटों तक ट्रैफिक जाम में फंस रहे उद्यमियों को परेशानी से निकाला जा सके। पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम संगठन के पंजीकृत होने पर खुशी जाहिर की और इसका श्रेय संगठन के चेयरमैन विचित्र सिंह पटियाल की अथक मेहनत को दिया। उपाध्यक्ष रमेश शर्मा व सह सहिव अरुण शर्मा ने कहा कि आगामी रणनीति के लिए गवर्निंग बाडी की एक बैठक 24 अप्रैल को बुलाने का फैसला किया है।

# डीसी ने जांचा स्कूल का रिकॉर्ड

**राजगढ़।** उपायुक्त सिरमौर सुमित ने नारग शिक्षा खंड के तहत राजकीय उच्च पाठशाला मलूटी का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने इस अवसर पर विद्यालय के रिकॉर्ड की जांच की। उन्होंने विद्यालय में चल रहे मिड-डे मील योजना के तहत बच्चों को दिए जा रहे भोजन की भी जानकारी हासिल की। डीसी सिरमौर ने इस अवसर पर कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए। स्कूलों में शिक्षा के साथ-साथ स्टूडेंट्स को खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों जैसे स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों से भी जोड़ा जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# फसल खरीदने के लिए बद्दी व नालागढ़ खरीद केंद्र तैयार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**इस वर्ष 150 रुपए बढ़ाए गेहूं के प्रति क्विंटल दाम**

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने नालागढ़ व बद्दी में गेहूं खरीद केंद्र चालू कर दिए हैं। इस बार किसानों को 150 रुपए प्रति क्विंटल अधिक दाम मिलेंगे। केंद्र में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किसानों की गेहूं खरीदी जाएगी। हालांकि अभी तक एरिया में कटाई का कार्य शुरू न होने के चलते फसल खरीद केंद्र तक नहीं पहुंची है।

किसान पोर्टल पर इसके लिए बुकिंग कर सकता है। जानकारी के मुताबिक नालागढ़ में इस वर्ष 11 हजार हेक्टेयर जमीन पर गेहूं की फसल लगाई है। पहले किसान अपनी फसल बेचने के लिए पंजाब की मंडियों पर निर्भर थे, लेकिन दो तीन सालों से सरकार और विभाग ने किसानों को घर द्वार पर ही यह सुविधा मुहैया करवाई है। पहले केवल नालागढ़ की कृषि उपज मंडी में ही गेहूं की खरीद होती थी।

नालागढ़ में लंबी-लंबी लाइनें लगी होने से अब पिछले साल से मलपुर में भी गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। कृषि उपज मंडी के प्रभारी गंगा राम भारद्वाज ने बताया कि बद्दी व मलपुर में गेहूं खरीद केंद्र खोल दिए हैं। पिछले वर्ष 2125 रुपए प्रति क्विंटल रेट था, लेकिन इस वर्ष इसे 150 रुपए बढ़ा कर 2275 रुपए कर दिया है।

# क्रिकेट में मांगल वारियर्स टीम प्रथम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



मांगल में देव भूमि युवा क्लब की तरफ से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम।

दाड़लाघाट ग्राम पंचायत मांगल में देव भूमि युवा क्लब समत्याड़ी के सौजन्य से पिछले एक सप्ताह से चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 32 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में जिला सोलन कांग्रेस सचिव चौहान कृष्णा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि का आयोजकों और समस्त ग्राम वासियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। आयोजकों द्वारा मुख्यातिथि को शॉल-टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला दोगरी मंडी टीम और मांगल वारियर्स के बीच हुआ। फाइनल मुकाबले में दोगरी मंडी टीम को हराकर मांगल वारियर्स टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज मांगल वारियर्स टीम के खिलाड़ी अजय रहे। मुख्यातिथि चौहान कृष्णा ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए क्लब को बधाई दी और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। खेल समाप्ति के बाद मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों ने विजेता टीम को 31000 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की व उपविजेता टीम को 21000 रुपए व ट्रॉफी प्रदान की।

# फागू स्कूल में हवन यज्ञ कर गुरुकुल की प्राचीन परंपराओं को निभाया

**अनंत ज्ञान, नाहन**



शक संवत 2081 के आगमन और चैत्र नवरात्र के अवसर पर गुरुकुल के नाम से प्रसिद्ध राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फागू में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के सभी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों ने भाग लिया।

इस मौके पर आचार्य विवेक चैतन्य ने उपस्थित लोगों और स्कूली बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए संस्कार निर्माण और आध्यात्मिकता पर प्रकाश डाला। बता दें कि फागू में रियासत काल के दौरान गुरुकुल नाम से विद्यालय संचालित किया जाता रहा है, जिसमें क्षेत्र की अनेक महान हस्तियों ने शिक्षा ग्रहण कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। काफी वर्षों के अंतराल के उपरांत इस स्कूल में पहली बार शक संवत के आगमन और चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य पर एसएमसी अध्यक्ष यशपाल शवाइक तथा स्थानीय पंचायत प्रधान के सहयोग से हवन यज्ञ का आयोजन करके गुरुकुल की पुरानत परंपराओं को पुन: आरंभ किया गया, जिसकी पुष्टि कार्यवाहक प्रधानाचार्य रेखा भोटा ने की है।

# बांध समिति ने महाप्रबंधक पर दादागिरी करने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**



बांध प्रबंधन के खिलाफ संघर्ष समिति में रोष व्यक्त करते हुए।

रेणुका बांध जन संघर्ष समिति की बैठक समिति के मुख्य सलाहकार धर्म चंद शर्मा एवं महासचिव संजय चौहान की अध्यक्षता में पंचायत सभागार ददाहू में संपन्न हुई।

बैठक में गृह विहीन एवं भूमिहीन परिवारों से बांध प्रबंधन द्वारा मांगें जा रहे शपथ पत्र के अलावा अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इसके उपरांत संघर्ष समिति के करीब दो दर्जन पदाधिकारी रेणुका बांध परियोजना के महाप्रबंधक आर के चौधरी से इसी संदर्भ में मिलने गए, लेकिन इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी लेखा परीक्षण की टीम के साथ बैठक चल रही है। एक व्यक्ति आकर मिल लें। संघर्ष समिति ने कहा कि उनके करीब आधा दर्जन पदाधिकारी उनसे मिलेंगे इस पर भी उनकी सहमति नहीं मिली तथा चार लोग मिलने चले गए, लेकिन महाप्रबंधक विस्थापितों की बात को अनसुनी करते हुए सीधा बहसबाजी पर उतर आए तथा कहने लगे कि मैं जिलाधीश के समक्ष ही बात करूंगा तथा इस पर संघर्ष समिति ने महाप्रबंधक के खिलाफ मोर्चा खोलने की बात कही। अध्यक्ष योगेंद्र कपिला ने कहा कि महाप्रबंधक इससे पूर्व भी कई बार कोई न कोई बहाना बना कर बैठकों से किनारा कर चुके हैं, लेकिन आज की बैठक में महाप्रबंधक का व्यवहार देखकर संघर्ष समिति के लोग आश्चर्य चकित रह गए। महाप्रबंधक का संघर्ष समिति के साथ इसी प्रकार का रवैया रहा, तो शिघ्र ही संघर्ष समिति सड़कों पर उतरकर बांध प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।

**उपलब्धि** बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2024 में तीन विषयों में नंबर-1

# शूलिनी यूनिवर्सिटी ने हासिल की प्रतिष्ठित वर्ल्ड रैंकिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**





शूलिनी विश्वविद्यालय कॉरिडोर।

शूलिनी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज ने विषय-2024 के अनुसार क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के नवीनतम संस्करण में प्रतिष्ठित रैंक हासिल करके एक बार फिर अकादमिक उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की है।

विषय के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के नवीनतम संस्करण में तीन विषयों के अध्ययन के लिए विश्वविद्यालय को दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक के रूप में नामित किया गया है। इसे वैश्विक स्तर पर पर्यावरण विज्ञान में 401-450 बैंड में और भारत में नंबर एक निजी विश्वविद्यालय (कुल मिलाकर 13वां), विश्व स्तर पर रसायन विज्ञान में 551-600, भारत में नंबर पांच संयुक्त निजी विश्वविद्यालय (कुल मिलाकर 22वां संयुक्त) और 601-650 वैश्विक स्तर पर जैविक विज्ञान में और भारत में पांचवें नंबर का संयुक्त निजी विश्वविद्यालय (कुल मिलाकर 18वां संयुक्त विश्वविद्यालय) में स्थान दिया गया है। शूलिनी विश्वविद्यालय ने इस वर्ष दो और विषयों, यानी पर्यावरण विज्ञान और जैविक विज्ञान में अपनी शुरुआत की है, जबकि रसायन विज्ञान दूसरी बार सूचीबद्ध हुआ है, जो 601-630 से 551-600 रैंक ऊपर गया है। शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पीके खोसला ने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि हमारे संकाय, शोधकर्ताओं और छात्रों द्वारा की गई कड़ी मेहनत का परिणाम है, जो अपने संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए लगातार प्रयास करते हैं। प्रो. चांसलर विशाल ने कहा, हमारे संकाय, शोधकर्ता और छात्र पर्यावरण विज्ञान, रसायन विज्ञान और जैविक विज्ञान में अनुसंधान और शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास और कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए समर्पित



हम सीखने, अनुसंधान और सहयोग के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए समर्पित रहेंगे और हम शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से सकारात्मक सामाजिक प्रभाव पैदा करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। कुलपति प्रोफेसर अतुल खोसला ने कहा, कि उन्हें विषय 2024 द्वारा क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में हमारे संस्थान के असाधारण प्रदर्शन पर गर्व है। क्यूएस एक ठोस और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए, रैंकिंग संकलित करने के लिए प्रतिष्ठा संकेतक, प्रति पेपर उद्धरण और एच-इंडेक्स सहित मैट्रिक्स के एक व्यापक सेट का उपयोग करता है।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### प्रज्ञानांनदा और विदित जीते, गुकेश ने ड्रॉ के बाद संयुक्त बढ़त कायम रखी



**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानांनदा और विदित गुजराती ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण जीत हासिल की जबकि डी गुकेश ने भारतीय पुरुष टीम के लिए छठे दौर में ड्रा से संयुक्त शीर्ष स्थान बरकरार रखा। प्रज्ञानानंदा ने अजरबेजान के निजात अबासोव पर जीत दर्ज की जबकि गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को पराजित किया। गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से ड्रा खेला। अभी टूर्नामेंट में आठ दौर बचे हैं। 17 साल के गुकेश और इयान नेपोमनियाच्ची ने पुरुष वर्ग में चार चार अंक से संयुक्त बढ़त बनाये रखी है। फिडे के ध्वज के अंतर्गत खेल रहे रूस के नेपोमनियाच्ची ने अमेरिका के शीर्ष वरीय फैबियानो कारूआना से ड्रा खेला।

### पराग की हर कोई देख सकता है काबिलियत : कुमार संगकारा



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने फॉर्म में चल रहे रियान पराग की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि उसकी काबिलियत हर कोई देख सकता है, लेकिन यह नहीं कह सके कि यह युवा भारतीय टी-20 विश्व कप की टीम में जगह हासिल करने का हकदार है। आईपीएल के इस सत्र में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ियों की सूची में 22 वर्षीय पराग सिर्फ विराट कोहली से पीछे हैं, उन्होंने 261 रन बनाए हैं, जिसमें उनका शीर्ष स्कोर नाबाद 84 रन रहा। संगकारा ने कहा, ''मुझे लगता है कि हर कोई उसकी काबिलियत देख सकता है।''

### आकांक्षा सौलंके आरसी प्रो-सीरीज स्क्वाश के क्वार्टरफाइनल में

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी आकांक्षा सौलंके ने अमेरिका के सेंट लुईस में चल रहे आरसी प्रो-सीरीज स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय खेलों की मौजूदा स्क्वाश चैंपियन आकांक्षा ने बुधवार को दूसरे दौर में नार्वे की मैडेलिने हाईलैंड को 41 मिनट में 3-2 (13-15, 11-6, 9-11, 11-5, 11-6) से मात दी। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। गोवा की इस खिलाड़ी का सामना अब 15,000 डॉलर पुरस्कार राशि की पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में मिस्र की जाना स्वाफी से होगा।

## आईपीएल-2024 जीत की लय जारी रखना चाहेगी लखनऊ सुपर जायंट्स

# दिल्ली कैपिटल्स की निगाहें वापसी पर



एजेंसी, लखनऊ

दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई को शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में फॉर्म में चल रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी।

एलएसजी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर चल रही हैं और सभी विभागों में अच्छा कर रही हैं, हालांकि 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले उसके तेज गेंदबाज मयंक यादव के पेट की चोट के कारण इस मैच में खेलने की उम्मीद नहीं है। इस 21 साल के खिलाड़ी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक ओवर डाला था जिसके बाद वह मैदान से चले गए थे।

यादव की अनुपस्थिति में एक और युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने जिम्मेदारी से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और पांच विकेट अपनी झोली में डाले। उनके अलावा नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। एलएसजी के पास क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी मौजूद है।

दक्षिण अफ्रीका के डिकॉक ने अभी तक दो अर्द्धशतकीय पारियां खेली हैं, लेकिन कप्तान अभी तक अपनी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके हैं। निकोलस पूरन भी शानदार फॉर्म में हैं जो पारी के अंत में लखनऊ की टीम को बड़ा स्कोर बनाने में मदद कर रहे हैं। 6 दिनों में ही रक्तवाहिकाएं 18 साल की उम्र जैसी हो जाएंगी। बस रोज सुबह खाली पेट यह करना है। दिल्ली कैपिटल्स की सबसे बड़ी चिंता उसकी तेज गेंदबाजी इकाई है, जिसमें जरा भी धार नहीं दिखती।

### संभावित टीमें

**दिल्ली कैपिटल्स**

ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी शा, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाई होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स**

केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पांड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

### हार्दिक पांड्या पर शनि की महादशा



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या के स्टार इन दिनों सही नहीं चल रहे हैं। एक ओर जहां मुंबई इंडियंस के कप्तान बनने और टीम की लगातार हार के बाद उनकी जमकर आलोचना हो रही है तो दूसरी ओर अब उनके साथ ठगी हुई है। बताया जा रहा है कि उनके भाई ने ही चूना लगाया है। फिलहाल मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पांड्या ब्रदर्स ने सौतेले भाई वैभव के साथ मिलकर साल 2021 में पॉलिमर बिजनेस शुरू की थी। इस कंपनी में हार्दिक और क्रुणाल की हिस्सेदारी 40-40 फीसदी थी, वैभव की 20 फीसदी हिस्सेदारी थी। हिस्सेदारी के अनुसार ही मुनाफा भी उसी अनुपात में बंटना था, लेकिन वैभव ने ऐसा नहीं किया। बताया गया कि वैभव ने कंपनी के मुनाफे को एक नई कंपनी बनाकर ट्रांसफर कर दिया। वैभव की इस हरकत से हार्दिक और क्रुणाल को करीब 4.3 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

## अखिलेश गौतम के शतक से बिलासपुर की टीम बनी विजेता

अनंत ज्ञान, ऊना



स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में लाहौल-स्पीति और बिलासपुर के बीच तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बिलासपुर को जीत मिली है। लाहौल-स्पीति ने पहले खेलते हुए पहली पारी में 116 रन बनाए थे। बिलासपुर की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 350 रन बनाए। इसमें अखिलेश गौतम ने 116 रनों की शानदार पारी खेली। वरुण ठाकुर ने 35, प्रिंस ने 26, सार्थक शर्मा ने 71 और विशाल ने 24 रन बनाए।

लाहौल-स्पीति के मानस पाटिल ने 5 खिलाड़ियों को आउट किया। आयुष शर्मा ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, सुरेंद्र और आर्यन ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। दूसरी पारी में लाहौल-स्पीति की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 10 विकेट खोकर 203 रन बनाए। इसमें आयुष शर्मा 32, आर्यन कौशल ने 51, मानस पाटिल ने 32 और आयुष ने 30 रन बनाए। बिलासपुर के गेंदबाज सार्थक शर्मा ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया, प्रिंस ठाकुर और सक्षम ठाकुर ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। प्रिंस ने एक खिलाड़ी को आउट किया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बिलासपुर की टीम ने मैच को एक पारी और 31 रनों के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। खेल प्रेमियों ने बिलासपुर की टीम और कोच को जीत के लिए बधाई दी है।

### संजू सैमसन पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान उनकी टीम के धीमी ओवर गति से गेंदबाजी करने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स की चार मैच की जीत की लय तोड़ते हुए बुधवार को अंतिम गेंद के रोमांच में तीन विकेट से पराजित किया। आईपीएल के बयान के अनुसार, ''राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने 10 अप्रैल को जयपुर में सवाई मान सिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति से गेंदबाजी की।''

## एशियाड पदक विजेता ज्योति याराजी स्पेन में लेंगी ट्रेनिंग

एजेंसी, नई दिल्ली



एशियाई खेलों की पदक विजेता ज्योति याराजी के पेरिस ओलंपिक और आगामी सत्र से पहले स्पेन के टेनरिफे में ट्रेनिंग करने के प्रस्ताव को वीरवार को सरकार से मंजूरी मिल गई। 24 साल की इस धाविका ने हांगझोउ एशियाड में 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता था। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) के बयान के अनुसार वह 45 दिन के लिए स्पेन रवाना होंगी। सरकार उनके हवाई किराये, बोर्डिंग, वीजा आवेदन शुल्क, खेल मालिश खर्चा, स्थानीय परिवहन खर्चा और भत्ते सहित अन्य खर्चे उठायेगी।

एमओसी ने भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी का पेरिस ओलंपिक से पहले ट्रेनिंग के लिए 'स्पारिंग' जोड़ी के लिए वित्तीय मदद का प्रस्ताव भी मंजूर कर दिया। ये दोनों जून में मुंबई में स्कॉटलैंड के एलेक्जैंडर डुन और एडम हाल तथा इसके बाद जुलाई में इंडोनेशिया के रेन एगुंग और बेरी एग्रियावान के साथ हैदराबाद में ट्रेनिंग करेंगे।

एमओसी ने भारतीय निशानेबाज रेजा ढिल्लों और राजेश्वरी कुमार की विदेश में ट्रेनिंग का प्रस्ताव भी मंजूर कर दिया। रेजा अपने व्यक्तिगत कोच के साथ, जबकि राजेश्वरी कोच डेविड कोस्टेलेकी के साथ इटली में ट्रेनिंग करेंगी। एमओसी ने पैरा निशानेबाज राहुल जाखड़ और रूबिना फ्रांसिस का दक्षिण कोरिया के चांगवान में आगामी डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में भागीदारी का प्रस्ताव भी मंजूर कर दिया।

### एनआईए ने नक्सली संगठन के सदस्य को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड और असम में छापेमारी के बाद नक्सली संगठन 'पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया' के एक सशस्त्र सदस्य को गिरफ्तार किया है। वीरवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि एनआईए ने स्थानीय पुलिस की मदद से बुधवार को झारखंड और असम में दो-दो स्थानों पर छापेमारी की और तलाशी ली। इस दौरान झारखंड के खूंटी जिले से बिनोद मुंडा उर्फ सुक्खवा को गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी ने बताया कि आरोपी नक्सली समूह पीएलएफआई का सशस्त्र सदस्य है और वह झारखंड में पीएलएफआई से जुड़े चार मामलों में वांछित था।

### लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की अधिसूचना शुक्रवार को जारी होगी। इस चरण में 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 94 सीटों पर मतदान 7 मई को होगा। मध्य प्रदेश की बैतूल लोकसभा सीट पर भी मतदान 7 मई को ही होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 19 अप्रैल है। इस चरण में असम की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव की सभी दो, गोवा की सभी दो, गुजरात की सभी 26, जम्मू एवं कश्मीर की एक, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश की 8, उत्तर प्रदेश की 10 और पश्चिम बंगाल की चार सीटों पर मतदान होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 19 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को होगी जबकि 22 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

### खावड़ा ऊर्जा पार्क में 1.5 लाख करोड़ का निवेश करेगी अडानी ग्रीन एनर्जी

**खावड़ा।** देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लि. गुजरात में कच्छ के खावड़ा में 30 मेगावाट स्वच्छ बिजली के उत्पादन के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक विनीत जैन ने यह जानकारी दी। जैन ने कहा, ''हमने अभी खावड़ा में 2,000 मेगावाट (दो गीगावाट) बिजली क्षमता चालू की है। चालू वित्त वर्ष में यहां चार गीगावाट और उसके बाद हर साल पांच गीगावाट क्षमता जोड़ने की हमारी योजना है।'' कच्छ के खारे इलाके खावड़ा में अडाणी ग्रीन एनर्जी ने दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क बनाया हुआ है। इस ऊर्जा पार्क का बाहरी छोर पाकिस्तान के साथ लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा से सिर्फ एक किलोमीटर दूर है। इसने वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म स्त्रोतों से 500 गीगावाट बिजली के उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

### बीते साल भारत से चीन को 90 प्रमुख उत्पादों का निर्यात बढ़ा

**नई दिल्ली।** चीन को निर्यात की जाने वाली कुल 161 वस्तुओं में से लगभग 90 प्रमुख वस्तुओं का निर्यात पिछले साल बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इनमें लौह अयस्क, दूरसंचार उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे आदि शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार भारत से चीन को निर्यात होने वाली कुल वस्तुओं में से इन 90 वस्तुओं की हिस्सेदारी 67.7 प्रतिशत है, जबकि शेष 32.3 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली शेष 71 वस्तुओं का निर्यात घटा है। भारत का चीन को निर्यात चार स्तरों में पिछले साल 10 करोड़ डॉलर से अधिक बढ़ा है।

## फोन टैपिंग मामले में पूर्व पुलिस उपायुक्त गिरफ्तार

एजेंसी, हैदराबाद



पुलिस ने फोन टैपिंग मामले में गिरफ्तार एक पूर्व पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पर अब एक व्यवसायी की शिकायत के आधार पर 'अपहरण' और 'जबरन वसूली' का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि 2018 में उसका अपहरण हुआ था और तब उसे धमकी देकर अपनी कंपनी अपने बिजनेस पार्टनर को सौंपने को कहा गया था।

आठ अप्रैल को दर्ज कराई गई एक पुलिस शिकायत में एक स्वास्थ्य सेवा कंपनी की स्थापना करने वाले व्यवसायी ने कहा था कि उसके अपहरण के लिए कंपनी के चार अंशकालिक निदेशकों और हैदराबाद पुलिस की एक शाखा 'कमिश्नर टास्क फोर्स' के पूर्व डीसीपी राधा किशन राव के साथ मिलीभगत हुई थी। शिकायत में कहा गया है कि तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उन पर अपनी कंपनी के 100 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर चार निदेशकों को हस्तांतरित करने के लिए दबाव डाला था। पूर्व डीसीपी को फोन टैपिंग मामले की चल रही जांच के तहत और कथित तौर पर कुछ कंप्यूटर सिस्टम एवं आधिकारिक डाटा नष्ट करने के आरोप में 29 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। व्यवसायी की शिकायत के आधार पर, जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन में पूर्व डीसीपी, दो पुलिसकर्मियों, चार निदेशकों और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने कहा कि आगे की जांच जारी है।

### बारामूला में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन सहयोगी गिरफ्तार

**बारामूला।** सुरक्षा बलों ने वीरवार को बारामूला जिले में एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री, गोला-बारूद बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि बारामूला पुलिस को लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़े कुछ अज्ञात आतंकवादियों के बारे में सूचना मिली थी। खुफिया जानकारी में बताया गया था कि आतंकवादी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के इरादे से बारामूला शहर में घूम रहे हैं। उन्होंने बताया कि गनी हमाम बारामूला निवासी ओवैस अहमद, बासित फैयाज कालू और मीर साहब ओल्ड टाउन निवासी फहीम अहमद मीर आतंकवादियों की सहायता कर रहे थे हैं। ये सहयोगी सुरक्षा बलों की गतिविधियों, आगामी संसदीय चुनावों के मद्देनजर बारामूला में शांति प्रक्रिया को बाधित करने के लिए अपने आकाओं को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस स्टेशन बारामूला में यूएपीए अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर (संख्या 79/2024) दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच के दौरान तीनों आतंकी सहयोगियों को ओल्ड टाउन बारामूला में पकड़ा गया।

## हम हिंदू-मुसलमान नहीं, सभी धर्मों पर करते हैं बात : राजनाथ सिंह

एजेंसी, रीवा



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सबको साथ में लेकर चलते हैं। मध्यप्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा, मप्र ग्रोथ का इंजन बन गया है। जब अधिकार नहीं, कर्तव्य का बोध हो तब रामराज्य होता है। भाजपा वाले हिंदू-मुसलमान नहीं करते, सभी धर्मों की बात करते हैं। हम जो कहते हैं, वे करके दिखाते हैं।

रक्षा मंत्री सिंह वीरवार को रीवा लोकसभा क्षेत्र में मऊगंज जिले के देवतालाब में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इकोनॉमी में भारत दुनिया में 11वें स्थान पर था। आज पांचवें स्थान पर है और 2024 के खत्म होते ही भारत टॉप तीन देशों में होगा। विश्व की कोई आर्थिक शक्ति बनेगा तो वह भारत बनेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि हम जो कहते हैं, वह करते हैं। हम सोच-समझ कर और नाप-तौल कर घोषणापत्र तैयार करते हैं।

भाजपा 1984 से लगातार अपने घोषणापत्र में कहती चली आ रही है कि हमारी सरकार बनेगी, संसद के दोनों सदनों में हमें बहुमत मिलेगा तो अयोध्या की धरती पर भव्य राममंदिर बनाने से हमें दुनिया की कोई ताकत नहीं रोग पाएगी।

## सिने जगत

### चिंतपूर्णी की बेटी महक चंदेल मिस इंग्लैंड के फाइनल में





**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के चिंतपूर्णी की बेटी महक चंदेल मिस इंग्लैंड-2024 के ग्रैंड फिनाले की फाइनलिस्ट बनी है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली हिमाचली युवती हो सकती है। बेटी ने हिमाचल प्रदेश को सौंदर्य जगत में एक नई पहचान प्रदान की है। महक चंदेल विदेशी धरती पर कई मर्तबा प्रतिभा का डंका बजा चुकी है। मिस इंग्लैंड 2024 का फिनाले 16 और 17 मई को लंदन में आयोजित होगा। लंदन में आयोजित हो रही सौंदर्य प्रतियोगिता में इंग्लैंड की आठ हजार यवतियों ने हिस्सा लिया, जिसमें से कई राउंड की प्रतियोगिता के बाद 40 को मिस इंग्लैंड 2024 के फाइनल के लिए चुना गया है, इसमें महक चंदेल भी हैं। पिता अनिल चंदेल लंदन में एक कारोबारी हैं, जबकि उनकी माता इंदरपाल ओहरी चंदेल लंदन के कॉलेज में गणित की प्रोफेसर हैं, वे समाज सेवा में भी सक्रिय हैं। हिमाचली संस्कृति से गहरा लगाव रखने वाली 21 वर्षीय महक का जन्म साउथ हॉल लंदन में हुआ, वे तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी हैं। उनका मानना है कि सुंदरता बाहरी झलक के अलावा सोच और विचारों में भी होनी चाहिए।

### सारा-अनन्या के बाद किसे डेट कर रहे हैं कार्तिक?



**बॉलीवुड** का चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन प्यार में पड़ना चाहता है। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि एक्टर ने खुद बताया है। कार्तिक ने नेहा धूपिया के चैट शो में बताया कि वह पिछले दो-अढ़ाई साल से खुद पर और अपनी फिल्मों पर फोकस कर रहे हैं। वास्तव में कार्तिक आर्यन का स्क्रीन पर एक लवर बॉय की छवि बनती है। पर्सनल लाइफ की बात करें तो कार्तिक आर्यन का नाम सबसे पहले सारा अली खान के साथ जुड़ा था। इसके बाद कार्तिक का नाम अनन्या पांडे के साथ जुड़ा। इसके बाद कार्तिक का पश्मीना रोशन के साथ रिश्ता काफी चर्चा में रहा।

### टाइगर श्रॉफ ने 'बड़े मियां-छोटे मियां' में दर्शकों को किया सरप्राइज



**फिल्म** 'बड़े मियां-छोटे मियां' रिलीज हो गई है। फिल्मों में अपने अभिनय के लिए हमेशा प्रशंसा पाने वाले एक्टर को एक्शन में अपनी भूमिका को सहजता से निभाने के लिए दर्शकों से बहुत प्यार और सराहना मिल रही है। अपने इंटेंस एक्शन सीन्स से लेकर अपने मजेदार डायलॉग तक श्रॉफ ने ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने न सिर्फ दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखा, बल्कि उन्हें कई स्तरों पर सरप्राइज भी किया। कई लोगों ने श्रॉफ की एक्टिंग स्किल्स के बारे में बात करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सहारा लिया है। रिएक्शन्स को देखकर ऐसा लगता है कि यह फिल्म टाइगर के शानदार करियर में एक और ब्लॉकबस्टर साबित होने वाली है।

### दिशा पटानी ने ऑफ शोल्डर ड्रेस में गिराईं हुस्न की बिजलियां



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस दिशा पटानी इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसस में से एक हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह डॉल की तरह लग रही है। दिशा अजियो ग्राजिया यंग फैशन अवार्ड्स में इस ड्रेस को कैरी किया था। इस वीडियो में दिशा को व्हाइट गाउन में देखा जा सकता है। एक्टेस इस वीडियो में किलर पोज देती दिख रही हैं।